ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 11 दिसंबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 305 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

आरसीबी डब्ल्यूपीएल नीलामी में सभी मानकों ... पेज 10 पर

एक नजर

लोहरदगा में बड़े भाई व भाभी की टांगी से काटकर की हत्या

लोहरदगा। भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत खवास खिजरी तेतर चुआ गांव में छोटा भाई जीतू उरांव अपने सगा बड़े भाई सुकरा उरांव (50) और उसकी पत्नी गायत्री देवी (45) की हत्या रविवार को दिनदहाड़े उसके घर में घुसकर टांगी से काट कर दी। दोनों की मौत उनके घर के आंगन में ही हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना भंडरा थाना प्रभारी को दी गई। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही गांव में जाकर सुकरा एवं गायत्री देवी का शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया गया है।

कोरोना : पिछले 24 घंटे में सामने आए 166 नए मामले

नई दिल्ली। देश में एक बार फिर कोविड-19 ने दस्तक दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में रविवार को 166 कोविड के नए मामले सामने आए हैं। देश में इस समय कुल सक्रिय मामलों की संख्या 895 है। सबसे ज्यादा ताजा मामले केरल में सामने आए। सर्दियों की वजह से इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियां फैल रही है, जिसकी वजह से कोविड के मामले में बढ़ोतरी दर्ज होने की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक भारत में अब तक कोरोना वायरस से 4 करोड़ 50 लाख 2 हजार मामले सामने आए। वहीं कोरोना से मरने वालों की संख्या 5 लाख 33 हजार 306 है। बता दें कि अब तक देशभर में कोविड वैक्सीन की 220.67 करोड़ खुराक लगाई गई है।

90 वर्षीय दूल्हा व 86 वर्षीय दुल्हन ने फिर की शादी

वाराणसी। संपत्ति का लोभी बेटा मां-बाप को आपस में लड़ाकर एक दूसरे से अलग कराने का घृणित कारनामा कैसे कर सकता है, और सतर्क न्यायालय उसको कैसे सबक सीखा सकता है, इसका उदाहरण है प्रतापगढ़ की यह घटना। जहां बीते शनिवार को एक अनोखी शादी हुई। न्यायालय में एक 90 वर्षीय दूल्हा और 86 वर्षीय दुल्हन एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर फिर से एक हो गए। उनके अपने ही बेटे ने संपत्ति के लोभ में दोनों में झगड़ा करा दोनों को अलग करा दिए थे। लगभग एक साल दोनों अलग-अलग रहे, लेकिन शनिवार को अदालत ने दोनों के बीच समझौता कराकर एक करा दिया। अदालत में मौजूद सभी लोगों के सामने दंपती ने एक- दूसरे को माला पहनाया और फिर से साथ रहने का संकल्प लिया। अदालत ने उनके बेटे को सख्त हिदायत देते हुए भविष्य में ऐसी कोई हरकत करने पर कड़ी सजा देने की बात कही। बेटे ने भी हाथ जोड़कर ऐसी गलती नहीं करने की शपथ ली।

कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर पांचवें दिन भी आयकर की छापेमारी

आंकड़ा हजार करोड़ तक पहुंचने का है अनुमान

500 करोड़ रुपये की अब तक हो चुकी है गिनती

200 करोड़ से अधिक की बरामदगी मैनेजर के घर से हुई

176 बैग मिले और उनमें से 140 की गिनती हो चुकी है

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी रविवार को लगातार पांचवें दिन भी चल रही है। रांची के रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन में आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम सुबह ही पहुंच गई और कार्रवाई शुरू की, जो अब तक जारी है। लोहरदगा में छापेमारी की कार्रवाई पूरी हो चुकी है जबकि ओडिशा के आवास, कार्यालय सहित झारखंड की राजधानी रांची में रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन में छापेमारी जारी है। छापेमारी में मिले नोटों की गिनती जारी है। अबतक लगभग 500 करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं। पहले दो-तीन दिनों की छापेमारी में 300 करोड़ से अधिक बरामद हुए थे। चौथे दिन ओडिशा में सांसद धीरज साहू के मैनेजर के घर से 200 करोड़ से अधिक की बरामदगी की बात सामने आयी है। अबतक लगभग 500 करोड़ रुपये की गिनती हुई है। बताया गया है कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों से जितने नोट बरामद हुए हैं और हो रहे हैं, उनकी पूरी गिनती होने पर आंकड़ा 800-1000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। वैसे साहू के ठिकानों से मिले नोटों की गिनती जारी है। आयकर टीम को शनिवार को ओडिशा में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के मैनेजर के पास से भी 20 पेटी कैश मिले। बरामद रुपये को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा में जमा कराया गया है, जहां नोटों की गिनती की जा रही है। बताया गया कि मैनेजर के पास से आयकर विभाग की टीम को जो नकदी मिली है, वह दो सौ करोड़ से ज्यादा है। अब तक की गिनती में 200 करोड़ रुपये मिल चुके हैं।

बौध डिस्टिलरीज के प्रबंधकों से पूछताछ

सांसद धीरज साहू से संबंधित बौध डिस्टिलरीज कंपनी के ठिकाने पर भी रविवार को पांचवें दिन भी आयकर विभाग (आईटी) की छापेमारी हुई। कंपनी के दोनों मैनेजर राजेश साहू और बंटी साहू से पूछताछ की जा रही है। जब्त नोटों की गिनती एसबीआई के बोलांगीर स्थित मुख्य ब्रांच में जारी है। नोटों की गिनती पूरी की जा सके इसके लिए अधिक काउंटिंग मशीनें और मैनपावर लगाए गए हैं। इस संबंध में ओडिशा एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा ने बताया कि हमें 176 बैग मिले और उनमें से 140 की गिनती हो चुकी है। बाकी की गिनती आज की जाएगी। गिनती प्रक्रिया में तीन बैंकों के अधिकारी शामिल हैं। हमारे 50 अधिकारी इसमें शामिल हैं। लगभग 40 नोट गिनने की मशीनें यहां लाई गई हैं। 25 उपयोग में हैं और 15 बैकअप के रूप में रखी गई हैं। बताया गया है कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों से जितनी नकदी मिल रही है, उनकी पूरी गिनती होने पर आंकड़ा 800-1000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

कांग्रेस ने नकदी बरामदगी पर सांसद से मांगा स्पष्टीकरण

रांची। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू और उनके परिवार के सदस्यों और व्यापारिक सहयोगियों के आवास पर आयकर छापे में भारी मात्रा में नकदी पाए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी ने सांसद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। स्पष्टीकरण में उनसे पूछा गया है कि उनके पास इतना पैसा कहां से आया और यह पैसे किसके हैं। यह जानकारी कांग्रेस भवन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा कि सांसद धीरज साहू और उनके संयुक्त परिवार का सामूहिक कारोबार है। वह परिवार 100 वर्षों से अधिक समय से व्यवसाय में है। इतनी बड़ी मात्रा में पैसा उनके पास कहां से आया, इसकी जानकारी तो वही दे सकते हैं लेकिन चूंकि वह कांग्रेस से जुड़े हैं और राज्यसभा सदस्य हैं, इसलिए कांग्रेस ने उन्हें शो कॉज किया है।

आज अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना निर्णय सुनाएगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई सोमवार की सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ फैसला सुनाएगी। पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत हैं।

पांच सितंबर को मामले में रखा फैसला सुरक्षित : शीर्ष अदालत ने 16 दिनों की सुनवाई के बाद पांच सितंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करने वालों और केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य की दलीलों को सुना था। याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यंत दवे और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बहस की थी। केंद्र सरकार ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों-जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

केंद्र ने 370 को लेकर दिया था यह तर्क : अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का विरोध करने वाले कुछ याचिकाकताओं ने तर्क दिया था कि इस प्रावधान को निरस्त नहीं किया जा सकता था क्योंकि जम्मू और कश्मीर संविधान सभा का कार्यकाल 1957 में पूर्ववर्ती राज्य के संविधान का मसौदा तैयार करने के बाद समाप्त हो गया था। उन्होंने कहा था कि संविधान सभा के विलुप्त हो जाने से अनुच्छेद 370 को स्थायी दर्जा मिल गया है। केंद्र ने तर्क दिया था कि पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले प्रावधान को रद करने में कोई संवैधानिक धोखाधड़ी नहीं हुई थी।

भारत की प्रतिभा का कोई मुकाबला ही नहीं : उपराष्ट्रपति धनखड़

एजेंसी। नई दिल्ली

आईआईटी-धनबाद के 43वें दीक्षांत समारोह में रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत की प्रतिभा का कोई मुकाबला ही नहीं है। हम टेक्नोलॉजी को सहज ही ग्रहण करते हैं, भारत का प्रति व्यक्ति इंटरनेट डेटा कंजप्शन अमेरिका और चीन के प्रति व्यक्ति इंटरनेट डाटा कंजप्शन से भी अधिक है। देश में एक ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला, जब भारत की एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू जी को भारत का प्रथम नागरिक चुना गया जब वह राष्ट्रपति बनीं। उपराष्ट्रपति ने अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि भारत वह पहला देश है, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 को उतार कर इतिहास रच दिया है। अब वहां शिव शक्ति पॉइंट भी है और तिरंगा पॉइंट भी है, आज हमारा इसरो अमेरिका, यूके, सिंगापुर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पीएम आज लांच करेंगे विकसित भारत 2047

नई दिल्ली। पीएम मोदी आज 'विकसित भारत 2047: वॉयस ऑफ यूथ' लॉन्च करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के राजभवनों में आयोजित वर्कशॉप में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संस्थानों के प्रमुखों और फैकल्टी सदस्यों को संबोधित करेंगे, जो इस पहल की शुरूआत का प्रतीक होगा। पीएम मोदी का विजन (दृष्टिकोण) देश के युवाओं को देश की राष्ट्रीय योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के निर्माण में एक्टिव रूप से शामिल करना है।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर

आरपी सिंह। नई दिल्ली

अयोध्या रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में राममय हो गई है। देश विदेश से तरह-तरह की दुर्लभ और अति विशिष्ट पूजन सामग्री आने लगी हैं। रामलला के लिए कई शहरों में वस्त्र बनाए जा रहे हैं। पुणे में सोने के धागे से वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं। इसे कई बुनकर बना रहे हैं। ये लोग आकर दो-दो धागे बुनते हैं। इन वस्त्रों में से जो भी अच्छा लगेगा, उसे रामलला को पहनाया जाएगा। ये वस्त्र 22 दिसंबर तक तैयार हो जाएंगे। राम लला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी, 2024 को होगा। जिसमें देशभर से सात हजार से ज्यादा लोग शामिल होंगे।मंदिर के गर्भगृह में स्थापित करने के लिए रामलला की मूर्ति 15 दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगी। रामलला (श्री राम के बालरूप) की तीन मूर्तियां बनवाई जा रही हैं। इनमें से एक मूर्ति को राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। 15 दिसंबर को मंदिर न्यास की धार्मिक समिति इनमें से प्राण प्रतिष्ठा के लिए सर्वश्रेष्ठ मूर्ति को चुनेगी। इसके लिए देश के तीन प्रसिद्ध मूर्तिकार तीन मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं। अब फिनिशिंग का काम चल रहा है। इसमें दो मूर्तियां पांच साल के बाल रूप में रामलला की श्याम रंग की है, जबकि एक संगमरमर की है। मंदिर ट्रस्ट इनमें से सबसे लुभावनी प्रतिमा का चयन गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के लिए करेगा। रामलला के दर्शन के लिए 45 दिनों तक 25 हजार श्रद्धालुओं को रोजाना बुलाया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिए जोधपुर के ओम महर्षि संदीपनी रामराज आश्रम से बैलगाड़ी से 600 किलो गाय का घी 108 कलशों में आ रहा है। रामलला की स्थापना के अवसर पर रामलला के सामने जलने वाली ज्योति व प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अनुष्ठान में इस गोघृत का प्रयोग किया जाएगा। आयुर्वेद में गाय का घी सबसे शुद्ध माना जाता है और इसका उपयोग औषधियों में किया जाता है। राम मंदिर के लिए विदेश से भी अनेक अति मूल्यवान व दुर्लभ सामग्रियां आ रही हैं। थाईलैंड की अयोध्या नगरी की मिट्टी भी उपहार स्वरूप आई है। अलावा कंबोडिया से केसर की सुगंध वाली हल्दी आई है। जिसे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल करने का अनुरोध किया गया है।

- तीन प्रसिद्ध मूर्तिकार रामलला की तीन मूर्तियां 15 दिसंबर तक बना देंगे
- सर्वश्रेष्ठ एक मूर्ति को राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा
- सोने के धागे से बन रहे रामलला के वस्त्र 22 दिसंबर तक हो जाएंगे तैयार
- जोधपुर के संदीपनी आश्रम से 600 किलो गाय का घी 108 कलशों में
- थाईलैंड के अयोध्या नगरी से उपहार स्वरूप मिट्टी आई है
- कंबोडिया से केसर की सुगंध वाली हल्दी आई है
- दर्शन के लिए 45 दिनों तक 25 हजार श्रद्धालु रोजाना बुलाए जाएंगे

विष्णुदेव छग के सीएम, दो डेप्युटी सीएम

रमन सिंह बनेंगे विधानसभा अध्यक्ष

एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। रविवार को उन्हें विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। विधायक दल का नेता बनने के बाद साय ने राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्य में दो डेप्युटी सीएम भी बनाए गए हैं। अरुण साव और विजय शर्मा को राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। विजय शर्मा को डेप्युटी सीएम की कुर्सी देकर बीजेपी ने ब्राह्मण वोटर्स को साधा है। वहीं, अरुण साव ओबीसी वर्ग से आते हैं। साव बिलासपुर से लोकसभा सांसद थे और पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़े हैं। विष्णुदेव साय की छवि छत्तीसगढ़ में बेदाग है। साय, पूर्व सीएम रमन सिंह के करीबी माने जाते हैं। साय छत्तीसगढ़ बीजेपी के दो बार प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके अलावा वो सांसद और केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं। रमन सिंह को राज्य विधानसभा का अध्यक्ष बनाया जाएगा। रमन सिंह, 15 साल तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। रमन सिंह इस बार राजनांदगांव से विधानसभा का चुनाव जीते हैं। वहीं, विजय शर्मा ने कवर्धा विधानसभा सीट से कांग्रेस के कद्दावर नेता मोहम्मद अकबर को चुनाव हराया है।

मरांडी ने छग के नवनियुक्त सीएम को दी बधाई

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा को बधाई दी है। मरांडी ने कहा कि साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार जनता के लिए मोदी की गारंटी को धरातल पर तीव्र गति से उतारेगी। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने फिर एकबार बड़ा सम्मान दिया है।

शादी में हर्ष फायरिंग हर्ष या खतरनाक खूनी खेल

सुनील बादल

प्रायः सभी धर्मों में विवाह को बहुत ही पवित्र संस्कार माना गया है और किसी भी परिवार के लिए यह जीवन की बहुत ही महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है जब किसी अनजान परिवार की एक सदस्य उनके परिवार की महत्वपूर्ण अंग बन जाती है। ऐसे मौके पर जब संचार के साधन नहीं थे तब शोर-शराबे या जोर शोर से बाजे बजाए जाते थे जिसका प्रचलन मुगल काल में बहुत बढ़ा। इसके पीछे कारण यह था की सभी जान जाएं कि विवाह समारोह आयोजित हुआ। विवाह संस्कार में वैदिक सनातनी रीति रिवाज में मुख्य था

अग्नि के समक्ष पाणिग्रहण पर अब प्रायः सभी संप्रदायों में विवाह के समय भव्यता के प्रदर्शन की सीमाएं लांघी जा रही हैं और बिहार,झारखंड,यूपी,मध्य प्रदेश से लेकर दिल्ली तक में खुशी प्रकट करने के लिए हथियारों का गैर कानूनी प्रदर्शन से लेकर फायरिंग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे कई बार लोग मारे जाते हैं और खुशियां मातम में बादल जाती हैं । बहुत बार मामला प्रकाश में तभी आता है जब कोई बड़ी घटना घट जाती है। लाइसेंसी हथियार से भी आत्म रक्षार्थ छोडकर हथियारों का प्रदर्शन या गोली चालन कर भय उत्पन्न करना अपराध है और आर्म्स ऐक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है। शादी के मौसम में इसकी भयावहता समझने के लिए पिछले लगभग एक सप्ताह की घटनाओं पर नजर डालते हैं।

कल उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के आसपुर देवसरा क्षेत्र में शादी की खुशी में चलाई गई गोली लग जाने से 16 वर्षीय एक दलित लड़के की मौत हो गई। दो दिन पहले हर्ष फायरिंग में एक भाजपा नेता को गोली लगने के बाद पटना के एक अस्पताल में भर्ती किया गया है। गाजियाबाद में शादी के पंडाल में गोली चलाते हुए नाचा युवक, वीडियो वायरल होने पर पकड़ा गया। तीन दिन पहले गाजियाबाद में एक प्रोग्राम में एक युवक की फायरिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था पुलिस फायरिंग करने वाले युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दो दिन पहले जालंधर ढिलवां रोड पर स्थित एक जन्मदिन की पार्टी दौरान गोली चलने से एक 35 वर्षीय युवक की मौत होने का समाचार मिला है। मृतक की पहचान तरनतारन निवासी दलजीत सिंह के रूप में हुई है, जोकि एन.आर.आई. है, दलजीत सिंह अमरीकन नागरिक है। गोली उसके साढू द्वारा अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से ही चलाई गई थी। छह दिन पहले पंजाब के खन्ना शहर के मलेरकोटला रोड स्थित गांव ईसड़ू के एक मैरिज पैलेस में मंगलवार शाम शादी के दौरान अचानक गोली चलने से एक बाराती की मौत हो गई। कल संभल में मैनेजर को मारी गोली, शादी में हुई थी कहासुनी। पिछले हफ्ते भोजपुर में शादी के दौरान हर्ष फायरिंग, दूल्हे के भतीजे को लगी गोली। ग्रेटर नोएडा वेस्ट समधी हत्याकांड के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 40 बैंक्वेट हॉल को नोटिस भेजा, प्रोग्राम की बुकिंग से पहले मांगेंगे हथियार नहीं लाने का शपथ पत्र।

इस मामले में बिहार में कड़ी कार्रवाई हो रही है पटना एसएसपी ने कुछ दिनों पूर्व एक निर्देश जारी किया था कि कोई हर्ष फायरिंग करेगा तो दो साल की कैद और एक लाख रुपए जुमार्ना भरना पड़ेगा। हथियार का लाइसेन्स जब्त होगा सो अलग। झारखंड में ऐसा कोई निर्देश तो नहीं पर एक अवकाशप्राप्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन कर भय उत्पन्न करना आर्म्स एक्ट में दंडनीय अपराध है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

टेंडर दिलाने के नाम पर 1.42 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अन्जनेया इंटरप्राइजेज के मालिक से ट्रांसफरमर का टेंडर दिलाने के नाम पर 1.42 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की गई है। धोखाधड़ी का आरोप गुजरात की कंपनी एलाटांटा इलेक्ट्रोनिक प्राइवेट लिमिटेट के डायरेक्टर निरल के पटेल, बिजनेस हेड एके माथुर, सीनियर मैनेजर राजेश कुंटे और डीजीएम गौरव दलवाड़ी पर लगा है। इस संबंध में पतित पावन बनर्जी ने निरल, एके माथुर, राजेश गौरव के खिलाफ जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप है कि एलटांटा कंपनी ने अन्जनेया इंटरप्राइजेज के साथ जेयूएसएनएल से टेंडर राशि का कुल 4.5 प्रतिशत देने का एग्रीमेंट किया। मगर कंपनी ने ट्रांसफरमर लगवाने के बाद अन्जनेया कंपनी को राशि ही नहीं दी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पतित पावन बनर्जी की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि झारखंड उर्जा संचरण निगम लिमिटेड ने ट्रांसफरमर लगाने का टेंडर निकाला था। उनकी अन्जनेया कंपनी टेंडर दिलाने का काम किया करती थी। 22 मार्च 2021 जेयूएसएनएल ने टेंडर निकाला। एलटांटा कंपनी ने उनसे संपर्क किया, कहा कि वह ट्रांसफरमर सप्लाई और इंस्टालेशन का काम करती है। कंपनी ने उनसे कहा कि वह उनकी तरफ से टेंडर प्रक्रिया करे और मिलने पर उन्हें टेंडर की राशि का साढ़े चार प्रतिशत(1.45 करोड़ रुपए) दिया जाएगा।

उपराष्ट्रपति ने जमशेदपुर के जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लेटिनम जुबिली समारोह को किया संबोधित

जमशेदपुर नवाचार और उद्यम का प्रतीक : जगदीप धनखड़

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज अपनी एकदिवसीय यात्रा पर झारखंड पहुंचे, उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका झारखंड राज्य का प्रथम दौरा है। अपनी इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति ने जमशेदपुर के जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लेटिनम जुबिली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा भारत आज तेज गत से विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है और यह अब बढ़त अजेय है, भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी बनने की राह पर हैं, हमने यूके को पीछे छोड़ा है और अब जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ने वाले हैं। विश्व बैंक के अध्यक्ष के बयान का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ने कहा कि विश्व बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने डिजिटल क्षेत्र में पिछले एक दशक में जो करिश्मा किया है वह 47 सालों में भी संभव नहीं था। उन्होंने आगे कहा कि आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, हमारे यहां जितना डिजिटल ट्रांजेक्शन होता है वह अमेरिका, यूके, फ्रांस और जर्मनी के ट्रांजेक्शन से चार गुना से भी अधिक है। उन्होंने कहा हमारी प्रतिभा का तो कोई मुकाबला ही नहीं है। हम टेक्नोलॉजी को सहज ही ग्रहण करते हैं, भारत का प्रति व्यक्ति इंटरनेट डाटा कंजप्शन अमेरिका और चीन के प्रति व्यक्ति इंटरनेट डाटा कंजप्शन से भी अधिक है। जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट कीसराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा जमशेदपुर नवाचार और उद्यम को परिभाषित करता है। यह संस्थान उसी प्रतीक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने ढाई साल में संसद के नाम नया भवन का निर्माण किया है वह देखने लायक है। उसके अंदर की तकनीकी नजारा देखकर हम स्तब्ध रह जाते हैं, इतने विशाल भवन का निर्माण इतने कम समय में किसी भी देश के द्वारा आज तक संभव नहीं हुआ। उपराष्ट्रपति ने भारत की उपलब्धियां की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया के शीर्ष दस कन्वेंशन सेंटर में से दो कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम और यशोभूमि आज भारत में मौजूद हैं उन्हें देखकर भारत की बदलती तस्वीर का अंदाजा लगाया जा सकता है। भारत की तकनीकी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज हमें लीक से हटकर सोचना पड़ेगा। आपके पास सीखने के लिए तकनीकी है कुछ ऐसी टेक्नोलॉजी है जिन पर चर्चा करते हैं तो लगता है दुनिया कितनी जल्दी बदल रही है।

धनबादः भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर : उपराष्ट्रपति

धनबाद। देश विकास के रास्ते पर है. आज हम तकनीकी रूप से इतने सक्षम हैं कि हम विकसित देशों जैसे जापान, सिंगापुर, हांगकांग के उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करते हैं. तो वहीं यूके, जर्मनी, फ्रांस जैसे देशों से दो गुना से अधिक डिजिटल पेमेंट मोड या इंटरनेट डाटा का उपयोग करते है. यह सब उच्च शिक्षण संस्थानों के सहयोग व तकनीकी विकास से संभव हो पाया है. उच्च शिक्षण संस्थान ही सही मायने में देश के विकास के इंजन हैं. यह बातें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आईआईटी-आईएसएम में कही. वे संस्थान के पेनमेन हॉल में आयोजित 43वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपकी डिग्री केवल शैक्षणिक प्रगति का प्रमाण नहीं है. यह आपके समर्पण दृढ़ता और क्षमता का प्रतीक भी है. दीक्षांत समारोह में प्रमाण पत्र लेने के लिए जुटे विद्यार्थियों से उपराष्ट्रपति ने अपील की कि संस्थान के बाहर नया एनवायरमेंट आपका इंतजार कर रहा है. आप अपने परिवार से ऊपर उठकर देश व समाज के लिए योगदान करें. उन्होंने पास आउट विद्यार्थियों से हमेशा संस्थान, फैकल्टी व उनसे जुड़े रहने की अपील की, जिनकी बदौलत उन्होंने सफलता पाई है. उन्होंने कहा कि एकेडमिक पढ़ाई का अंत नहीं है. जीवन में हमेशा सीखते रहें.

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम अंडर 14 क्रिकेट टीम का चयन 12 दिसंबर को

चाईबासा। झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आगामी 22 दिसंबर से आयोजित होनेवाले अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पश्चिमी सिंहभूम टीम का चयन मंगलवार 12 दिसंबर को 9 बजे से स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर होगा. सज्जन शर्मा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय जूनियर चयन समिति की देखरेख में टीम को अंतिम रुप दिया जाएगा. जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि पहले यह ट्रायल 8 दिसंबर को होना था. लेकिन बारिश के कारण पीच एवं आउटफील्ड की स्थिति खेलने योग्य नहीं होने के कारण चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया. कल होने वाले चयन प्रक्रिया में वही खिलाड़ी भाग लेंगे. जिन्होंने अपना निबंधन जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में 7 दिसंबर को कराया है तथा जिनके सारे आवश्यक दस्तावेज सही पाए गए हैं.

जमशेदपुर : कांग्रेस की गंगोत्री से ही पनपा है देश में भ्रष्टाचार : अमर बाउरी

जमशेदपुर। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से 300 करोड़ से अधिक की नकद बरामदगी एवं पूरे राज्य में सत्ता संरक्षित भ्रष्टाचार और खनिज संपदाओं की खुली लूट के मुद्दे को लेकर भाजपा ने रविवार को साकची बड़ा गोलचक्कर पर ह्यविशाल धरना-प्रदर्शनह्ण किया. इस धरना-प्रदर्शन में चंदनकियारी के विधायक, पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, अभय सिंह समेत अन्य मुख्य रूप से शामिल थे. भाजपाइयों ने हाथों में बैनर लेकर विरोध जताया साथ ही हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो और हेमंत सोरेन चोर है जैसे नारे लगाए. प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और झामुमो के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. अमर बाउरी ने इस घटना की जांच ईडी से करने की मांग की है. साथ ही ऐसे लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर यह भी पता लगाने की मांग की है कि इतने नकदी पैसे कहां से, किस कारण से और किसके स्त्रोत से आए है ताकि भ्रष्टाचार की गंगोत्री को बंद किया जा सके.

गिरिडीह पुलिस ने तीन किमी दौड़ाकर छह साइबर अपराधियों को धर दबोचा

गिरिडीह। बराकर नदी के किनारे बैठकर ठगी कर रहे छह साइबर अपराधियों को पुलिस ने तीन किमी दौड़ाकर धर दबोचा है. जानकारी के अनुसार, एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि बराकर नदी के किनारे बैठकर साइबर अपराधी ठगी कर रहे हैं. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस की टीम वहां पहुंची और तीन किलोमीटर दौड़ा कर छह साइबर अपराधियों को पकड़ा. गिरफ्तार साइबर अपराधियों में पवन कुमार मंडल, लव कुमार, सतीश मंडल, छोटी कुमार, कृष कुमार और सोनू कुमार शामिल है. पुलिस ने इनके पास से 12 मोबाइल, 18 सिम, 21 एटीएम, 4 पैन कार्ड, 2 आधार कार्ड और 8.29 लाख रुपए बरामद किये हैं. एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से उनके पैन कार्ड भी बरामद किये गये हैं. इसके जरिये उनकी जितनी भी संपत्ति है और खाते में पैसे हैं, सभी को फ्रीज कराया जायेगा. कहा कि इस संबंध में सरकार को जल्द ही पत्र लिखा जायेगा.

बोकारो : कुएं में मिला दो दिनों से लापता राजमिस्त्री का शव

बोकारो। बोकारो जिले के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के सोनाबाद गांव से पिछले दो दिनों से लापता 60 वर्षीय राजमिस्त्री दुखन महतो का शव शनिवार दोपहर गांव के समीप एक कुएं में मिला. कुएं में शव की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पिंड्राजोरा पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला. मृतक के पुत्र भोलानाथ महतो और राधेश्याम महतो ने बताया कि उनके पिता दो दिन पूर्व गांव में ही एक शादी पार्टी में गए हुए थे, उसके बाद घर नहीं लौटे. काफी खोजबीन करने के बावजूद उनका पता नहीं चल पाया. गांव के ही एक कुआं में उनका शव तैरता हुआ ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी. कुछ लोगों ने आशंका जतायी कि जब वह शादी की पार्टी से लौट रहा होगा इसी दौरान जमीन से सटे इस कुएं में गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई होगी. घटना की सूचना के बाद स्थानीय पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय कुमार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए वाहन की व्यवस्था की. पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है.

गिरिडीह : भाजपा ने प्रदर्शन कर कांग्रेस और हेमंत सरकार से मांगा जवाब

गिरिडीह। राज्यसभा सांसद धीरज साहू के दर्जन भर ठिकानों से आईटी रेड में बरामद 500 करोड़ की नगदी अब कांग्रेस के गले की फांस बनती जा रही है. पार्टी आलाकमान के निर्देश पर रविवार को भाजपा द्वारा शहर में हेमंत सरकार और कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष महादेव दुबे कर रहे थे. कार्यक्रम में जमुआ विधायक केदार हाजरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहू, चुन्नूकांत, संदीप डंगाईच, सुभाष चंद्र सिन्हा, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, तनुजा सहाय, धनवार भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रंजीत राय, नवनीत सिंह, मोती लाल उपाध्याय, प्रकाश सेठ, कुसुम सिन्हा समेत काफी संख्या में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा सर्कस मैदान में जुटा. सर्कस मैदान से झंडा बैनर लिए निकले भाजपाइयों ने कांग्रेस और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. शहर के कई इलाकों के भ्रमण के दौरान नेताओं ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ भी नारेबाजी की, तो हेमंत तो राज्य का सबसे भ्रष्ट सरकार बताया.

एक नजर

कपडे सुखाने के दौरान मां-बेटी को लगा करंट स्थिति नाजुक

धनबाद। लोयाबाद थाना क्षेत्र के कनकनी में रविवार को करंट लगने से मां-बेटी घायल हो गई. आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से दोनों को एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया. दोनों का इलाज वहां चल रहा है, स्थिति नाजुक बताई जा रही है. बताया जाता है कि कनकनी चार नंबर निवासी आउटसोर्सिंग कर्मी सुरेन्द्र चौहान की पत्नी फुलवा देवी और पुत्री बरखा कुमारी अपने घर के आंगन में लगे तार पर कपड़ा पसार रही थी, तभी अचानक उसमें करंट दौड़ गया और दोनों उसकी चपेट में आ गए. तार पोल से बंधा था और किसी अन्य तार के संपर्क में आने के कारण उसमें करंट आ गया, जिसकी चपेट में आकर दोनों घायल हो गए.

चाईबासा : महिला कॉलेज में मना मानवाधिकार दिवस

चाईबासा। महिला कॉलेज चाईबासा आईक्यूएसी और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मानवाधिकार दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह उपस्थित थे. सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. डॉ सुचिता बाड़ा ने सभी अतिथियों एवं छात्राओं का स्वागत किया. मौके पर राजीव कुमार सिंह ने मानवाधिकार दिवस 2023 के थीम ह्यस्वतंत्रता, समानताह्ण और सभी के लिए न्याय पर अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि हमें साइकोलॉजिकल इक्वालिटी और फ्रीडम को समझना जरूरी है. आज के समय में हमें पॉजिटिव माइंड सेट करने की जरूरत है. हमें खुद को किसी से कम नहीं समझना है. कार्यक्रम में डालसा विकास दोदराजका ने कार्यों को उदाहरण प्रस्तुत किया.

गावां के चार घरों में चोरी लाखों की संपत्ति ले उड़े चोर

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। गावां प्रखंड में पुलिस की उदासीनता के कारण चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. एक के बाद एक अलग-अलग पंचायतों से चोरी की घटनाएं सामने आ रही है. पिछले एक माह में दर्जनों से अधिक घर, दुकान और खेत में चोरी की घटनाएं हुई है. लेकिन पुलिस इन चोरों को पकड़ने में असफल साबित हो रही है. बता दें कि शनिवार की देर रात गावां थाना क्षेत्र के जिबड़ी गांव में एक ही दिन 4 बंद घरों से लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली गई. इस घटना के बाद परिजनों में मायूसी छाई हुई है. जिबड़ी गांव निवासी विजय यादव के घर से चोरों ने बेटी की गौना के लिए रखा जेवरात, कपड़ा, बर्तन, नकद राशि सहित 3 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली. विजय यादव ने बताया कि परिवार के सभी लोग घर में जानवर को बांधकर रात में सोने के लिए बगल के नये घर में चले गए. सुबह जब उठकर जानवर खोलने के लिए गया तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ है, वहीं बक्सा में बेटी के गौना के लिए रखा सारा सामान गायब है. जिसके बाद इसकी सूचना गांव वालों व पुलिस को दी.

झामुमो के क्रीड़ा मोर्चा सचिव ने समर्थकों संग थामा आजसू का दामन

जमशेदपुर। आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी की अदला-बदली तेज हो गई है. विभिन्न दलों के नेता पार्टी बदल कर अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में जुटे हैं. इसी क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के क्रीड़ा सचिव धीरज यादव ने रविवार को आजसू का दामन थाम लिया. उन्होंने रांची स्थित आजसू कार्यालय में आयोजित एक समारोह में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो की उपस्थिति में आजसू की सदस्यता ग्रहण की. उनके साथ जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के लगभग 200 कार्यकर्ता भी पार्टी में शामिल हुए. इधर रांची से जमशेदपुर पहुंचने पर शाम में मखदुमपुर फाटक के पास समर्थकों ने धीरज यादव का भव्य स्वागत किया गया. पारंपरिक ढोल नगाड़ों और मांदर की थाप पर थी आदिवासी कलाकारों के साथ समर्थकों ने फूलमाला पहनकर उनका स्वागत किया. फाटक से सिदो कान्हू चौक तक रैली निकाली गई, जहां पहुंचकर धीरज यादव ने सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.

तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरू

50 हजार बच्चों को ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। चैताडीह स्वास्थ्य केंद्र में आज रविवार को विधिवत तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हुआ. अपर समाहर्ता विल्सन ढींगरा, सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा, नेशनल मॉनिटर डॉ. बोका उरांव, उपाधीक्षक डॉ. एपीएन देव ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरूआत की. मौके पर अपर समाहर्ता विल्सन ढींगरा ने कहा कि भारत में पोलियो लगभग समाप्त हो चुकी है. लेकिन पड़ोसी देश की वजह से पोलियो का खतरा अभी भी बना हुआ है. कहा कि हर अभिभावक को पोलियो की खुराक अवश्य पिलानी चाहिए. सिविल सर्जन डॉ मिश्रा के अनुसार, गिरिडीह में 0-5 आयु वर्ग के 4,91, 299 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है. इनमें बगोदर में 58586, बेंगाबाद में 37843, बिरनी में 34077, देवरी में 36538, डूमरी में 37307, गांडे में 34521, गांवा में 26945, जमुआ में 52768, धनवार में 33707, सदर प्रखंड में 57124, तीसरी में 12251 और शहरी क्षेत्र में 22936 बच्चों को पोलियो खुराक दी जायेगी.

कांडारा और कुरा पंचायत में खुशी चौपाल का आयोजन

गांव की माटी गुनगुनाती है खुशियों के गीत फिर तनाव कैसा, सकारात्मक रहें, खुश रहें

नवीन मेल संवाददाता

चास(बोकारो)। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के तत्वावधान में रविवार को खुशी रथ कांडारा और कुरा पंचायत तक पहुंची। दोनों पंचायत में खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। कांडारा पंचायत में उपमुखिया संध्या देवी और कुरा पंचायत में मुखिया मंटू दास ने चौपाल का संचालन किया। मौके पर खुशी क्लास के संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि प्रकृति ने बहुमूल्य जिंदगी जीने के लिए दी है, गुजारने के लिए नहीं। खुशी के साथ ही हम जिंदगी जी सकते हैं। तनाव, टेंसन में हम नारकीय अंदाज में सिर्फ जिंदगी गुजार सकते हैं। यह खुशी सकारात्मक भाव से ही आती है। कितनी भी झंझावतें आएं, सकारात्मकता का साथ कभी नहीं छोड़ें। यही सकारत्मकता हमें सभी दिक्कतों से उबार कर खुशियों से भर देती है। हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति महामारी का रुप लेते जा रही है। समाज से इसे भगाना है। इसे हम खुशी-सकारात्मकता के साथ ही भगा सकते हैं। गांव की माटी सिर्फ फसल नहीं उपजाती, खुशियों की गीत भी गाती है। बस इसे महसूस कर दिल में उतार लें। मौके पर कांडारा के अनुपमा पांडे ने कहा- खुशी क्लास की जरूरत हर घर को है। छोटे-छोटे कारण से लोग आत्महत्या कर ले रहे हैं। तनाव और टेंसन घर की खुशियां छीन रही है। हम सभी खुशी दूत के रुप में खुशी परिवार से जुड़कर गर्व महसूस करेंगे। कुरा पंचायत में मुखिया मंटू दास ने कहा कि खुशी क्लास समाज में जादुई परिवर्तन ला सकती है। बस इसके संदेश को अमलीजामा पहनाने की जरूरत है। अंत में खुशी क्लास संचालक मुकेश सिंह चौहान ने सभी से आशीर्वादी, नेग, दक्षिणा मांगा कि आप सभी खुश और सकारात्मक रहने का सच्चा वादा दे दें।

साकची में केयर नेत्रम ने लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था हेल्प एंड हेल्प के सौजन्य से केयर नेत्रम की ओर से रविवार को साकची स्थित रिफ्यूजी कॉलोनी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के चैयरमेन सरदार शैलेंद्र सिंह, प्रधान भगवान सिंह एवं महासचिव अमरजीत सिंह समाजसेवी कंचन सिंह व अनिल सिंह मौजूद थे. सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस दौरान संस्था के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया. मौके पर चिकित्सकों ने कुल 84 लोगों के आंखों की जांच की गई. जीरो से 16 साल तक के बच्चे को निःशुल्क चश्मा एवं 16 से ऊपर वाले लोगों को चश्मा रियायत दर पर दिया गया.

आस्था

श्रीश्री नरसिंह बाबा की प्रतिमा स्थापना अनावरण महायज्ञ शुरू

नरसिंह आश्रम से महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। नरसिंह आश्रम परिसर स्थित पांच दिवसीय श्रीश्री संत नरसिंह बाबा की प्रतिमा स्थापना अनावरण महायज्ञ आयोजन का भव्य शुभारंभ हुआ. समाधि स्थल पर बाबा की आदमकद प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए रविवार को महिलाओं ने कलश शोभा यात्रा निकाली. कलश यात्रा पूरे नगर का भ्रमण के पश्चात यज्ञ मंडप पर स्थापित की गई. वाराणसी से आए आचार्य पंडितों ने यज्ञ संकल्प करने के उपरांत प्रथम दिवसीय यज्ञ मंडप प्रवेश अनुष्ठान की विधिवत पूजा की. यज्ञ अनुष्ठान आयोजन समिति के प्रमुखकर्ता ने बताया कि पांच दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान 10 से 14 दिसंबर तक चलेगा. प्रथम दिन कलश यात्रा, यज्ञ मंडप प्रवेश, दूसरे दिन मंडप पूजन, मूर्ति संस्कार, तीसरे व चौथे दिन लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हवन पूजन सम्पन्न होगा. पांचवें दिन महायज्ञ की पूणार्हुति होगी. इसमें सुबह नगर भ्रमण के दौरान मूर्ति की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी. योगी संत नरसिंह बाबा की समाधि स्थल पर मूर्ति की स्थापना कर अनावरण किया जाएगा. साथ ही अपराह्न एक बजे से सार्वजनिक महाभोग-भंडारा का आयोजन होगा.

मानगो वसुंधरा एस्टेट में कलश यात्रा 25 को शिव कथा 26 से

जमशेदपुर। मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा एस्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा 25 दिसम्बर को कलश यात्रा एवं व्यास पूजन से शुरू होगा. 26 दिसम्बर से श्री शिव महापुराण कथा का प्रसंग रोजाना संध्या 04 से 07 बजे तक होगा. यह एक जनवरी तक चलेगा. श्रीधाम वृन्दावन के स्वामी वृजनंदन शास्त्री जी महाराज शिव कथा का व्याख्यान करेंगे.

चाईबासाः पशु चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। टोंटो प्रखंड के बड़ा झींकपानी स्थित हाट परिसर में रविवार को करीब 24 लाख 94 हजार रुपए की लागत से बनने वाली प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय भवन निर्माण हेतु शिलान्यास कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपक बिरुवा उपस्थित हुए। चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पशु चिकित्सालय भवन के निर्माण हेतु विधि विधान के साथ नींव का पूजन किया गया। मौके पर विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य को शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रखंड में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय खुलने से पशुपालन के क्षेत्र में जुड़े किसानों को काफी लाभ मिलेगा। इसके साथ ही पशु स्वास्थ्य चिकित्सा मिलने से किसानों को पशुपालन में बेहतर मुनाफा बढ़ने की संभावना अधिक होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अधिकतर किसान खेती बारी के साथ मिश्रित कृषि में पशुपालन कर अपने परिवार का आजीविका चलाते हैं। बेहतर पशुओं को बेहतर चिकित्सा मिलने से और लोग भी पशुपालन से जुड़ने का मन बना सकते हैं। जिससे अधिक पशुधन से किसानों की स्थिति में सुधार आने की संभावना बढ़ सकती है। कहा कि सरकार ने किसानों, पशुपालकों को लाभान्वित करने के लिये कई कल्याणकारी योजनायें चलायी है।

एक नजर

झारखंड अंडर 19 स्कूली बैडमिंटन टीम आंध्र प्रदेश रवाना

रांची। 67 नेशनल स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता आगामी 12 से 16 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड अंदर-19 बैडमिंटन टीम आज यहां से रवाना हो गई। होटवार के खेलगांव में 21 दिवसीय का प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में चली। बालक वर्ग में साजन कुमार, सपन नील, लायक, अंकित गोप और अब्बू रियान शामिल है। जबकि बालिका वर्ग में श्रुति, अनामिका घोष, वैष्णवी सिंह, भूमि, अलीशा और गुड़िया शामिल है। प्रशिक्षक गुलाम बाकी, मैनेजर सोनी कुमारी को बनाया गया है।

एसजीएफआई अंडर 17 टीम गठित

प्रतियोगिता के लिए भी टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम आगामी 15 दिसंबर को बड़ौदा के लिए रवाना होगी। इस टीम का भी प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में संपन्न हुई है। पूरी टीम इस प्रकार है आश, गोपाल, दीपक महतो, सचिन, मोहित राज। वहीं बालिका वर्ग में नंदिता सेन, आस्तिक सिंह, होली साक्षी को शामिल किया गया है। कोच रवि केशरी, मैनेजर बीना लकड़ा को बनाया गया है। टीम रवाना होने से शिक्षा सचिव के रवि कुमार, निर्देशक किरण पासी और धीर सेन सोरेन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

सीसीसी इंट्रा क्लब बैंडमिंटन चैंपियनशिप में केएस क्वाद्री एंड रिशु की जोड़ी बनी विजेता

रांची। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित कंट्री क्रिकेट क्लब के द्वारा सीसीसी इंट्रा क्लब बैंडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन जेएससीए स्टेडियम के बैंडमिंटन कोर्ट में हुआ। प्रतियोगिता में 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन 24 खिलाड़ियों को 11 टीमों में बांटकर डबल्स प्रतियोगिता आयोजित किया। इस अवसर पर जेएससीए के सचिव देवाशीश चक्रवर्ती, सीसीसी चेयरमैन स्पोर्टस राजीव रंजन, सुशील कुमार,अर्चित आनंद ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सीसीसी के बैंडमिंटन कोच बिरेंद्र शर्मा, आदिल हसन, आशीष कुमार आशुतोष द्विवेदी, हर्ष रंजन, अभिजीत कुमार, मिलन प्रीत सिंह, अभिजीत दत्ता, विकास कुमार, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर के एस कादरी एवं ऋषभ की जोड़ी रही।

श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 को बांटे गये भोजन

रांची। प्रणामी समाज के सदस्यों के सहयोग से 124 वॉ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। रविवार श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवं शिष्यों के सौजन्य से किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम मंदिर के प्रांगण मे संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, कार्यक्रम सह संयोजक ओम प्रकाश सरावगी एव अंजनी अग्रवाल ने अपने भतीजे संग 1300 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच भंडारे का वितरण किया।

जाममुक्त करने के सभी प्रयास विफल आधी सड़क पर फुटपाथ दुकानदारों का कब्जा

मेन रोड के फुटपाथ में फिर सजने लगी हैं दुकानें, जाम से रहते हैं लोग हलकान

रवि चंद कपूर, रांची

मेन रोड में जाने की बात से ही राजधानी रांची के लोगों के मन में जाम और परेशानी की तस्वीर उभर जाती है। मेन रोड पहुंचने से पहले ही वहां जाने वाले मान लेते है कि उन्हें और उनके वाहन को जाम में फंसना तय है। ऐसा इसलिए होता है कि मेन रोड से कचहरी चौक तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ दुकान एवं ठेला-खोमचा लगाये जाते है, वह भी सड़क के उपर। दुकानें सजने और वहॉ खरीदारी के लिए भीड़ लगने के कारण सड़क की चौड़ाई आधी हो जाती है। इसके अलावा टोटो ऑटो और रिक्सा चालक भी सड़क पर अपने वाहन खड़ा कर यात्रियों का इंतजार करते हैइससे जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के कारण कचहरी चौक से लेकर ओरवब्रिज तक वाहनों को रेंगना पड़ता है। दोपहर के बाद तो जाम की स्थिति और खराब हो जाती है। ऐसा नहीं कि इस जाम में सिर्फ आम लोग फंसते है। बल्कि कई बार तो वीआईपी लोग भी जाम में फंसते है। ऐसी स्थिति सूचना के बाद वरीय अधिकारी हरकत में आते है और रांची नगर निगम को फुटपाथ दुकानों को हटाकर मेन रोड को जाममुक्त करने का निर्देश देते रहे है। कई बार झारखंड हाईकोर्ट में मेन रोड जाम मामले में सुनवाई भी हुई है। हाई कोर्ट ने रांची नगर निगम को स्पष्ट निर्देश दिया था कि मेन रोड से कचहरी चौक तक सड़क के उपर लगने वाले फुटपाथ दुकानों को हटाकर जाममुक्त कराया जाय। हालांकि नगर निगम की ओर से समय समय पर अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जाता है। लेकिन फिर धीरे धीर फुटपाथ पर दुकानें सजने लगती है और फिर मेन रोड वहीं पुरानी स्थिति में आ जाती है। जिला प्रशासन और नगर निगम के लाख प्रयास के बाद भी मेन रोड जाममुक्त नहीं हो पा रहा है। जिसका खमियाजा राजधानी के लोगों को भुगतना पड़ता है।

दुकान लगाने और हटाने का चलता है खेल : हाई कोर्ट के निर्देश के बाद रांची नगर निमग की इन्फोर्समेंट टीम लगातार अभियान चलाकर फुटपाथ से दुकानें हटाने, सामान जब्त करने और दुकानदारों पर जुर्माना लगाने जैसी कार्रवाई करती है। लेकिन फिर धीरे धीरे फुटपाथ में दुकानें सजने लगती है और वहीं पुरानी स्थिति बन जाती है। इस तरह वर्षो से मेन रोड में दुकान लगाने और हटाने का खेल चलता रहा है।

रिक्सा और टोटो भी है जिम्मेवार

कचहरी चौक से मेन रोड तक सड़क जाम के लिए फुटपाथ दुकानदारों के साथ रिक्सा, टोटो और ठेला-खोमचे वाले भी जिम्मेवार है। ये सभी अपनी दुकान या फिर वाहन सड़क के उपर ही लगाते है। जिस कारण सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है।

नगर निगम की कार्रवाई सिर्फ कुछ समय तक प्रभावी रहती है

नगर निगम की टीम सड़क से अतिक्रमण हटाने आती है, तो उसे देखकर फुटपाथ दुकानदार अपनी दुकानें आसपास के गलियों में ले जाते है। जिससे थोड़ी देर के लिए सड़क पर फुटपाथ दुकानदार नहीं दिखते है। और नगर निगम टीम के जाते ही फिर से सभी अपनी दुकान लगा लेते है। ये चूहें-बिल्ली का खेल हमेशा चलता रहता है।

हर दिन जाम से परेशान

सड़क से गुजरने वाले **प्रताप घोष** कहते है कि मेन रोड कभी जाममुक्त होगा, यह हमलोग सोच भी नहीं सकते है। क्योकि वर्षो से जाम में वाहन को रेंगते हुए हमलोगों ने देखा है।

हर कार्रवाई हुई है विफल

युवा **अनशुमन** कहते है कि हमलोग हमेशा मेन रोड को जाम के रूप में देखा है। जाममुक्त करने के लिए अब तक कितने प्रयास किये गये सभी विफल रहे और लोग जाम का दंश झेल रहे है।

पेट्रोल और समय की होती है बर्बादी

सुधीर बताते है कि जाम के कारण कचहरी चौक से ओवरब्रिज जाने में करीब आधा घंटा से अधिक का समय लगता है। जबकि सड़क में जाम नहीं हो तो यह दूरी मात्र पांच मिनट में पूरा किया जा सकता है। मेन रोड में ट्रैफिक की जो व्यवस्था है, उससे वाहनों के पेट्रोल और समय की बर्बादी होती है।

रांची विवि अंतर कॉलेज क्रिकेट 19 से लोहरदगा में

रांची। रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता इस बार बीएस कॉलेज लोहरदगा में 19 दिसंबर से आयोजित की जायेगी। यह जानकारी रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ राजेश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर रांची विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम का गठन किया जाएगा। जो कि पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी।

कला सांस्कृतिक क्रिसमस मेला 15 से17 दिसंबर तक

रांची। कला संस्कृति क्रिसमस मेला का आयोजन 15 से 17 दिसंबर तक निर्मल मध्य विद्यालय चर्च में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, अनमोल टोप्पो ने बताया कि इसका उद्घाटन 15 दिसंबर को दोपहर 3:00 बजे खिजरी विधायक राजेश कश्यप करेंगे। क्रिसमस मेला में कुल 65 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। जिसमें कपड़ा, गर्म कपड़ा, हैंडीक्राफ्ट,ज्वैलरी, शूज, फूड, ट्रेडिशनल फूड, इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत कई चीजे मिलेगी। मेला दोपहर 3:00 बजे से रात 8:00 बजे तक चलेगा। शनिवार और रविवार या दोहपर 12:00 बजे से रात 8:00 बजे तक रहेगा। एंट्री फीस 20 रुपये रखी गई है। उद्घाटन के दिन नृत्य प्रतियोगिता, धार्मिक सांस्कृतिक गाना का आयोजन किया जाएगा। 16 दिसंबर को झारखंड की सभ्यता और संस्कृति के आधार पर फैशन शो होगा। 17 को भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर पवन तिर्की, सामलोंग पल्ली पुरोहित आनंद लकड़ा, शीतल, सामंगल प्रकाश जायस, रितेश, संजीत लिंडा, सुमन मिंज एवं अजीत खलखो मौजूद थे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि निःशुल्क मेडिटेशन केंद्र में परिवार के साथ ध्यान लगा सकते हैं : बीके राजमती

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नव ज्योति भवन का दूसरा वार्षिकोत्सव मनाया गया। रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय विश्व ज्योति भवन पिठौरिया नवाटोली का दूसरा वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्थान पिठौरिया की संचालिका बी के राजमती, उद्योगपति राज कुमार पोद्दार, अन्नू पोद्दार और आशुतोष द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर संचालिका बीके राजमती ने कहा कि शिव बाबा की महिमा अपरंपार है। शिव जी हमें तीनों लोकों और तीनों कालों का ज्ञान देते हैं। इसलिए उन्हे देवों का देव कहा गया है। उन्होंने कहा कि यह आश्रम शिव भक्ति से रमने का एक विशेष स्थान है। यहां अध्यात्म और ज्ञान का दोनों का रमणिक स्थान बन चुका है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस जगह में निशुल्क मेडिटेशन केंद्र में हम अपने परिवार के साथ आकर ध्यान लगा सकते है और शिव बाबा की भक्ति कर सुखमय जीवन का भी लाभ उठा सकते हैं।

अंजुमन अस्पताल बंद कराना चाहते है पूर्व सचिव : शफीकुर्रहमान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अंजुमन अस्पताल प्रबंधन समिति की रविवार के प्रेस कॉन्फ्रेंस में अस्पताल के पूर्व सचिव तारिक हुसैन पर आरोप लग रहा है कि वह अंजुमन अस्पताल को बन्द करवाने की ठान ली है। इसीलिए अस्पताल की नई बनी कमिटी को एनओसी और स्टाफ का बकाया पेमेंट सहित अन्य वित्तीय खर्च देना नहीं चाहते। ये आरोप अस्पताल प्रबंधन समिति के शफीकुर्रहमान ने लगाया। उन्होंने आगे कहा कि अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने के लिए पूर्व की कमिटी में डॉ तारिक हुसैन को कामचलाऊ रूप से सचिव बनाया गया था। उस कमिटी में आर्थिक रूप से अनियमिततएं उजगार होने के बाद प्रबंधन कमिटी को भंग करते हुए बायलॉज के अनुसार नई कमिटी बनाई गई। जिसमें अनवर आलम सचिव, मो जाहिद काजल उपाध्यक्ष, नदीम इकबाल सह-सचिव, मो शाहिद कोषाध्यक्ष सहित 9 लोगों को सदस्य चुना गया। जनरल बॉडी की आम बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया कि नई प्रबंधन कमिटी ने पूर्व के कमिटी के विततीय लेखा जोखा के हिसाब में कुछ वित्तीय गड़बड़ी पाई। तो उसका ब्यौरा और एनओसी मांगने पर डॉ तारिक हुसैन टाल मटोल कर रहे। क्योंकि उनकी मंशा अस्पताल को किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाने की है। मौके पर मेडिकल सुप्रिडेंट मुकीम आलम और मो सुफियान आदि मौजूद थे।

पहाड़ी मंदिर की दान पेटी से निकले चार लाख और विदेशी मुद्राएं भी

रांची। रविवार को पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने पहाड़ी मंदिर के ऊपर मुख्य बाबा मंदिर के मुख्य दान पेटियों में से तीन दान पेटियों को खोला गया। जिसकी गिनती की प्रक्रिया में सभी सदस्य गण, मंदिर के पुजारी और सुखदेवनगर थाना एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वीडियोग्राफी करा कर दान पेटी खोला गया। उसकी गिनती की गई, जिसमें चार लाख, इक्कीस हजार, सात सौ तीस (4,21,730) नगद साथ ही दो नेपाली रुपया और एक 100 का रूसी रूबल निकले। गिनती में इसके अलावा बहुत सारे नोट दान पेटी में काफी दिन हो जाने के कारण सड़ गल गए थे। सारी प्रक्रिया में समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार एवं सदस्य के रूप में राजेश साहू, बादल सिंह, अजय श्रीवास्तव और भक्तों में अजय सिंह, दीपक नन्दा, मंदिर के कर्मचारी, सुखदेवनगर थाना के सौरव शर्मा आदि उपस्थित थे ।

राज्यपाल को ज्ञापन 12 दिसंबर को, 18 को त्राहिमाम धरना-प्रदर्शन

आंदोलन तेज करेगा झारखंड वैश्य मोर्चा

नवीन मेल संवाददाता। रांची/रामगढ़।

झंडा चौक स्थित मनोहर रेसीडेंसी के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से केंद्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, भदानीनगर थाना प्रभारी द्वारा झूठे केस दर्ज करने, वैश्यों की जमीन लूट, वैश्यों को निशाना बनाने और संगठन विस्तार आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि रामगढ़ क्रांति की धरती है। वैश्यों के आदर्श राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी इसी पवित्र धरती से देश की मुक्कमल आजादी का बिगुल फूंका था। झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में भी रामगढ़ की धरती का सबसे बड़ा योगदान है। अब वैश्य और ओबीसी को हक-अधिकार एवं मान-सम्मान दिलाने की मुक्कमल लड़ाई भी यहीं से शुरू किया जायेगा। हाइकोर्ट के अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि संविधान और कानून से बड़ा कोई नहीं है। केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी ने कहा कि वैश्य मोर्चा किसी को नुकसान पहुंचाने की मंशा नहीं रखती है।

सरकारी ग्रांट चलनेवाली किसी भी संस्था को सरकारी संस्था नहीं कह सकते : डॉ आहूजा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली की सीपीइ कमेटी की होटल रैडिसन ब्लू में कोड ऑफ एथिक्स, टैक्सेशन ऑन ट्रस्ट्स और साइबर सिक्योरिटी पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। टैक्सेशन ऑन ट्रस्ट विषय पर बोलते हुए प्रख्यात प्रत्यक्ष कर विशेषज्ञ सीए (डॉ) गिरीश आहूजा ने कहा हर वह संस्था सरकारी संस्था नहीं है। जिसको सरकार के द्वारा ग्रांट दिया जाता है। सरकारी संस्था होने के लिए उस संस्था का बजट देश के संसद या राज्यों के विधायिका में प्रस्तुत होना आवश्यक है। उन्होंने बताया की हर संस्था को कार्पस फंड के लिए अलग से बैंक अकाउंट रखना चाहिए। ताकि उस अकाउंट के आय-व्यय की पूर्ण व्योरा सरकार प्रदर्शित पूर्वक दिया जा सके। उन्होंने उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स से आग्रह करते हुए कहा कि चैरिटेबल ट्रस्ट से संबंधित अपने ऑडिट रिपोर्ट पर पूरी संतुष्टि के बाद ही अपना हस्ताक्षर करें। उन्होंने बताया कि सीबीडीटी अधिसूचना संख्या 07/2023 के माध्यम से, ट्रस्ट ऑडिट रिपोर्ट के प्रारूप में भारी बदलाव किया। उन्होंने ट्रस्ट्स से सम्बंधित महत्वपूर्ण कराधान के अनुच्छेदों का विस्तार से विवेचना करते हुए बहुत से उपयोगी केस लॉ कि जानकारी दिया। इंस्टिट्यूट के सेंट्रल कौंसिल सदस्य सीए ज्ञान चंद्र मिश्रा ने कहा कि सीए इंस्टिट्यूट देश की पहली संस्था है। जिसने सबसे पहले अपने सदस्य (चार्टर्ड एकाउंटेंट्स) के लिए कोड ऑफ एथिक्स कि रचना किया है। उन्होंने बताया कि इंस्टिट्यूट आज किसी भी तरह की कोड ऑफ एथिक्स से सम्बंधित मामला चाहे वह देश के नागरिकों के द्वारा इंस्टिट्यूट में भेजा जाता हो तुरंत जांच कराती है। सिक्योरिटीज पर बोलते हुए कोलकाता के विशेषज्ञ सीए भारत डी सरावगी ने कहा है हम चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का हर कार्य लगभग आईटी से जुड़ा हुआ है।

इमा का एकदिवसीय कराटे प्रशिक्षण सह ग्रेडिंग कार्यक्रम आयोजित

रांची। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में बहु बाजार स्थित बिशप स्कूल में एकदिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सहः ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमें रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों से 126 खिलाड़ियों ने भाग लिया। शिविर में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सहः राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस फाइट के तकनीकों से अवगत कराया। साथ ही काता का प्रशिक्षण दिया। शिविर के दौरान उपस्थित सभी खिलाड़ियों का बेल्ट ग्रेडिंग भी लिया गया। शिविर के दौरान सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें पिछले दिनों ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग में सफल रहे कुमारी मीनाक्षी और आयुष को ब्लैक बेल्ट प्रथम डान की उपाधि से शिहान सुनील किस्पोट्टा ने नवाजा। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि हर एक खिलाड़ियों का लक्ष्य होता है।

पशुपालन विभाग का हेसाग में राज्यस्तरीय रबी कर्मशाला-2023 का आयोजन

किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में अधिकारी दें सहयोग : अबू बकर

रांची। झारखंड राज्य रबी फसल के आच्छादन के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। हालांकि हम खरीफ अच्छादन एवं उत्पादन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन औसत से कम वर्षापात की वजह से यह सेक्टर प्रभावित हुआ है। इसलिए हमें वैकल्पिक खेती के रास्ते तलाशते हुए रबी फसल के रकबा में वृद्धि करनी हो होगी। क्रॉप इंडेंसिट में हम रबी के क्षेत्र में हम लगभग 120 फीसदी ही हैं। ये बाते कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीख ने हेसाग स्थित पशुपालन विभाग के सभागार में कही। सचिव ने कहा कि झारखंड में 38 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। जिसमें से 28 लाख हेक्टेयर भूमि पर खरीफ फसल होती है और 11 लाख हेक्टेयर जमीन पर रबी फसल की पैदावार। जमीन किसान की आजीविका होती है, इसलिए उसकी मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा करना बहुत जरूरी है। उन्होंने रबी के कवरेज को बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि किसानों के लिए तीन बिंदुओं पर पदाधिकारियों को काम करने की जरूरत है। सबसे पहले किसानों के व्यवहार में कैसे बदलाव हो। उसके प्रयास करने के लिए उनके घर तक आपको जाना होगा। फील्ड ऑफिसर्स को फील्ड में जाना होगा। किसानों के व्यवहार में बदलाव के साथ सहयोग करने की जरूरत है। उनको तकनीकी स्तर पर भी सहयोग करना होगा। कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीख ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने जिले की वाटर बॉडी का सर्वे कराएं। सुनिश्चित करें कि वाटर बॉडी के आसपास की जमीन पर खेती हो रही है या नहीं। किसान हित में केसीसी का निरंतर अभियान चलाएं।

वर्षा कम होने से रबी का महत्व ज्यादा: कृषि निदेशक

कर्मशाला में कृषि निदेशक संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि यह कार्मशाला एक अभियान का आगाज है। इस कार्मशाला के माध्यम से बताना चाहते हैं कि राज्य में योजनों का आच्छादन शत प्रतिशत हो यह सुनिश्चित करना है। बीते दो वर्षों से वर्षापात कम और बेमौसम हुई है। जिसका प्रभाव सीधा हमारे किसानों और कृषि उत्पादकता पर हुआ है। इसलिए रबी का महत्व और ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि समय पर किसानों को बीज, खाद और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत है।

कार्यक्रम में ये अधिकारी रहे उपस्थित : इस मौके पर रबी फसल से संबंधित पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशक सॉयल कंजर्वेशन अजय कुमार सिंह, अपर निदेशक पी एन त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक सामान्य मुकेश कुमार सिन्हा, उप कृषि निदेशक योजना अशोक कुमार सिन्हा, निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी, अधिष्ठाता बीएयू डीके शाही सहित सभी जिला कृषि पदाधिकारी उपस्थित थे।

मजलिस ए उलेमा झारखंड का इजलास 14 दिसंबर को

रांची। मजलिस ए उलेमा झारखंड का एक दिवसीय मजलिस 14 दिसंबर को होगा। जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। जानकारी देते हुए मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी, उपाध्यक्ष मौलाना शरीफ अहसन मजहरी, महासचिव मुफ्ती ताल्हा नदवी ने कहा कि मजलिस उलेमा की एक तंजीम है। फरवरी 2023 में नए लोग चुन कर आए और नए जोश व जज्बा के साथ काम हो रहे है। जिला कमेटी का गठन का सिलसिला जारी है। मजलिस ए उलेमा ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष हजरत मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी को झारखंड रांची आने का आमंत्रण दिया। इस इजलास में पूरे झारखंड के उलेमा को जोड़ने की कोशिश की जा रही है। इस तंजीम का बुनियादी उद्देश है उलेमा को जोड़ना, एकजुटता पैदा करना और मैदान में उतरकर काम करना। इस इजलास में देश भर से सैकड़ों उलेमा हिस्सा लेंगें।

गुरुनानक होम बरियातु में गुरुनानक देव जी का प्रकाश उत्सव मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता। रांची



गुरुद्वारा गुरुनानक सतिसंग सभा के हुजूरी रागी भाई महिपाल सिंह द्वारा कीर्तन गायन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कौन जाने गुण तेरे ऊच आपार बेअंत स्वामी, बीबी हरप्रीत कौर एवं सोनिया घीगंरा ने शब्द गायन किया। 'इक तिल नहीं बिसरे जप जप नानक जीवते' बीबी परमजीत कौर ने शब्द प्रस्तुत किया। कुलदीप सिंह ने गुरुजी की जीवनी पर प्रकाश डाला। गुरुनानक होम के बच्चों ने कीर्तन गायन किय। गुरुद्वारा मेन रोड के हुजूरी रागी भाई भरपूर सिंह ने सुरीली आवाज में भाई गुरदास द्वारा रचित वाणी का गायन कर संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया। 'ईक बाबा अकाल रुप दूजा रबाबी मरदाना' कार्यकम का संचालन करते हुए डा. हरमिन्दर बीर सिंह ने कहा कि गुरुनानक देव जी ने संसार में रहते हुए निर्मल जीवन की मिशाल पेश की एवं गृहस्थजीवन में रहते हुए मानवता का कल्याण किया। गुरुनानक होम की ओर से जसबीर सिंह, कुलदीप सिंह, डा० हरमिन्दर बीर सिंह, डा० सुरेश्वर पाण्डेय, डा० ए के पाण्डेय एवं श्रीमती हेसल डेविस को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट चेयरमेन जोगिन्दर सिंह, सचिव मेजर मुरुद?याल सिंह, गुरुद्वारा अध्यक्ष गुरमीत सिंह, सचिव गगनदीप सिंह सेठी, कुलतार सिंह, परमजीत सिंह टिन्कू, चरणजीत सिंह वासु, जसबीर सिंह खुराना, कृपाल सिंह, मलकीयत सिंह, जयदीप सिंह चड्ढा, गुरजीत सिंह छतवाल, हरजीत सिंह होड़ा, रमनप्रीत सिंह, भूपेन्द्र सिंह, गुरदीप सिंह सलूजा, प्रदीप सिंह उपस्थित थे।

बीबी परमजीत कौर ने ने कहा कि गुरुजी की जीवनी से हम सभी को सिख लेने की जरूरत है तभी हम आगे बढ़ सकते हैं

एक नजर

उपराष्ट्रपति पहुंचे रांची, राज्यपाल और सीएम ने किया स्वागत

रांची। उपराष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार जगदीप धनखड़ रविवार को रांची पहुंचे। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि पर उपराष्ट्रपति का बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर राज्यपाल सीपी० राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

राजनाथ सिंह से मिलीं आशा लकड़ा

रांची। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव सह रांची की निवर्तमान मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने रविवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री से झारखंड की स्थिति पर विशेष चर्चा की। साथ ही झारखंड सरकार की कार्यशैली व केंद्रीय योजनाओं की प्रगति समेत सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की।

नगड़ी में व्यक्ति का शव बरामद

रांची। नगड़ी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या कर शव को सैम्बो पुल के नीचे फेंक दिया गया है। व्यक्ति के दोनों हाथ बंधा हुआ है। रविवार सुबह मामले की जानकारी मिलने के बाद नगड़ी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि व्यक्ति की हत्या किसने की है।

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

रांची। रांची-खूंटी रोड पर हिरण पार्क के पास सड़क दुर्घटना में रविवार को दो युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने के पहले ही दोनों की मौत हो गई। फिलहाल युवकों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस दोनों युवकों की पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

महावीर मंडली की मुड़मा में बैठक

मांडर। श्री महावीर मंडली मुड़मा की बैठक रविवार को बिन्दु भूषण दुबे की अध्यक्षता में की गई। इसमें श्री महावीर मण्डल रांची के श्री ललित नारायण ओझा विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से क्षतिग्रस्त मन्दिर का पुनर्निर्माण एवं मूर्ति स्थापना को लेकर विचार विमर्श किया गया। अर्थ संग्रह के लिए कमिटी गठन करने की भी चर्चा हुई। साथ ही मूर्ति खंडन के षड्यंत्र में शामिल दोषियों को उद्भेदन करने के लिए राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन देने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुडमा, मेसाल, कापरी जाहेर, सेवाडीह, चूंद, समेत अन्य गांव के श्रद्धालु पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए।

बुद्ध पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शनिवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने प्राप्त शिक्षा का उम्दा प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने प्रदर्शनी को देखकर काफी खुश और संतुष्ट नजर आए एवं नन्हे वैज्ञानिकों की भूरी भूरी प्रशंसा की। बच्चों ने अभिभावकों को प्रदर्शनी में लगे सारे सिस्टम के बारे में बारकी से जानकारियां दी। प्रदर्शनी में चंद्रयान-3, रूफटॉप फार्मिंग, एटीएम मशीन, पाचन क्रिया, वायु प्रदूषण, चारमीनार, सोलर सिस्टम, जल शुद्धीकरण, श्वसन तंत्र, सोलर एनर्जी, आटा चक्की और वायु दबाव इत्यादि का प्रदर्शन किया।

सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग

राजभवन के समक्ष भाजपा का धरना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों रुपये की बरामदगी पर भाजपा ने रविवार को झारखंड के सभी जिला मुख्यालय में धरना दिया। रांची में भी महानगर भाजपा ने राजभवन के सामने धरना दिया। भाजपा नेताओं ने धरना देकर धीरज साहू को गिरफ्तार करने और केस को ईडी को सौंपने की मांग की। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही भ्रष्टाचार है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में लगे हैं। कांग्रेस ने यह पैसे जरूर तीन राज्यों के चुनाव में विधायकों की खरीद-फरोख्त और रिसार्ट पॉलिटिक्स के लिए रखा होगा। उन्होंने सांसद धीरज साहू को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस पूरे मामले में ईडी और सीबीआई को भी सामने आना चाहिए और सांसद धीरज साहू से कड़ाई से पूछताछ की जानी चाहिए। कांग्रेस के जब सिर्फ एक सांसद के पास अरबों का कैश है, तो सोचिए पूरी पार्टी ने कितने खरब का गोलमाल किया होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, कमाल खान समेत कई भाजपा नेताओं ने धरना देकर धीरज साहू को गिरफ्तार करने और केस को ईडी को सौंपने की मांग की। कहा, ये शराब घोटाला का पैसा है, जिसकी जड़ें झारखंड से लेकर छत्तीसगढ़ तक फैली हुई हैं। धीरज साहू के यहां मिला पैसा कांग्रेस का सरप्लस पैसा था, जो छत्तीसगढ़ में विधायकों के खरीद पालिटिक्स व रिजार्ट पालिटिक्स के लिए रखा गया था। इस पैसे के संकलनकर्ता भी झारखंड के ही हैं। नेताओं ने धरज साहू को पार्लियामेंट से बर्खास्त करने की भी मांग की।

रुपयों से वोट नहीं खरीदे जाते, जनता ने धीरज को दो बार किया रिजेक्ट : सुनील सिंह

सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों से मिल रहे अकूत रुपयों में कांग्रेस की भी मिलीभगत हो सकती है। चूंकि धीरज साहू के व्यवसाय का टर्नओवर चार से पांच सौ करोड़ रुपये है। उनके ठिकानों पर तीन से चार सौ करोड़ रुपये नकद मिले हैं। नोटों की गिनती जारी है। जब तक गिनती पूरी नहीं होती है, तब तक स्पष्ट आंकड़ा नहीं मिलेगा।

'कांग्रेस को करप्शन पर बोलने का अधिकार नहीं'

सांसद ने कहा कि कांग्रेस किस मुंह से ईमानदारी की बात करती है। कांग्रेस को करप्शन पर बोलने का अधिकार नहीं है। पार्टी के एक राज्यसभा सदस्य के ठिकानों से अकूत रुपये मिल रहे हैं। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। तभी स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेता धीरज साहू दो चतरा संसदीय क्षेत्र से भाग्य आजमा चुके हैं और दोनों बार यहां के वोटरों ने नेगलेक्ट किया है। पहली बार वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाए थे। जबकि दूसरी बार 2014 में उम्मीदवार थे। पैसों के बल पर वोटरों को खरीदने का अभियान चला रखा था। दोनों बार मतदाता उनके झांसे में नहीं आए। सांसद ने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी हैं, तब तक करप्शन नहीं होगी, इसकी पूरी गारंटी है।

सांसद के पास मिले पैसे से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं : अविनाश पांडेय

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय रविवार को रांची पहुंचे। रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही अविनाश पांडेय से पत्रकारों ने धीरज साहू के ठिकानों से मिले 500 करोड़ की बरामदगी को लेकर सवाल किये, जिसपर प्रदेश प्रभारी ने साफ तौर पर कहा कि उनके पास मिले पैसे से कांग्रेस पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। यह उनका निजी मामला है। अविनाश पांडेय ने धीरज साहू का बचाव करते हुए कहा कि सभी को पता है कि साहू परिवार झारखंड और राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े व्यावसायिक घराने की श्रेणी में आता है। आयकर विभाग ने इस मामले में अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है। जब तक आधिकारिक रूप से आईटी की टीम कोई जानकारी नहीं देती और खुद धीरज साहू के परिवार वाले अपना पक्ष नहीं रखते हैं, तब तक पार्टी इस पर कोई भी टिप्पणी नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि समय आने पर पार्टी भाजपा के हर सवालों का जवाब उनके अंदाज में देगी। इधर, अविनाश पांडेय के रांची पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता, शहजाना अनवर, सुबोधकांत सहाय, रवींद्र सिंह, जयशंकर पाठक, गुंजन सिंह सहित अन्य ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मुहब्बत की दुकान से मिल रहे करोड़ों रुपये : वाजपेयी

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी एक दिवसीय प्रवास पर रविवार को रांची पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से लगातार बरामद हो रह करोड़ों रुपये कांग्रेस के मुहब्बत की दुकान की काउंटर से मिलने वाले पैसे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की चुप्पी यह साबित कर रही है ये पैसे उनके हैं। उनकी सरकारों के हैं। उन्हीं के नेताओं के हैं। ये जनता के गाढ़ी कमाई के लूटे हुए पैसे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत मोदी की गारंटी है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है। सारा दूध का दूध पानी का पानी साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी विश्वास के जेनरेटर हैं। जनता मोदी पर विश्वास करती है। साथ ही कहा कि विचारों के साथ मां भारती की सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम और चमत्कारिक नेतृत्व यही भाजपा की ताकत है। उन्होंने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त है। अपराधी बेलगाम हैं। महिलाओं की स्थिति भयावह है। लव जिहाद और धर्मांतरण चरम पर हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों से प्रदेश की डेमोग्राफी बदल गई। आदिवासी समाज के स्वयंभू शुभ चिंतक बनने वाले आदिवासियों का सबसे बड़ा अहित किया है।

धीरज साहू के 7 लॉकर और 10 कमरे खुलने बाकी : बीजेपी नेता निशिकांत दुबे की मानें तो धीरज साहू के 7 लॉकर और 10 कमरे खुलने बाकी हैं। 7 दिसंबर को धीरज साहू के ओडिशा के आवास से 30 अलमारियां मिली, जिसमें नोट भरे थे। वहीं, 8 दिसंबर को धीरज साहू के घर से नोटों से भरे 156 बैग्स बरामद किए गए। 9 दिसंबर को बैग्स की संख्या बढ़कर 176 हो चुकी है। अभी तक 40 बैग के पैसों की ही गिनती पूरी हो पाई है। 136 बैग में रखे नोटों की गिनती जारी है। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के अनुसार, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 350 करोड़ नकदी बरामद हो चुके हैं। 20 प्रतिशत हिस्से के घोषित पार्टनर हैं, अघोषित, बेनामी तो जांच से पता चलेगा। उन्होंने बताया कि उनके रांची व लोहरदगा आवास पर 20 करोड़ नगद व 150 करोड़ के सोने, चांदी, हीरा की बरामदगी हुई है। अभी सात लॉकर और 10 कमरे खुलने बाकी हैं। शायद नकदी बरामदगी का यह आंकड़ा 500 करोड़ से काफी ऊपर चला जाये। धीरज साहू कांग्रेस के तीन बार के सांसद हैं, जिनका राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में गलबहियां डालते हुए सारे फोटो वायरल हैं।

बन्ना गुप्ता ने कहा यह धीरज साहू का निजी मामला

राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की। छापेमारी में 500 करोड़ से अधिक की रकम बरामद की जा चुकी है। मुद्दा गरमाया हुआ है। इस मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि उनकी पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। बन्ना गुप्ता ने सीधे तौर पर धीरज साहू की नकदी से पलड़ा झाड़ लिया है। मंत्री ने कहा कि यह स्पष्ट करने की जिम्मेदारी केंद्रीय एजेंसी पर है कि पैसा कहां से आया। गुप्ता ने आगे कहा कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद साहू एक बड़े कारोबारी परिवार से हैं। वे कई वर्षों से अपना व्यवसाय चला रहे हैं। आयकर अधिकारियों को बरामद धन के स्रोत के बारे में तथ्यों का पता लगाने के लिए उचित जांच करनी चाहिए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि उन्होंने रिश्वत के पैसे छिपाकर रखे थे। जांच चल रही है। जांच के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। हालांकि, यह धीरज साहू निजी मामला है और इसका पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

झारखंड आंदोलनकारियों का अपमान कर रही है राज्य सरकार : योगेश वर्मा

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

झारखंड पार्टी ने झारखंड आंदोलनकारी को चिह्नित करने और उन्हें सम्मान के साथ पेंशन निर्धारित करने की मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं किये जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। साथ ही कहा कि यह झारखंड आंदोलनकारियों के लिए अपमानजनक है। झारखंड पार्टी खूंटी जिला समिति के सक्रिय कार्यकताओं की रविवार को महासचिव योगेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए योगेश वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार झारखंड आंदोलनकारियों का अपमानित कर रही है। संगठन की चर्चा करते हुए वर्मा ने कहा कि झारखंड पार्टी को हर हाल में मजबूत करना होगा, ताकि 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ ही कई केंद्रीय और राज्य के मंत्री खूंटी आए लेकिन अभी तक किसी ने झारखंड आंदोलनकारियों और उनके परिवार वालों की स्थिति के संबंध में कुछ नहीं कहा। वर्मा ने कहा कि झारखंड के विकास के लिए एक बार फिर हमें बृहद झारखंड के लिए आंदोलन करने की जरूरत है। बैठक में पौलुस नाग, पतरस नाग, सुमित मुंडू, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जेएमएम-कांग्रेस के पदाधिकारियों समेत सैकड़ों लोगों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

राज्य की वर्तमान व्यवस्था से जनता नाखुश : सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की मौजूदा व्यवस्था से जनता खुश नहीं है। सरकार की गलत नीतियों का असर आम आदमी के जीवन पर पड़ रहा है। गैर जवाबदेह शासन ने प्रदेश को पीछे धकेला है। लोगों ने जिन्हें सत्ता संभालने की जिम्मेदारी दी वे जनता का विश्वास जीतने में पूर्णतः विफल रहे हैं। सुदेश कुमार महतो रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान लोहरदगा, जमशेदपुर और रांची से आए जेएमएम, कांग्रेस के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने सैकड़ों की संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि अच्छे विचार के साथ प्रदेश में काम करने का समय आ गया है। चौबीस में हम सभी को मिलकर झारखंड को विकास की पटरी में लाना है। कहा कि झारखंड को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ लड़ाई का सही वक्त है। यह प्रदेश अपनी क्षमता और ताकत पर खड़ा होगा। इस प्रदेश की संभावनाओं को आजसू पार्टी और उसके कार्यकर्ता अपनी मेहनत से यथार्थ में बदलेंगे।

जेएमएम को छोड़ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले धीरज कुमार यादव ने कहा कि जेएमएम से 26 साल के रिश्ते को तोड़कर आज आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं। पांच साल में सरकार ने जनता के लिए कुछ नहीं किया। सुदेश को राज्य की जनता उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। आने वाले चुनाव में इसका असर देखने को मिलेगा।

इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता देवशरण भगत, हसन अंसारी, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, मुकुंद चंद्र मेहता, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

गागर में सागर

विधायक प्रतिनिधि ने बिजली के करेंट से जख्मी सुनिल से की मुलाकात

मांडर। विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक ने रविवार को जमील मलिक और नसीम अंसारी ने कांस्टेंट लिभन्स अस्पताल मांडर पंहुचकर सुनील उरांव से मिले स्वास्थ्य जानकारी लिया। साथ ही डॉक्टर से अच्छा से इलाज करने का अनुरोध भी किया।मांडर निवासी सुनील उरांव जो अपने खेत 2 वर्षीय बेटा को गोदी लिये धान देखने गए थे। इसी बीच 11000 वोल्ट का तार के चपेट में आने से दोनों बाप बेटा घायल हो गया। वहीं प्रखंड के चटवल में पिछले दिनों कुदुस अंसारी का असामयिक मौत हो गया था। उसके परिवार से मिले और परिवार को एक बोरी चावल और कुछ आर्थिक मदद की। अंचल अधिकारी मांडर को पारिवारिक लाभ और विधवा पेंशन तुरंत बनाने का का आग्रह भी किया। साथ में अबूआ आवास के लिए आवेदन कर आवास दिलाने की बात कही।

जरूरतमंद और पिछड़े लोगों की सेवा करना हमारा लक्ष्य : नवोदयंस

खूंटी। रविवार को नवोदय और मंगरु प्रॉप्टिज के संयुक्त तत्वधान में ग्राम डूंगरा मैदान जिला खूंटी में कंबल वितरण और स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों को कम्बल बांटा गया तथा सभी लोगों का बीपी, शुगर और वजन की जांच की गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव मदन महतो ने कहा कि नवोदय एनजीओ का मुख्य उद्देश्य आम जनताओ की सेवा करना है चाहे माध्यम जिस तरह का भी हो, नवोदय संस्था का इसी के लिए बनी है। हम लोग सब मिलकर संगठन के माध्यम से आम जनता तक पहुंच कर उनको निरंतर सरकारी तंत्र से जोड़ने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची जिला के संयोजक आभास नाथ ने कहा जहां जहां सरकार नहीं पहुंचेगी हम नवोदयंस सेवार्थ पहुंचेंगे और यह एक निरंतर चलने वाला सिलसिला है, करम सिंह मुंडा ने कहा हमलोग आगे भी इस तरह का कार्यक्रम करेंगे।आज के कार्यक्रम में मंगरु इंटरप्राइजेज के निर्देशक जीतू बड़ाईक जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में डूंगरा के आसपास के सभी के गांव के लोग उपस्थित हुए।

पुलिस ने झारखंड बंगाल की सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया

मुरी। मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरी पुलिस ने रविवार के दिन झारखंड बंगाल की सीमा पर सहायक अवर निरीक्षक आशीष रंजन के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दरमियान हेलमेट, आरसी बुक, इंश्योरेंस तथा ट्रिपल राइडिंग एवं अन्य कागजात की जांच की गई। बिना हेलमेट तथा बिना कागजात वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया तथा भविष्य में दोबारा इस तरह की गलती नहीं करने की सलाह दी गई। मौके पर आशीष रंजन के द्वारा वाहन मालिकों को यातायात संबंधी नियमों को भी विस्तार पूर्वक बताया गया। वाहन चलाते समय हेलमेट की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया। चेकिंग अभियान में सशस्त्र पर भी मौजूद रहे।

झारोटेफ की हुई बैठक

खूंटी। एनएमओपीएस-झारोटेफ की बैठक शनिवार को खूंटी के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के सभागार में हुई। इस बैठक में झारोटेफ के संरक्षक रविंद्र प्रसाद सिंह व सुनील कुमार कश्यप शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें एकजुट होकर पूरे लगन, मेहनत और जनबल के साथ काम करना है। डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि हर हाल 62 साल सेवा सभी कर्मचारी के लिए किया जाए तथा एनएसडीएलएस के पास जमा राशि सरकार शीघ्र अति शीघ्र कर्मचारियों को वापस करें। जोनल समन्वयक मिथिलेश कुमार सहाय ने कहा कि सभी कर्मचारी अपने हक और अधिकारों के प्रति सचेत-सजग रहें।

जरूरतमंद के बीच किया गया कंबल का वितरण

मांडर। प्रखंड के चटवल में जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी ने रविवार को गरीब, असहाय, निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए गांव के लगभग 50 लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उनलोगों को चिन्हित कर कम्बल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप ओर ज्यादा बढ़ने की संभावना है। मौके पर वार्ड सदस्य शमीम अंसारी, वार्ड सदस्य बलमती देवी, मोख्तार अंसारी, मसीबूल अंसारी, अमानत अंसारी, मोख्तार अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

महाकवि घासीराम स्मारक समिति की बैठक

चान्हो। महाकवि घासीराम स्मारक समिति की बैठक रविवार को करकट में रखी गई। जिसमें मुख्य रूप से महाकवि घासीराम महली का जयंती सह मेला को सार्वजनिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। महाकवि घासीराम महली की जयंती सह मेला प्रत्येक वर्ष 17जनवरी को मनाई जाती है। मौके पर डॉ परमेशवर भगत, अजित सिंह, त्रिपुरारी तिवारी, जोगेन्दर यादव, हरीनन्दन महली, महादेव महली, अशोक महली, दिनेश महली, रवि महली, भोला महली, दविन्द्र महली, सन्तोष महली, संकर उरांव, सरवन गोप, कैलाश महतो, केसरा महतो, बुलू भगत, महाबीर महली, मकेशवर राम महलीसमेत अन्य लोग मौजूद थे।

शिवसेना कार्यालय रांची में धनबाद के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने थामा शिवसेना का दामन

रांची। शिवसेना बाला साहब ठाकरे के सिद्धांतों से प्रेरित होकर धनबाद के अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष रुद्र स्वामी करनैल सिंह उर्फ अरविंद प्रभाकर रुद्र स्वामी ने अपने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ रविवार को शिवसेना झारखंड प्रदेश कार्यालय अशोक नगर रांची में दामन थामा। इस दौरान शिवसेना के झारखंड प्रदेश प्रमुख दीपक सिंह ने अरविंद प्रभाकर रूद्र स्वामी को 1 वर्ष के लिए झारखंड के प्रदेश संगठन सचिव के रूप में उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर पार्टी में शामिल किए। इसके अलावा शिवसेना प्रदेश प्रभारी दयानंद कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता गोवर्धन सिंह, युवा सेवा झारखंड प्रदेश प्रमुख संदीप मुखर्जी, मनोज गुप्ता समेत रांची जिला महानगर प्रमुख रोनित कुमार ने शिवसेना के दामन थामें नवनियुक्त संगठन सचिव को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान शिवसेना के सदस्यता लेते ही अरविंद प्रभाकर रूद्र स्वामी ने कहा कि समाज के निचले पायदान में रहने वाले सभी जाति संप्रदाय के साथ मिलकर राष्ट्र के संप्रभुता व एकता को बनाए रखने के लिए वे हमेशा कार्य करेंगे। शिवसेना के दामन थामने वालों में अरविंद प्रभाकर रूद्र स्वामी, मधुसूदन रवानी, लालचंद राय, महालय बावरी, गुड्डू रामानी, हलीम खान समेत कई लोग शामिल हैं। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से शिवसेना प्रदेश प्रभारी दयानंद कश्यप, प्रदेश प्रवक्ता गोवर्धन सिंह, युवा सेवा झारखंड प्रदेश प्रमुख संदीप मुखर्जी, मनोज गुप्ता रांची जिला महानगर प्रमुख रोनित कुमार, हर्ष यादव, विशाल पंडित, श्रीमन नारायण, गौरव सिंह, जितेंद्र सिंह विजय गोसाईं, सिद्धेश्वर भारती, शिवम सिंन्हा समेत कई लोग मौजूद थे।

रातू गुड्डु में जमीन विवाद में धारदार हथियार से हमला

एक व्यक्ति घायल, प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। रातू

थाना क्षेत्र के गुड्डु में शनिवार की रात एक जमीन के मामले में उपजे विवाद के बाद एक पक्ष के लोगों मे धारदार हथियार से हमला कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस घायल व्यक्ति को रातु सीएचसी ले गयी जहां गम्भीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। मामले को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक गुड्डु निवासी रोहितासव प्रसाद का गांव के ही आस्तिक महतो व उसके पिता निर्धारित महतो से जमीन विवाद चल रहा था। शनिवार की शाम रोहितासव प्रसाद अपने खेत से घर जा रहे थे तभी रास्ते मे घात लगाकर बैठे गुड्डु निवासी आस्तिक महतो व उसके पिता निर्धारित महतो ने रोहितासव पर धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले में घायल व्यक्ति का इलाज रिम्स में चल रहा है। मामले को लेकर रातु थाने में दो आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 465 दर्ज किया गया है।पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

राहत — स्कूली बच्चे-बच्चियों को मिला साइकिल वितरण योजना का लाभ

5 लाख बच्चों के लिए भेजा गया 220 करोड़

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे-बच्चियों के उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निदेशानुसार राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 4 लाख 90 हजार बच्चे-बच्चियों को साइकिल खरीद हेतु 10 दिसंबर 2023 तक 220 करोड़ रुपए से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में डीबीटी के तहत भेजी गई है। इसमें सत्र 2020-21, 2021-22 एवं 22-23 के 8वीं कक्षा के लाभार्थी विद्यार्थी शामिल हैं। उक्त सत्र के शेष बचे लगभग 3 लाख 10 हजार लाभार्थी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर 2023 तक साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है। आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार के प्रत्येक शिविर एवं विशेष कैम्प के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल क्रय हेतु राशि का वितरण किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण हेतु सभी जिलों के उपायुक्तों द्वारा सूची भेजी गई है। सभी जिलों को मिलाकर कल्याण विभाग को लगभग 8 लाख पात्र लाभार्थी बच्चों की सूची मिली थी। एसटी,एससी,बीसी एवं अन्य वर्ग के वैसे पात्र बच्चे जो वर्ष 2020-21 में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत थे तथा वर्तमान वर्ष में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं। इसी प्रकार 2021-22 में आठवीं तथा वर्तमान वर्ष में दसवीं तथा 2022-23 में 8वीं एवं वर्तमान वर्ष में नौवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं एवं जिनकी सूची जिला द्वारा विभाग को भेजी गई है। 10 दिसंबर 2023 तक 2878 कैम्प में लगभग 4 लाख 90 हजार बच्चों के बैंक खातों में साइकिल खरीद हेतु डीबीटी के माध्यम से 220 करोड़ से अधिक की राशि भेजी जा चुकी है। उक्त सत्र के शेष बचे लगभग 3 लाख 10 हजार लाभार्थी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर 2023 तक साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है।

पूर्व विधायक की पहल पर डीवीसी ने आंदोलनकारियों से की वार्ता

डीवीसी सकारात्मक पहल करे अन्यथा आंदोलन : मनोज यादव

नवीन मेल संवाददाता

बरही । पिछले 6 दिनों से तिलैया बस्ती वाले विद्युत आपूर्ति चालू करने और दर्ज झूठ मुकदमा वापस लेने को लेकर केटीपीएस इंटेकवेल का पानी रोककर धरना प्रदर्शन कर रहे है. डीवीसी प्रबंधन मूकदर्शक बना हुआ है. रविवार को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव धरनार्थियों के समर्थन में धरनास्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों के साथ धरने पर बैठ गए. प्रबंधन की मनमानी पर सवाल खड़ा करते हुए प्रबंधन को धरनास्थल पर बुलाकर वार्ता किया. धरनास्थल पर पहुंचे डीवीसी के मुख्य अभियंता संजय कुमार सिंह व बिनोद राय ने धरनार्थियों से वार्ता किया. यहां के ग्रामीण पहली बार इंटक वेल निर्माण और दूसरी बार बांझेडीह पावर प्लांट की स्थापना के समय दो बार विस्थापित हुए है. बाबजूद

उनका गांव को पानी, शिक्षा, बिजली, सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं से वंचित है. वेलोग पिछले 40 वर्षों से लगातार बिजली जला रहे थे, लेकिन डीवीसी के पदाधिकारी अजित शर्मा ने बस्तीवालों की विद्युतापूर्ति बंद कर पिछले पंद्रह दिन से अंधेरे में रखा है. पूर्व विधायक ने ग्रामीणों का समर्थन करते हुए डीवीसी के अधिकारियों को मामले को संजीदगी के साथ त्वरित निष्पादित करने की मांग किया. डीवीसी गांव के विस्थापितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करे और ग्रामीणों पर दर्ज झूठे मुकदमें को वापस ले. उन्होंने डीवीसी प्रबंधन से तत्काल बिजली मुहैया कराने की बात कही. उन्होंने दो टूक कहा कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो वह विस के सभी सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओं के साथ धरना पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे. मौके पर अभियंता प्रमुख ने आश्वस्त किया कि प्राथमिकी को शीघ्र सुलह समझौता कर समाप्त किया जाएगा. ब्रेकर रिपेयरिंग का काम हो रहा है, 24 घंटे के अंदर बिजली बहाल कर दी जाएगी. पूर्व विधायक के साथ जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिप सदस्य महादेव राम, हैंडल विस्थापित संघर्ष समिति अध्यक्ष सरयू वर्मा, मुखिया मंगलदेव यादव, पसस मणिलाल यादव, लखन यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, रामदेव यादव, डिलो पासवान, अशोक दास, सुधाकर यादव, रवि यादव, प्रयाग यादव, केदार यादव, रवि यादव, रंजन यादव, मनोज यादव ,दिलीप यादव, प्रकाश यादव, इन्दर देव यादव, यशपाल यादव, दिनेश राम, सहदेव राम, रोहित यादव, मुकेश यादव, बहादुर यादव, राजेन्द्र यादव, सीताराम, परमेश्वर यादव, राजेश यादव, लखन रविदास, कुलदीप राम, सुषमा देवी, शांति देवी, सुदामा देवी, उमेश चंद्रवंशी, अशोक दास आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे.

सावित्री देवी पंचतत्व में हुई विलीन, बड़े पुत्र ने दी मुखाग्नि

हजारीबाग। पूर्व रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष सह सूर्य षष्ठी छठ पूजा फल वितरण समिति के सचिव एवं भाजपा के युवा नेता सुधीर यादव पिक्कू की मां सावित्री देवी का बड़ा बाजार मल्लाह टोली स्थित आवाश से शव यात्रा शहर का भ्रमण करते हुए खिरगांव मुक्ति धाम पहुंचा। शव यात्रा में शहर व आस पास के लोगों सहित विभिन्न समुदाय,वर्ग के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। हर लोगों के जुबान पर एक ही बात थी की सावित्री देवी धार्मिक सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया करती थी। तथा गरीब गुरबों के दुःख के समय खड़ा रहा करती थी। मृदभाषी होने के नाते हर वर्ग समुदाय जाती विरादरी में सम्मान की दृष्टि से देखी जाती थी। मुहल्ले,परिवार एवं समाज में काफी लोकप्रिय थी। यही वजह है कि इनके शव यात्रा में सैकड़ों लोगों की आंखे नम थी। स्व. चमरू गोप की 67 वर्षीया पत्नी सावित्री देवी लंबे समय से बीमार चल रही थी। शनिवार को दोपहर में अपने आवास में अंतिम सांस ली। स्व. सावित्री देवी अपने पीछे तीन बेटे संजय यादव, सतीश यादव, सुधीर यादव पिक्कू व दो बेटियां सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गोलोक चली गई।

सरकार के विरोध में भाजपा का धरना प्रदर्शन

कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है : जेपी पटेल

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला समिति द्वारा 10 दिसंबर को शहर के सुभाष चौक के निकट कांग्रेस- झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता व संचालन जिला महामंत्री रंजन फौजी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन शिव कुमार महतो ने किया। आक्रोश प्रदर्शन में मांडू विधायक एवं विधानसभा सचेतक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी रही है। उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को फंसाकर करोड़ों रुपए हड़पने वाली कांग्रेस आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कई सौ करोड़ रुपए लूटने का कार्य किया है। कहा की वर्तमान राज्य सरकार ने राज्य में पिछड़े वर्ग को आरक्षण नहीं दिया है और इस कारण से नगर निकाय चुनाव को स्थगित कर रखा है। कहा की आज भाजपा सम्पूर्ण झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कर रही है। सबको मालूम है चार दिन से लगातार कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहु के ठिकानों से करोड़ों रुपए नकदी मिलना बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने इस पूरे मामले को इडी के हवाले करने की मांग केंद्र सरकार से की। उन्होंने झारखंड में बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज रामगढ़ में दिन में भी गोली चलने की घटनाएं घट रही हैं। जयप्रकाश भाई पटेल ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आप संभल जाईये नहीं तो भाजपा की सरकार बनते ही पाई पाई का हिसाब लिया जायेगा।

एक नजर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बरकट्ठा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड, सिकल सैल एनीमिया आदि की जाँच की गई।कार्यक्रम में जिला से सिविल सर्जन व जिला प्रशिक्षण पदाधिकारी द्वारा लाभुकों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। विदित हो कि शिविर का आयोजन पंचायत बेडोकला, तुइयो, कपका, गंगपाचो, गायपहाड़ी, सलैया में किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग बरकट्ठा के कर्मी, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, अनिल कुमार आजाद, सभी सबंधित पंचायत के मुखिया समेत अन्य लोग मौजूद थे।

भारत जकात मांझी परगना महाल की बैठक

बरकट्ठा। भारत जकात मांझी परगना महाल की बैठक प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक सूरजकुंड धाम में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा व संचालन प्रखण्ड सचिव मनोज मुर्मू ने किया। बैठक मे बरकट्ठा, बगोदर टाटीझरिया, चलकुशा, बरही के मांझी बाबा एवं समाज सेवी उपस्थित हुए। बैठक में आगामी 12 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय के मैदान में सोहराय सम्मेलन मनाने को लेकर चर्चा की गई। वही राम जी बेसरा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोहराय सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा इसलिए आप सबों की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में मनोज टुडू, बालेश्वर बास्के, सुरेश मुर्मू, कनाहाय बेसरा, दसो मुर्मू, साहेबराम मरांडी, दिनेश बास्के, नरेश बासके, मनोज मुर्मू, मनिलाल सोरेन, बाबूलाल मुर्मू, बीरेंद्र बस्के, बिनोद बेसरा आदि उपस्थित थे।

झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही की बैठक

बरही । स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय सभागार में झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद रुखरियार एवं संचालन तोखन प्रजापति ने किया. बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई. साथ ही नए साल में 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले पेशनरों को सम्मानित करने हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया. इसके लिए अध्यक्ष श्री रुखरियार सहित रत्नेश्वर प्रसाद केसरी, देवधारी प्रजापति एवं त्रिपुरारी पांडे को प्रत्येक सदस्यों को आमंत्रित करने की जिम्मेवारी दी गई. बैठक में बालेश्वर प्रसाद, देवधारी प्रजापति, रत्नेश्वर प्रसाद केसरी, श्री राम प्रसाद, सुशील कुमार गुप्ता, त्रिपुरारी पांडे, अब्दुल सत्तार अंसारी, बजरंग शर्मा, नारायण पंडित, राधानाथ भगत, भगवान प्रसाद, जागेश्वर महतो आदि उपस्थित हुए.

सदर विधायक की अनूठी पहल

14 दिसंबर को 25 जोड़ों का कराएंगे सामूहिक विवाह

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग । सदर विधायक मनीष जायसवाल और उनके परिवार के द्वारा एक अनूठी और प्रेरक पहल की शुरूआत की जा रही है। जिसके तहत जरूरतमंदों के सामाजिक स्थिति में सुधार करने और कन्या विवाह के बोझ को कम करने के उद्देश्य से उन्होंने समाज के 25 जोड़े का सामूहिक विवाह कराने का संकल्प लिया है। अपने संकल्प के अनुरूप 25 जोड़े के सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी भी जोर- शोर से शुरू कर दी गई। पिछले दिनों विधायक मनीष जायसवाल ने सुबह के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मिलकर उन्हें इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। विधायक मनीष जायसवाल द्वारा यह आयोजन आगामी 14 दिसंबर 2024 को डीपीएस स्कूल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए पूर्व में ही विधायक मनीष

जायसवाल और उनकी टीम के द्वारा समाज के 25 जरूरतमंद जोड़ों का चयन किया गया है। विधायक द्वारा इस समारोह के माध्यम से सभी 25 जोड़ों के परिणय सूत्र में बंधने और उसके उपरांत विदाई के साथ ही बेरोजगार दूल्हा को रोजगार से जोड़ने हेतु टोटो भेंट करने या जो पूर्व से रोजगार से जुड़े होंगे उन्हें बाइक या फिर दुल्हन के नाम से एफडी भेंट करने के साथ सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान सहित कई उपहार भी देने की योजना है ।

ओम डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ, शामिल हुए पूर्व विधायक

बरही। रविवार को धनबाद रोड स्थित ओम डायग्नोस्टिक सेंटर का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया. इससे पूर्व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन किया. मौके पर उन्होंने संचालक उमेश कुमार दास व राजकुमार केशरी को शुभकामना देते हुए कहा कि डायग्नोस्टिक सेंटर चालू हो जाने से यहां के लोगों को सहूलियत मिलेगी. अब जांच के लिए बाहर नही जाना होगा. मौके पर संचालक ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया. इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहीप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, विहीप प्रखण्ड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, अशोक यादव, युगल यादव, पिंटू केशरी, कैलाश ठाकुर, सचिन यादव, भूपेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे.

आईसेक्ट विवि में नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में रविवार को 10वीं, 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए नॉलेज ओलंपियाड का आयोजन किया गया, जिसमें आईसेक्ट इंटर कॉलेज, इंटर साइंस कॉलेज, बिरसा मेमोरियल हाई स्कूल, प्लस टू हाई स्कूल बगोदर, गुरूग्राम पब्लिक स्कूल, विवेकानंद सेंट्रल स्कूल, प्लस टू हिंदू स्कूल, आरएम प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल टाटीझरिया, रेड रोज स्कूल, रामलखन साइंस कॉलेज, अल्फा कॉर्नर, एलेन कैमेस्ट्री एकेडमी, विजय फिजिक्स, रेजोनेंस एकेडमी, जेपी साइंस एकेडमी, एक्सेल एकेडमी सहित विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व संस्थानों से हजारों की संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। नॉलेज ओलंपियाड में अलग-अलग वर्गों के कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिसमें सामान्य ज्ञान, तर्क ज्ञान, सामान्य विज्ञान, संख्यात्मक क्षमता और कंप्यूटर पर आधारित प्रश्न पूछे गए थे। सभी विद्यार्थी परीक्षा के बाद काफी उत्साहित नजर आए। विद्यार्थियों ने कहा कि ऐसे परीक्षाओं से हमसब का आत्मविश्वास बढ़ता है और जिंदगी में कुछ बेहतर करने की प्रेरणा भी मिलती है।

बरकट्ठा में भारत संकल्प यात्रा के तहत किसानों को किया गया जागरुक

बरकट्ठा। विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के तहत बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम गयपहाड़ी में इफको के अधिकारी भानु प्रताप सिंह द्वारा इफको तरल नैनो यूरिया एवं डीएपी के विषय में कृषक महिलाओं एवं पुरुषों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीटीएम चिंताहरण पाठक, कृषक मित्र हीरालाल प्रसाद, आशिकुर रहमान, अशोक कुमार, विनोद ठाकुर आदि मौजूद थे। मौके पर कृषि में प्रयोग होने वाले नवीनतम उर्वरक जैसे इफको तरल नैनो यूरिया, इफको तरल नैनो डीएपी, उनके गुण, प्रयोग विधि ,प्रयोग मात्रा एवं उचित समय साथ ही बोरे वाले यूरिया, डीएपी से होने वाले मृदा एवं वातावरण को नुकसान के बारे में भी किसानों को जागरूक किया गया। तथा सरकार द्वारा बोरे वाले खाद में दिए जाने वाले अनुदान के बारे में भी किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में किसानों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी दिया गया।

रामगढ़ : आंदोलन कर पारा शिक्षक याद कराएंगे हेमंत सोरेन को उनका वादा

रामगढ़। पारा शिक्षकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर अपना वादा भूलने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे को लेकर झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले रामगढ़ में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शामिल पारा शिक्षकों ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने चुनावी दौरे में यह कहा था कि उनकी सरकार बनते ही पर शिक्षकों को वेतन का भुगतान किया जाएगा। लेकिन अब इस सरकार का अंतिम वर्ष चल रहा है। हेमंत सोरेन ने अपने उसे वादे को बुलाकर पर शिक्षकों को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है। बैठक की अध्यक्षता उतरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष भागवत तिवारी ने की। इस बैठक में उपस्थित सहायक अध्यापक साथियों ने विचार व्यक्त किया तथा सबने मिलकर झारखंड सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया । वक्ताओं ने कहा कि अब तक हम सबका मूल मांग वेतनमान नहीं मिला ,जो खेद जनक है। झारखंड के समस्त सहायक अध्यापक पूरा विश्वास किए थे कि झारखंड में आदिवासी मूलवासी की सरकार बनेगी तो आम पारा शिक्षक जो आदिवासी मूलवासी है उनका उद्धार होगा। किंतु वो विश्वास टूट गया। सरकार को उसके वादे याद दिलाने के लिए पारा शिक्षक अब विधानसभा के समक्ष 19 दिसंबर को प्रदर्शन करेंगे। अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो 28 दिसंबर से मुख्यमंत्री आवास के समक्ष पारा शिक्षक अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ जाएंगे।

प्रखंड के डीलर संघ ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

मांगें पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे : जागेश्वर यादव

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के डीलर संघ बरकट्ठा ने रविवार को काला बिल्ला लगा कर बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता डीलर संघ अध्यक्ष जागेश्वर यादव व संचालन नंदलाल तिवारी ने किया। डीलर संघ ने बैठक में निर्णय लिया कि अगर सरकार डीलरों की मांग को 31 दिसम्बर तक पूरा नहीं किया तो नया वर्ष 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा। वही अध्यक्ष जागेश्वर यादव ने कहा कि सरकार हमलोगो का कोरोना काल से पीएमजीकेएवाई योजना का बकाया कमीशन का भुगतान नहीं किया है। वह अतिशीघ्र भुगतान करें। कहा कि कमीशन 1 रुपये के जगह 3 रुपया लागू की जाए, अनुकंपा नियम पुनः लागू किया जाए। वही सचिव नंदलाल तिवारी ने कहा 15 दिसम्बर तक सभी डीलर काला बिल्ला लगा कर काम करेंगे। 15 तारीख के बाद केंद्रीय कमिटी के निर्देश के अनुसार आगे का कार्य किया जायेगा।उन्होंने कहा कि सरकार हमलोगों की मांग को पूरा नही करती तो 1 जनवरी से हड़ताल किया जाएगा। मौके पर डीलर महेश्वर प्रसाद, लालधरी प्रसाद, सहदेव यादव, रामेश्वर महतो, राजेश कुमार, बिरेंदर रजक, राहुल कुमार गुप्ता, लालू महेन्दर प्रसाद, मांझी, मिथलेश रविदास, दुलारचंद महतो, रोजन अली, विनोद पासवान, फूलचंद साव, ललन यादव, जिबलाल प्रसाद आदि शामिल थे।

जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार के लिए उम्मीद फाउंडेशन ने किया पोस्टर लॉच

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड का सर्वोच्च प्रतिष्ठित खेल पुरस्कार जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 को लेकर उम्मीद फाउंडेशन ने पोस्टर लॉच किया. आगामी 3 जनवरी 2024 को झारखंड का प्रतिष्ठित और सर्वोच्च जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन को लेकर रविवार को रांची मोहराबादी मैदान स्थित ट्राइका रेस्टुरेंट में पोस्टर का विमोचन किया गया। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, फिल्म निर्देशक नंदलाल नायक, नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा, अंतू तिर्की, अश्विनी शर्मा, हेमलाल मेहता, जनक नायक, संगीता तिर्की, राम अवतार केरकेट्टा, गोपाल पांडे, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव आदि की उपस्थिति में पोस्टर का अनावरण किया गया।



हजारीबाग यूथ विंग ने किया कंबल का वितरण

हजारीबाग। हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा जिले में प्रचंड ठंड को देखते हुए पहली पाली में 500 कंबल का वितरण किया गया था वहीं दूसरी पाली के लिए 500 कंबल मंगाया गया है, इसी क्रम में कदमा स्थित हरिजन बस्ती तथा जिले के विभिन्न इलाकों में जरूरतमंद, असहाय, वृद्ध जनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। करीब 100 से भी अधिक लोगों को कंबल दिया गया। कंबल वितरण की सेवा फरवरी माह तक निरंतर रूप से चलता रहेगा इस बीच शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जाएगी। जरूरतमंद, असहाय, वृद्ध जनों को कंबल प्राप्त होने के बाद उनके चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिली उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अपना आशीष आशीर्वाद प्रदान किया। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग सदैव जरूरतमंदों की सेवा के लिए तत्पर है। साथ ही कहा की लोगो की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।

बरही : सद्भावना विकास मंच की बैठक में उद्देश्य और संगठन विस्तार पर चर्चा

बरही । एनएच 33 स्थित होटल हर्षित राज में सद्भावना विकास मंच की बैठक हुई. जिसमें बरही, पदमा, चौपारण, चंदवारा के कई कार्यकर्ता शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता मंच ने केंद्रीय अध्यक्ष राजसिंह चौहान और संचालन सचिव कुंदन कुमार ने किया. उन्होंने मंच के उद्देश्यो पर जोर देते हुए सदस्यो से सामाजिक कटुता दूर करने और जनकल्याण के कार्यों पर जोर दिया. उन्होंने बताया की मंच का एकमात्र उद्देश्य जनहित और जनकल्याण भाव से निःस्वार्थ तरीकों से समाजसेवा करना है. मंच की मजबूती पर जोर देते हुए शीघ्र ही मंच के विस्तार की बात कही. उपस्थित लोगों को एक बार फिर मंच का उद्देश्य बताया. उन्होंने बताया कि मंच प्रशासन के साथ मिलकर जनकल्याण के कार्यों के लिए समर्पित भावना से कार्य करेगा.

पल्स पोलियो अभियान का डीसी ने किया शुभारंभ

पौने दो लाख बच्चों को ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा रविवार को सदर अस्पताल रामगढ़ में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाने के उपरांत सभी जिले वासियों से अपने 5 वर्ष तक के बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक जरूर पिलाने की अपील की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त को 12 सितंबर तक जिले में चलने वाले पल्स पोलियो अभियान एवं लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तैयार किए गए माइक्रो प्लान की जानकारी दी गई। वहीं, उपायुक्त द्वारा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सफलतापूर्वक पल्स पोलियो अभियान संपन्न कराने के लिए

शुभकामनाएं दी गई। गौरतलब है की प्लस पोलियो अभियान के प्रथम दिन यानी 10 दिसम्बर को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं वही 11 एवं 12 दिसम्बर को सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले के लगभग 1लाख 72 हजार 425 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जानी है। इस दौरान डीआरसीएचओ, जिला मलेरिया पदाधिकारी, डब्लूएचओ के एसएमओ, पल्स पोलियो अभियान से संबंधित राज्य स्तरीय पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

सदर अस्पताल में धनंजय कुमार पुटूस ने किया पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

रामगढ़। रामगढ़ के पुराना सदर अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर ठाकुर मृत्युंजय सिंह की उपस्थिति में ₹पल्स पोलियो अभियान₹ का रविवार को शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने बच्चे को पोलियो की खुराक पिला कर अभियान का शुभारम्भ किया । इस दौरान रामगढ़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगो ने अपने जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाया ।

औद्योगिक क्षेत्र पतरातू स्थित सीमेंट फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर की मौत

पतरातू। औद्योगिक क्षेत्र पतरातू स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर की रविवार को मौत हो गई। जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र पतरातू स्थित सीमेंट फैक्ट्री में काम कर रहे (पहले इस फैक्ट्री का नाम बर्नपुर सीमेंट फैक्ट्री था) मजदूर हरदयाल कुमार महतो हॉपर मशीन में गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। प्लांट के ही बगल के गांव कटिया गांव के गरेवाटांड़ टोला निवासी हरदयाल महतो पिता राज किशोर महतो सुबह 6:00 बजे कार्य करने प्लांट आया था। जहां स्लग सॉफ्ट में गिरने से हरदयाल गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। तत्काल सहकर्मियों की ओर से हरदयाल को खैरा मांझी रोड स्थित निजी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां से गंभीर अवस्था में उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

अयोध्या से चलकर 'अक्षत कलश' पहुंचा रामरेखा धाम, विहिप ने की पूजा-अर्चना, किया स्वागत

एक जनवरी से कार्यकर्ता घर-घर बांटेंगे अक्षत

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। रविवार को प्रभु श्रीरामलला के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज श्रीरामरेखा धाम से शुरूआत किया गया। इस निमित्त पूजीत अक्षत कलश को धूमधाम से बाजे गाजे के साथ विश्व हिन्दू परिषद् के द्वारा श्रीरामरेखा धाम ले जाया गया। जहां सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में अक्षत ,आमंत्रण कलश सहित प्रभु श्रीरामजानकी, हनुमान , भगवान भोलेनाथ, जगरनाथ जी और राधाकृष्ण जी के विग्रहों का पूजन किया गया।सर्वप्रथम प्रभु श्रीराम के चरणों में पूजीत अक्षत आमंत्रण देकर उनके समक्ष प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त सर्व कार्य सिद्धि के लिए अनुग्रह पत्र पढ़ा गया। विश्व हिन्दू परिषद् से धाम के विकास समिति के पदाधिकारीयों ने प्रतिनिधि स्वरूप अक्षत आमंत्रण लिया।इसके साथ ही रविवार से

सिमडेगा जिले के प्रत्येक धर्मस्थल, मठ मंदिर और सरना में पूजीत अक्षत कलश का भ्रमण कराया जायेगा और पूजन कर समस्त देवी देवताओं का पूजन आह्वान कर प्राण प्रतिष्ठा के सर्व कार्यसिद्धि हेतु कामना की जायेगी। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव ने कहा आज बहुत ही हर्ष का समय है की प्रभु श्रीराम जिस जगह वनवास काल में चातुर्मास बिताकर गए हैं ।आज हम उस पवित्र जगह अयोध्या धाम से पूजीत अक्षत लेकर आये हैं।आज से 22 जनवरी तक पुरे जिले में पूर्ण उत्साह और हर्षोल्लास के साथ प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जायेगा। लगभग पांच सौ वर्षों के वनवास रूपी समय के बाद रामलला 22 जनवरी को अपने घर को अपने महल को जायेंगे और विराजेंगे। इन विगत वर्षों में लाखों बलिदान और कितने ही रूकावटों के बाद आज हम और हमारी पीढ़ी कितनी भाग्यशाली है की अपने प्रभु को उनके मंदिर में विराजते हुए अपनी आँखों से देखेंगे।यह अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की विजय है।अधर्मी और अहंकारी चाहे कितना भी बड़ा हो पर धर्म और सत्य के आगे घुटने टेक ही देता है उसकी हार ही होती है।प्रभु श्रीराम के जन्मभूमि में उनके मंदिर को कितने ही अधर्मी, अहंकारीयों ने तोड़ा पर जीत आखिर में हम सनातनियों की ही हुई।उन्होंने सभी को अपने अंदर रामत्व जगाकर रामराज्य रूपी समाज का निर्माण करने की बात कही। उन्होंने सबको संगठित रहकर विधर्मियो से मुकाबला करने की बात कही ताकि भविष्य में कभी कोई विधर्मी हमारे धर्मस्थलों को आँख उठाकर भी ना देखे।इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकर्त्ता और श्री रामरेखा धाम विकास समिति के पदाधिकारी के साथ सैकड़ों श्रद्धालू उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

मुखिया ने किया जैविक संसाधन केंद्र का उद्घाटन

ठेठईटांगर। प्रखंड के जामबाहर गांव में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी तथा तकनीकी सहायता प्रदान संस्था के द्वारा चल रहे एकीकृत कृषि संकुल प्रोग्राम अंतर्गत जैविक संसाधन केंद्र भजन्ती देवी के द्वारा खोला गया। इसका उद्घाटन टुकुपानी पंचायत के मुखिया रामचंद्र मांझी के द्वारा किया गया। इस संसाधन केंद्र में सभी तरह के जैविक खाद जैसे नाडेप खाद, वर्मी कंपोस्ट, केंचुआ खाद, बिजामबृत, जीवामृत तथा जैविक कीटनाशक जैसे ब्रह्मास्त्र, नीमस्त्र, अग्निअस्त्र आदि उचित मूल्य पर जैविक खेती करने वाले किसानों को मिलेगा। वर्तमान में ठेठईटांगर प्रखंड में बहुत सारे किसानों के द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा जेएसएलपीएस के द्वारा दिया जा रहा है इसमें रासायनिक खाद एवं कीटनाशक को छोड़कर लोग पुरानी परंपरा जैविक खेती की ओर लौट रहे है, इसमें जेएसएलपीएस के सहयोगी संस्था प्रधान के द्वारा किसानों को प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जा रहा है।

एक नजर

कोडरमा : संत प्रेम रावत महाराज का मनाया गया जन्मदिन

कोडरमा। झुमरी तिलैया के बिशुनपुर स्थित आश्रम में संत प्रेम रावत महाराज का जन्मदिन धूमधाम से उनके अनुयायियों ने मनाया. तीन दिनों का शिविर श्री हंस योग साधना केंद्र झुमरी तिलैया में रखा गया था. मौके पर संत प्रेम रावत महाराज के विचारों को श्रद्धालुओं के बीच रखा गया. उनका कहना है कि हर मनुष्य के अंदर शांति वास करती है. इसे महसूस करना हर एक मनुष्य का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए. जन्मदिन पर बिहार के अलावा अन्य राज्यों से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे. श्रद्धालुओं ने तीन दिनों तक बड़े प्रेम भाव से सेवा की और सत्संग का आनंद लिया.

कोडरमा : कैलाश राय विद्या मंदिर के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

कोडरमा। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया के विद्यार्थियों ने द पाठशाला कार्यक्रम में कई स्वर्ण पदक जीते. सफल प्रतिभागियों को द पाठशाला की ओर से आए हुए कन्हैया जी ने सम्मानित किया और पुरस्कार स्वरूप नगद राशि भी प्रदान की. 30 भैया-बहनों को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया. प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम करते रहने से अवश्य मिलती है. हमारे भैया बहन इसी प्रकार परिश्रम करते रहें, यही हमारी शुभेच्छा है.

बानो में युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

बानो। थाना क्षेत्र के बड़ाकाडुएल पंचायत अंतर्गत गांव निवासी 30 वर्षीय राजू मुंडा नामक युवक ने पारिवारिक विवाद में घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया ।युवक को इलाज के लिए बानो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ,जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

कोबांग के सैकड़ों ग्रामीणों ने थामा झापा का दामन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। प्रखंड के कोबांग टुकुटोली और चमरू टोली गांव के सैकड़ो लोगों ने झारखंड पार्टी का दामन थामा है। दोनों गांव के सैकड़ों लोग रविवार को एनोस एक्का के ठाकुरटोली स्थित आवास पहुंचे और स्थानीय जनप्रतिनिधि पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए झारखंड पार्टी से जुड़ने की बात कही। पूर्व मंत्री एनोस एक्का, संदेश एक्का, अभय विश्वकर्मा ने पार्टी का अंग वस्त्र देकर सभी लोगो का पार्टी में स्वागत किया। मौके पर एनोस एक्का ने सोमवार को पंडरीपंडी में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में भी सभी लोगों को आमंत्रित किया। एनोस एक्का ने कहा कि झापा जो कहती है वह कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला ही नहीं आसपास के जिला में भी झापा ही एक मात्र पार्टी है जो अपने काम के नाम पर वोट मांगती है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को मान सम्मान दिया जाएगा और क्षेत्र की समस्या को दूर किया जाएगा। मौके पर विरेंद्र मांझी, मुकेश गोप, दीपक मांझी, विरेन सोरेन, सुरज नायक, अनिल नायक, महेश मांझी, विरेंद्र यादव, कुलदीप टेटे, बिपिन डुंगडुंग, रामशीला मांझी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। पंडरीपानी इंट प्लांट में आज होगा झापा का कार्यकर्ता सम्मेलन झापा का कार्यकर्ता सम्मेलन सोमवार को पंडरीपानी ईट प्लांट परिसर में होगा। केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि सम्मेलन में लोस और विस चुनाव मे जीत सुनिश्चत करने के लिए बिगुल फूंका जाएगा।

गरजा पंचायत भवन में महिला हिंसा पर कार्यशाला आयोजित

सिमडेगा। गरजा पंचायत भवन में रविवार को एकल नारी संगठन के तत्वावधान में महिला हिंसा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर सभी ने एक स्वर में महिला हिंसा समाप्त करने की मांग बुलंद की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। जोसिमा का स्वागत संगठन की एभंजेलिस्ता कंडुलना एवं अगुस्टिना सोरेंग ने बुके देकर किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि केंद्र सरकार महिला हिंसा को रोकने के लिए कानून बनाने के नाम पर लीपापोती करने में लगी है। जबकि हकीहक तो यह है कि देश में महिलाओं पर हिंसा थमने के बजाय दिनों दिन तेजी से बढ़ता ही जा रहा है। दिल दहला देने ही घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे खुलेआम सड़को में घूमते नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि आजकल का दौर ऐसा है कि लड़कियों के लिए भारत की सड़कें सुरक्षित नहीं हैं। वह किसी भी काम से रात को घर से बाहर नहीं निकल सकतीं। रात कितनी भी सुंदर या रूमानी क्यों न हो, रात हमारी बहन बेटियों की या हम महिलाओं की नहीं हो सकती।

जीईएल चर्च शिवनाथपुर के कटनी पर्व में शामिल हुए पूर्व मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/कोलेबिरा। प्रखंड के शिवनाथपुर स्थित जीईएल सर्च शिवनाथपुर में रविवार को धूमधाम के साथ मसीह समुदाय के द्वारा कटनी पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य रूप से मौजूद रहे जहां पर आगंतुक अतिथियों का उपस्थित लोगों के द्वारा पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं माला पहनकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा हमारा क्षेत्र कृषि आधारित क्षेत्र है जहां पर जीविका पार्जन कृषि से संभव है ।इस क्षेत्र में धान की फसल काटने के बाद सभी लोग ईश्वर को धन्यवाद देने के लिए कटनी पर्व का आयोजन करते हैं। और इसी के निमित्त आज यह पर्व का आयोजन किया है और परमपिता परमेश्वर को अच्छी फसल देने के लिए सभी लोगों ने धन्यवाद दिया है ,क्योंकि इस संसार को चलाने के लिए परमपिता परमेश्वर की मर्जी होती है। उन्हीं के बनाये इस संसार में हम सभी खेती करते हैं और ईश्वर प्राकृतिक आपदा एवं सभी प्रकार के संकटों से हमारे फसलों को बचाता है ईश्वर की कृपा से नुकसान नहीं होता है और सुरक्षित रहता है ।जिसके बाद हम सालों भर अपने परिवार का गुजारा उसी से करते हैं ।इसीलिए हम सभी को इस प्रो में ईश्वर को धन्यवाद देने की आवश्यकता है ।आप समाज को एक सूत्र में बांधते हुए मजबूत करें समाज में पहले अंधविश्वासों को हटाए और समाज के युवा वर्गों को आगे

ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार घायल, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

ठेठईटांगर। थाना क्षेत्र के बोलबा मोड़ के पास रविवार को ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पीसीआर वाहन के माध्यम से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा जहां पर उसकी इलाज चल रही है। व्यक्ति की पहचान लातेहार जिला के सरजू थाना क्षेत्र अंतर्गत घासी टोली गांव निवासी रमेश उरांव के रूप में की गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति उड़ीसा के झारसुगुड़ा में एक कंपनी में काम करता है और रविवार को मोटरसाइकिल लेकर अपने घर आ रहा था इसी दौरान अचानक ट्रक की चपेट में आकर वह घायल हो गया इधर पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है वहीं घायल की सूचना परिवार वालों को दे दी गई है एवं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई।

चोरी के मामले में युवक को भेजा जेल

सिमडेगा। सिमडेगा सदर थाना की पुलिस ने चोरी के मामले में कुल्लूकेरागांव निवासी विक्रम नायक नामक युवक को गिरफ्तार करते हुए रविवार को जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता ने बताया कि विक्रम नायक नामक युवक द्वारा सिमडेगा शहरी क्षेत्र के एक जूता दुकान से चोरी की घटना को अंजाम दिया था ।जिसके बाद आरोपी के खिलाफ दुकानदार के द्वारा लिखित शिकायत की गई थी, जिसके आलोक में मामला दर्ज करते हुए आरोपी युवक को रविवार को मेडिकल जांच करते हुए जेल भेज दिया गया।

सिमडेगा जिला कांग्रेस के नए कार्यालय का उद्घाटन सह क्रिसमस मिलन समारोह आज

सिमडेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को होगा कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी,मंत्री व जिले के दोनों विधायक भाग लेंगे सोमवार को सुबह दस से 12 बजे तक खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र कार्य समिति की बैठक होगी। इसके बाद 12.05 बजे जिला कमेटी द्वारा आगंतुकों का स्वागत करने के बाद पार्टी नेता पैदल मार्च करते हुए प्रिंस चौक स्थित जिला कार्यालय का उद्घाटन 12.30 में किया जायेगा। इसके बाद दोपहर एक बजे अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में क्रिसमस मिलन समारोह का उदघाट्न किया जायेगा। उक्त क्रिसमस मिलन समारोह में झारखंड के कई बड़े कलाकारों के द्वारा गीत संगीत प्रस्तुति की जाएगी। जानकारी जिला प्रवक्ता रंधीर रंजन ने दी।

कोलेबिरा में पानी की किल्लत, जल मीनार बना शोभा की वस्तु

कोलेबिरा। प्रखंड कोलेबिरा पंचायत लचरागढ़ ग्राम कोम्बाकेरा टोला बगीचा टोली में जल जीवन मिशन के तहत सोलर आधारित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत खुले मैदान में जल मीनार लगाई गई है। जल जीवन मिशन के तहत बनी जलमिनर बनी सिर्फ शोभा की वस्तु,लोगों को नहीं मिल रहा है। इसका लाभ,लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के जिस उद्देश्य से इस जलमिनार को लगाया गया था। उसका ग्रामीण नहीं ले पा रहे हैं। लाभ लोगों के घर तक नहीं पहुंच रही है पानी।आम ग्रामीणों में रोश संवेदक पर लगा रहे हैं आरोप।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि खुला मैदान के बीच लगा जलमिनार बस महज एक शोभा की वस्तु बन कर रह गई है लगभग इस जल मीनार से 15 से 20 घरों को कनेक्शन मिला हुआ है लेकिन अगर वास्तविकता की बात कहें तो ठीक तरीके से दो घर में भी पानी नहीं हो पाती है सप्लाई।आसपास कहीं भी शुद्ध पानी पीने योग्य जलस्रोत नहीं है।जब यह जल मीनार लगा तो ग्रामीणों में उत्साह थी उन्हें लगा कि अब उनके घर में सीधे पानी पहुंच जाएगी? पर अब इसे संवेदक की लापरवाही कहें या कुछ और या तो जांच का विषय है मगर जिस उद्देश्य से यह जलमीनार लगा था इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है।

झारखंड मजदूर यूनियन जिला कमेटी का राजमिस्त्री सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम

केरसई। झारखंड मजदूर यूनियन जिला कमेटी के तत्वावधान में पर्यटक स्थल बुदाधार नदी किनारे में रविवार को राजमिस्त्री सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनियन के जिलाध्यक्ष दीपक लकड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने मजदूरों के साथ खड़ा रहने का भरोसा जातया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा शुरू से ही मजदूरों का ख्याल रखते रहे हैं और आगे भी रखते रहेंगे। कोरोना के समय भी दूसरे दूसरे राज्यों में फंसे मजदूरों को वापस लाने का काम विधायक ने किया है। सिमडेगा और केरसई में मजदूरों के लिए जल्द ही विधायक मद से रैन बसेरा का निर्माण विधायक भूषण बाड़ा ने करने की घोषणा की है। उन्होंने मजदूरों को अपने हक?और अधिकार के लिए जागरुक रहने की अपील की। वहीं विशिष्ट अतिथि ठेठईटांगर जिप सदस्य अजय एक्का व जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने कहा कि जिले में हमेशा से मजदूरों का शोषण होता रहा है। मजदूरों का दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी नहीं हुई। महंगाई के इस दौर में आज भी मजदूरों को 250 रुपए मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने मजदूरों को एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए आगे आने का आह्वान किया। मौके पर आसरेन एक्का, विक्रांत कुमार ठाकुर, आगुस्टिना सोरेंग, विश्वकर्मा, अमित कुमार, विष्णु कुमार, पुनम लकड़ा, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला कुजूर, विनिता केरकेट्टा, शांति आदि उपस्थित थे।

कुरडेग में मोर पुलिस मोंय पुलिस के तहत बालिका हॉकी प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। प्रखंड के खालिजोर चर्च मैदान में सिमडेगा पुलिस द्वारा आयोजित मोर पुलिस मोय पुलिस कार्यक्रम के तहत आज रविवार को खालीजोर चर्च मैदान में बालीका हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छः टीमो ने भाग लिया प्रतियोगिता का उदघाटन मैच कस्तूरबा स्कूल बनाम आर सी बालिका विद्यालय कुरडेग के बीच खेला गया ।जिसमें दोनो ही टीम कोई गोल नही कर सकी ,ट्राई ब्रेकर में आर सी बालिका विधालय की टीम 1--0 से बिजयी रही ।वहीं फाइनल मैच चाडरीमुण्डा बनाम हेठमा के बीच खेला गया जिसमें चाड़रीमुण्डा की टीम 1--0 से बिजयी रही। फाइनल मैच में बिजयी रही टीम को 18 दिसम्बर से सिमडेगा में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। इस दौरान थाना प्रभारी मनीष कुमार ने खिलाड़ियों को सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम , डायन प्रथा और मानव तस्करी के बारें में विस्तार पूर्वक बताते हुए इनसे बचने के उपाय बताये।

सिमडेगा : कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा भाजपा ने दिया धरना

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर 300 करोड़ से अधिक नगद राशि मिलने पर कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने महावीर चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि जनता के सामने कांग्रेस का भ्रष्टाचारी चेहरा सामने आ गया है । एक राज्यसभा सांसद के पास 300 कोरोड़ मिलना जो कि गिनती अभी जारी है। ये आंकड़ा 700 करोड़ तक पहुंच सकती है । कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है और लगातार सत्ता में रहती है तो लोगों को लूटने का

काम करते हैं लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार लगातार भ्रष्टाचारियो पर लगाम लगाने का काम कर रहे हैं और आने वाले दिनों में वर्तमान झारखंड की सरकार को भी सत्ता से बेदखल करने का काम किया जाएगा । पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस के संसद के पास पैसे मिले हैं यह चौंकाने वाला है आईटी के इतिहास में इतना बड़ा रकम कभी नहीं मिला था। कांग्रेस पार्टी एक और कहती है कि गरीबी दूर करेंगे लेकिन जिस प्रकार से गरीबी दूर करने के नाम पर पैसे को तिजोरी में बंद कर रख गरीबों को लूटने का काम कर रही है। यह अब नहीं चलेगी केंद्र में बैठी मोदी सरकार गिन गिन कर सभी से इसका हिसाब लेगी।

बच्चों में उत्साह

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, एसपी अनुदीप सिंह ने कहा

पुलिस का सहयोग कोडरमा के खिलाड़ियों के साथ

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. फाइनल मैच आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड और मेरिडियन अकादमी के बीच खेला गया. आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ ने इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया. मौके पर कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले इस प्रकार के आयोजन से न केवल शहर बल्कि सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है. खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर अपने माता-पिता का और जिला का नाम रौशन करते हैं. कोडरमा के खिलाड़ियों में प्रतिभा भरमार है.

पुलिस प्रशासन द्वारा खेल के क्षेत्र में हमेशा सहयोग किया जाएगा. मौके पर केडीसीए सचिव दिनेश सिंह, विवेकानंद चौधरी, अनिल सिंह, मनोज सहाय पिंकू, विनोद विश्वकर्मा, सुनील जैन,कृष्णा बरहपुरिया, आलोक पांडे,पंकज सिंह, राकेश पांडे, सुरेंद्र प्रसाद, सुमन कुमार, सोनू खान, पवन सिंह, धर्मेंद्र कौशिक, धर्मेंद्र सिंह, विशाल सिंह, राजू यादव, धीरज पांडे,अमित कुमार,मुकेश प्रभाकर, ओमप्रकाश, दिगंबर जैन स्कूल के प्रिंसिपल मनोज सिंह, झारखंड पब्लिक स्कूल के राजीव रंजन सिन्हा, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय के दीपक यादव, कबड्डी एसोसिएशन के सचिव धर्मेंद्र सिंह, तीरंदाजी संगठन के सचिव विशाल सिंह, वालीबॉल एसोसिएशन के सचिव राकेश पांडे कुमार,सुनील कश्यप, हर्ष सिंह, विकास सिंह, मनोज झा, शैलेंद्र कुमार बंटी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे.

आज से कबड्डी प्रतियोगिता 40 टीमें दिखाएगी दमखम

कोडरमा। जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित 9वां अंतर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता 11 दिसंबर से सीएच स्कूल मैदान प्रातः 9 बजे से शुरू हो रही है. प्रतियोगिता में कुल 40 टीमें भाग ले रही है. अंडर 14 बालक एवं बालिका टीम, अंडर 17 बालक एवं बालिका टीम शामिल हैं. इस प्रतियोगिता के चेयरमैन विशाल सिंह समेत कोडरमा जिला कबड्डी संघ के सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष संदीप कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षक एवं भव्य आयोजन किया जा रहा है. प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सीनियर खिलाड़ियों समेत तकनीकी अधिकारियों के साथ लगातार कार्य किया जा रहा है. सभी प्रतिभागियों के लिए उत्तम व्यवस्थाएं की जा रही है.

एक नजर

सरना प्रार्थना सभा समाज को एकजुट करता हैः आशा

रांची। कांके रोड मिसिर गोंदा के मुख्य सरना पूजा स्थल में सरना प्रार्थना सभा सह वर्षगॉठ का आयोजन किया गया। मौजा के मुख्य पाहन बिरसा पाहन ने सरना पूजा स्थल में झंडा गड़ी और अखड़ा पूजा स्थल में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पाहन के नेतृत्व 12 गॉवों के लोग सामूहिक रूप से विनती प्रार्थना कर बारह गॉव की खुशहाली सुःख समृधि की मनोकामनाएं की। कार्यक्रम मुख्य रूप से अध्यक्ष आशा उरांव, कोषाध्यक्ष कोयली उरांव, सचिव बसंती कुजूर, पतरा गोंदा के पाहन मालू पाहन, संरक्षक जगन्नाथ उरॉव, मंगा उरॉव, सुरेश टोप्पो, सरजू उरॉव, शिबू उरॉव, देव नारायण खलखो, माधो उरॉव, कृष्णा उरॉव, मुकेश लकड़ा, अनिल उरॉव, नकुल तिर्की, भानू उरॉव, मुन्ना गाड़ी, प्रदीप लकड़ा और अगन्तु तिर्की आदि मौजूद थे।

राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार ने संतोष कॉलेज का किया अवलोकन

रांची। राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो इ बालागुरुस्वामी ने संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन का अवलोकन किया। उनके साथ रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ एस.के. साहू थे। प्रोफेसर इ बालागुरुस्वामी ने संस्थान द्वारा जनजातीय क्षेत्र में गुणात्मक शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षक की भूमिका अहम है। शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों में रचनात्मकता एवं जिज्ञासा की प्रवृत्ति विकसित की जानी चाहिए। चरित्र एवं नैतिकता की बात करने की तुलना में इसके विकास की परिस्थितियों को गढ़ने की जरूरत है। महाविद्यालय के लीगल लिटरेसी क्लब एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में भी उन्होंने भाग लिया एवं अपने बहुमूल्य विचार विद्यार्थियों के साथ साझा किए। कार्यशाला में डालसा से पैनल लॉयर एवं पैरा लीगल वालंटियर उपस्थित थे। निदेशिका डॉ रश्मि ने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं के उन्नयन में विद्वत जनों के मार्गदर्शन व सुझाव की विशेष भूमिका होती है। मौके पर सभी व्याख्याता एवं प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे।

भाजपा कार्यकर्ता ने मृतक के परिजनों से मिल कर संवेदना व्यक्त की

बेड़ो। मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने रविवार को प्रखंड के पांडेपारा गांव में नरकोपी भाजपा एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष खेदुआ पहान के पिता बुधवा पहान का निधन हो गया। जिसकी जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक ने परिवार व स्वजनों से मिली और अपनी संवेदना व्यक्त की। और आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते स्वजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार वालों को आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में मैं आपके परिवार के साथ खड़ी हूं। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी,सुखदेव कच्छप, राजेश साहू,अनिल उरांव व ग्रामीण मौजूद थे।

8 बेंचों का किया गया था गठन, 7 करोड़ 84 लाख सरकारी राजस्व की वसूली

साल 2023 के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत में 8753 वादों का निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

वर्ष 2023 के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय चतरा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा वाजपाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीडीजे सह अध्यक्ष डीएलएसए सिंह एवं प्रधान नयाधीश कुटुंब न्यायलय कमल कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह, अपर जिला सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक देब्रत शर्मा व अन्य न्यायिक पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 8753 वादों का निष्पादन किया गया एवं 7,84,19,943 (सात करोड़ चौराशी लाख उन्नीस हजार नौ सो तेतालिश रुपए सरकारी राजस्व की वसूली हुई। वादों के निपटारे के लिए 8 बेंचों का गठन किया गया था। पहले बेंच में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह, सदस्य सीताराम यादव, सूरज अग्रवाल अधिवक्ता। दुसरे बेंच में राकेश चंद्रा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय, सदस्य अशोक कुमार साहू एवं राजीव कुमार श्रीवास्तव पैनल अधिवक्ता, तीसरे बेंच में मो. उमर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह अवर न्यायाधीश प्रथम, सदस्य सुजीत कुमार घोष एवं शिशिर कुमार पाण्डेय पैनल अधिवक्ता, चौथे बेंच में मनोज कुमार इंदवार अवर न्यायाधीश चचुर्थ सह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सदस्य दुखी प्रसाद एवं सौरभ कुमार मिश्रा पैनल अधिवक्ता, पांचवे बेंच में मिलन कुमार अवर न्यायाधीश पंचम सह न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, प्रवीण रंजन व दिलीप कुमार सिन्हा पैनल अधिवक्ता, छठे बेंच में मुक्ति भगत न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सह प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय बोर्ड, सातवें बेंच में रामनारायण खलखो कार्यपालक दंडाधिकारी, सदस्य अक्षय कुमार सिंह एवं दिनेश कुमार सिन्हा पैनल अधिवक्ता व आठवें बेंच में अजीत कुमार अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम, सदस्य प्रेम सिंह व मारुति जायसवाल शामिल थे।

7 माह से अधूरा पड़ा है मध्य विद्यालय का स्टेज निर्माण

गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय परिसर में 15वें वित्त आयोग की राशि से स्टेज का निर्माण किया जा रहा है, परंतु राशि भुगतान के चक्कर में स्टेज का निर्माण पिछले सात महीना से अधूरा पड़ा है। स्टेज अधूरा रहने से विद्यालय में किसी प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बच्चों के द्वारा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत करने में दिक्कत हो रही है। बताया जाता है कि स्टेज का निर्माण 2.49 लाख रुपये की लागत से की जा रही है। मुखिया व सचिव के द्वारा सिर्फ 15 हजार रुपये अग्रिम भुगतान किया गया है, जबकि स्टेज का निर्माण पीलिंथ लेवल तक हो चुका है। यहां तक कि कार्य की माफी पुस्तिका भी तैयार कर पंचायत कार्यालय को सौंप दी गई है, परंतु राशि भुगतान नहीं की जा रही है। इससे स्टेज का निर्माण अधूरा पड़ा है। विद्यालय के शिक्षक एवं लाभुक समिति के सदस्यों ने बीडीओ से राशि भुगतान करवाने की मांग की है।

पुलिस ने चलाया हेलमेट चेकिंग अभियान, दोषियों से वसूला जुर्माना

खूंटी। जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और इसमें दो पहिया वाहनों पर सवारों की हो रही मौत ने प्रशासन के कान खड़े कर दिये हैं। दो पहिया वाहनों की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रविवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सघन हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया और बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाते दर्जनों लोगों को पकड़कर उनसे जुर्माना वसूला गया। तोरपा थाना के एक कनीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि अब थाना में शराब के नशे की जांच के लिए मशीन भी अ गई है। इससे पता लगता है कि वाहन चालक शराब का सेवन कर बाइक चला रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि लोगों की सबसे बड़ी गलतफहमी है कि पुलिस हेलमेट के जांच के नाम पर आम लोगों को परेशान करती है, जबकि पुलिस सिर्फ उनकी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की चेतावनी दी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी पेट्रोल पंप सचालकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि वे बिना हेलमेट वाले दो पहिया वाहनों में पेट्रोल न दें।

बिरसा मृग विहार के पास दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

खूंटी। खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर बिरसा मृग विहार के पास रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पानी टंकी पिपराटोली खूंटी निवासी राजा चौधरी(20) के रूप में की गई है, जबकि घायल युवक आर्या मुंडा मुरहू थाना क्षेत्र के इंदीपीड़ी का रहने वाला है। घायल युवक भू अर्जन विभाग खूंटी में कार्यरत है। पिता की मौत के बाद 2019 में उसकी नौकरी लगी है। जानकारी के अनुसार आर्या मुंडा अपने दोस्त राजा चौधरी के साथ अपनी बाइक से अपनी बहन के घर तुपुदाना जा रहा था। बिरसा मुग विहार के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे राजा चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि आर्या मुंडा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आर्या और राजा को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजा चौधरी को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने आर्या मुंडा की गंभीर स्थिति को देखते हुए एसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक राजा चौधरी के पिता सोनू चौधरी अस्पताल पहुंचे। दोनों परिवार वालों का रो-रो बुरा हाल है। सोनू चौधरी ट्रक चालक हैं।

कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर कोई संगठन मजबूत नहीं हो सकता : कालीचरण मुंडा

खूंटी। अड़की प्रखंड के जोजोहातु ग्राम में रविवार को कांग्रेस के अड़की प्रखंड अध्यक्ष बसंत सेठ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और तमाड़ के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा और खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा कि पार्टी की मजबूती बूथ कमेटी तैयार होने पर ही संभव है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकताओं से ही कोई भी संगठन मजबूत होता हैं। कार्यकर्ताओं को अनदेखा कर कोई भी संगठन मजबूत नहीं हो सकता। जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहें और कांग्रेस के नीति-सिद्धांतों को गांव के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचने का काम करें।

पत्थर में ठोकर लगने से वृद्ध की मौत

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के सांसग पंचायत के समीप कोड़ास ग्राम के पास ठोकर लगने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान लातेहार पांडेपुरा पंचायत के मानिकपुरा निवासी भगवती साव (70) के रूप में की गई है। मृतक अहले सुबह अपने घर से किसी काम को लेकर सांसग ग्राम आ रहे थे कि तकरीबन 9:30 बजे कब्रिस्तान के पास बड़े से पत्थर में उनका पैर टकरा गया, जिससे वह गिर गए और चोट लगने से उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना मिलने के बाद परिजन वहां पहुंचे।

प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस कार्यकारिणी की पहली बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, अल्पसंख्यक कांग्रेस के झारखंड प्रभारी उमैर खान और रांची महानगर अध्यक्ष हुसैन खान विशेष रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने और भावी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गयी। बैठक में नवगठित कमिटी के पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि पार्टी झारखंड में नए सिरे से जनआंदोलन शुरू करेगी और भाजपा के काले कारनामों से जनता को अवगत कराएगी। इसके तहत फ्रंटल पार्टी अलग-अलग मोर्चे पर कार्य करेंगे। प्रदेश कमिटी झारखंड राज्य के हर कोने में पदयात्रा कर भाजपा के खिलाफ आंदोलन करेंगी। झारखंड प्रभारी उमैर खान ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए बूथ कमेटी को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कहा कि सभी एकजुटता के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाय। रांची महानगर हुसैन खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

धीरज साहू मामले में राजभवन के सामने भाजपा का धरना, गिरफ्तारी की मांग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों रुपये की बरामदगी को लेकर भाजपा ने रविवार को झारखंड के सभी जिला मुख्यालय में धरना दिया। रांची में भी महानगर भाजपा की ओर से राजभवन के समक्ष धरना दिया गया। धरने में विधायक सीपी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, कमाल खान समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने धरना देकर धीरज साहू को गिरफ्तार करने और केस को ईडी को सौंपने की मांग की। मौके पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही भ्रष्टाचार है। कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में लगे हैं। कांग्रेस ने यह पैसे जरूर तीन राज्यों के चुनाव में विधायकों की खरीद-फरोख्त और रिसार्ट पॉलिटिक्स के लिए रखा होगा। उन्होंने सांसद धीरज साहू को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इस पूरे मामले में ईडी और सीबीआई को भी सामने आना चाहिए और सांसद धीरज साहू से कड़ाई से पूछताछ की जानी चाहिए। कांग्रेस के जब सिर्फ एक सांसद के पास अरबों का कैश है, तो सोचिए पूरी पार्टी ने कितने खरब का गोलमाल किया होगा। धरना को केके गुप्ता, मनीष शाहदेव और सन्नी वर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

जिप सदस्य रमेश राम ने नये ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु

जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने रविवार को प्रखंड के गाडी गांव स्थित भंडार टोला में नये विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। जानकारी देते हुए जिप सदस्य राम ने कहा कि इस टोले में विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्व में लगाया गया ट्रांसफॉर्मर बीते छह माह से जला हुआ था, जिससे गांव में रहने वाले लगभग 40 घरों में विद्युत की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। इस कारण लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। ग्रामीणों की ओर से कई बार विभाग को सूचना देने के बाद भी कुछ पहल नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने मुझे इसकी जानकारी दी, जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर टोले में 100 केवीए का ट्रासफार्मर लगाने व छह माह का बिजली बिल माफ कराने की मांग की। नया ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों मे काफी खुशी देखी गई। मौके पर ज्योति प्रसाद, राजन भुईया, जितु भुईया, बैजु यादव, मनोज यादव, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केन्द्र में जयंती समारोह आयोजित

ब्रह्मा बाबा के कारण आध्यात्मिक क्रांति आ रही है : किशोर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का जन्म दिवस समारोह पिताश्री ब्रह्मा बाबा के 147वें जन्म दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केन्द्र हरमू रोड, में जन्म दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के जन्म दिवस पर दीप प्रज्ज्वलित और तथा केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। संबोधन में कि ब्रह्मा बाबा एक ऐसे विश्व व्यापी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक थे। जिसके द्वारा सम्पूर्ण विश्व में आध्यात्मिक क्रांति आ रही है तथा नव सष्टि की रचना हो रही है। आदित्य मल्होत्रा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अंधकारमय विनाशकालीन परिस्थिति में स्वयं परमात्मा ने ब्रह्मा बाबा को आदर्श युगपुरूष बनाया। विजय खोवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि मानव उनके समान बनने का लक्ष्य जीवन में धारण करे तो सहज ही विश्व का अंधकार तथा स्वयं के जीवन का अंधकार समाप्त हो जाय। डा अरूण कुमार वैज्ञानिक ने कहा ब्रह्मा बाबा ने स्वर्णिम युग की स्थापना के लिए मातृशक्ति का जोरदार आवाहन किया। केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा विश्व इतिहास का एक उज्ज्वल पक्ष मानव दृष्टि से ओझल रहा। जब विगत सदी के वर्ष 1937 में असाधारण व्यक्तत्व वाले प्रजापिता ब्रह्मा को विश्व पिता शिव ने माध्यम बनाकर स्वर्णिम युग का सूत्रपात किया। एक ऐसी बेहतर विश्व व्यवस्था की बुनियाद रखी जहाँ समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा स्वास्थ्य व समद्धि होगी।

जरूरतमंदों के बीच 350 कपड़े व कंबल का किया गया वितरण

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

बेड़ो प्रखंड के डुमरी मसिया गांव में रविवार को कपड़ा बैंक बेड़ो के द्वारा कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े, कंबल, साड़ी, जींस व बच्चों के कपड़े, सहित अन्य कपड़ों का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के सदस्यों के द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े गरीब, परिवार के बच्चे, बुजुर्ग, पुरुष एवं महिलाओं के बीच 350 कपड़ों का वितरण किया गया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बतलाया कि कपड़ा बैंक प्रत्येक रविवार को विभिन्न गांवों में जाकर जरूरतमंदों के बीच कपड़ा वितरण करती है। जिसमें आम लोगों का सहयोग रहता है, जो अपने घरों में पुराने नए अनुपयोगी कपड़ा, कपड़ा बैंक को देते हैं। और कपड़ा बैंक के सदस्य अपने अपने खर्च से कंबल खरीदकर बुजुर्ग लोगों को कंबल भी वितरित करती है। कपड़ा बैंक ठंड के मौसम में अधिक सक्रिय रहती है क्योंकि ठंड के मौसम में ठंड से बचने के लिए कपड़ों की जरूरत और अधिक बढ़ जाती है। खासकर बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचना ज्यादा जरूरी होता है। उन्हें विशेष रूप से ध्यान में रखकर कपड़ा बैंक कार्य करती है। कपड़ा बैंक बेड़ो की स्थापना 2020 में की गई थी तब से लगातार कपड़ा बैंक सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। कपड़ा बैंक कपड़ा देने वालों और जरूरतमंदों के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करती है। जो कपड़ा किसी के लिए अनुपयोगी हो गए हैं वो कपड़ा किसी के लिए तन ढकने और ठंड से बचने के लिए जरूरत है। कपड़ा पाकर लोगों की खुशी देखते बनती है और यही कपड़ा बैंक की सफलता है। वही कपड़ा वितरण में मासिया के आजाद अंसारी का सहयोग रहा साथ ही कपड़ा वितरण में कपड़ा बैंक के कैलाश कुमार, शक्ति साहू, सुनील महतो, मुकेश कुमार, रवि केशरी, अनुज कुमार गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

पूर्व आईएएस संजय सिंह और हृदयानंद कांग्रेस में शामिल

संजय और हृदयानंद के कांग्रेस में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी : अविनाश पांडे

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत अधिकारी डॉ. संजय सिंह और कारगिल युद्ध में अपनी भूमिका निभाने वाले हृदयानंद यादव ने रविवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस का दामन थाम लिया। झारखंड प्रदेश प्रभारी अश्विनी पांडे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की मौजूदगी में दोनों पार्टी में शामिल हुए।

मौके पर अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले इन दोनों लोगों का वह हार्दिक अभिनंदन करते हैं। कांग्रेस पार्टी में उनके आने से पार्टी में मजबूती मिलेगी। कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी का दामन थामा है। पार्टी के सैद्धांतिक विचारों पर चलने का उन्होंने वादा किया है। साथ में पार्टी और संगठन को भी मजबूत करने को लेकर भी वह काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार से जोड़कर कांग्रेस पार्टी बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। इस साजिश को कांग्रेस पार्टी नाकाम करेगी। डॉ. संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमने इसलिए ज्वाइन किया है क्योंकि, मैं इस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित हूं। मेरी मंशा कहीं से चुनाव लड़ने की नहीं है। मैंने ताउम्र प्रशासनिक अधिकारी रहकर जनता की सेवा की है। अब यही काम कांग्रेस पार्टी से जुड़कर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि अगर इतिहास देखें तो देश को बनाने में सबसे ज्यादा योगदान कांग्रेस पार्टी का ही रहा है और कांग्रेस ही देश की जनता के मूल स्वभाव को समझती और जानती है। देश की जनता भी कहीं ना कहीं कांग्रेस पार्टी पर विश्वास करती है। आने वाले समय में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। हृदयानंद यादव ने कहा कि यदि गोली-बारूद के मर्म को कोई जानता व समझता है तो वह कांग्रेस पार्टी है। उनके परिवार में कई लोगों ने कुबार्नी दी है। उन्होंने भी कहा कि सिर्फ चुनाव लड़ना उनकी मंशा नहीं है। पार्टी को मजबूत करना ही एकमात्र जिम्मेदारी है। 1992 में बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में बतौर लेक्चरर डॉ. संजय सिंह ने अपने करियर की शुरूआत की। कॉलेज में इन्होंने अंग्रेजी साहित्य विषय में योगदान दिया। 1993 में वो डिप्टी कलेक्टर बने और राज्य प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में कदम रखा।

भुइयां समाज कल्याण समिति के पुनः प्रखंड अध्यक्ष बने संजय भुइयां

कुंदा(चतरा)। कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में रविवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के प्रखंड समिति के पुनर्गठन को लेकर पर्यवेक्षक बिहारी कुमार भारती की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इंद्रदेव भारती ने किया। बैठक में समाज के लोगों ने सर्वसमति से संजय भुइयां को दूसरी बार अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का अध्यक्ष बनाया। मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष ने नव मनोनित प्रखण्ड अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं दूसरी बार प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर काहा की समाज के लोगों ने जो दायित्व मुझे पुनः दी ही इसे मैं पूरी निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा। उन्होंने कहा की मैं लगातार समाज उत्थान को लेकर प्रखंड क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रयासरत रहा हूं।

एक वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका एफओबी का निर्माण

लेआउट मार्किंग स्थल का उप प्रमुख, पंसस, सांसद प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा

बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन पर टोरी जंक्शन जंक्शन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज लेआउट मार्किंग स्थल का रविवार को प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बीती 6 नवंबर को हाजीपुर रेलवे जोन के जीएम अनिल कुमार खंडेलवाल, धनबाद रेलमंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा टोरी स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन के पश्चिम में प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज स्थल का उन्होंने निरीक्षण कर गति शक्ति नामक एजेंसी को फुट ब्रिज का निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 28 नवंबर को गति शक्ति एजेंसी ने फुट ब्रिज स्थल पर ले आउट मार्किंग कर छोड़ दिया है। जीएम हाजीपुर डीआरएम धनबाद के निर्देश के बाद भी गति शक्ति एजेंसी की नींद नहीं खुली है। फुट ओवरब्रिज की स्वीकृति मिले करीब एक वर्ष हो गया है। जनहित के कार्यों को हमेशा रेलवे विभाग अनदेखी करती आ रही है, यही कारण है कि इसका मार्किंग लेआउट हुए दस दिन से अधिक समय हो गया लेकिन अबतक फुट ब्रिज का निर्माण शुरू नहीं हो पाई है, जबकि अबतक इसे फाइनल हो जाना चाहिए था। मापी लेआउट कई बार की गई लेकिन इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया। फुट ब्रिज छोर आम रास्ता पर हाई स्कूल, गर्ल स्कूल, मिशन स्कूल, मीडिल स्कूल, पुस्तकालय स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय है, विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए रोज सुबह नन्हे बच्चे रेलवे लाइन पार कर जाते हैं, लेकिन छात्र छात्राओं की चिंता किसी को नहीं है, फुट ब्रिज बनने से प्रखंड के समुची आबादी को काफी राहत मिलेगी।

दोषी कौन?

झारखंड में अवैध निमार्ण व अतिक्रमण बड़ी समस्या बन कर सामने आ रही हैं। इसे हटाने को लेकर अभी तक कोई कारगर कदम का नहीं उठाया जाना समझ से परे है। ऐसी बात भी नहीं है कि कार्रवाई नहीं होती है। बस दिखावे के लिए। कुछ दिनों के बाद स्थितियां फिर वही हो जाती हैं। यही कारण है कि अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हैं। राजधानी समेत पूरे राज्य में अतिक्रमण धड़ल्ले से हो रहे हैं। सड़कों और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण आम बात है। प्रशासन द्वारा इसे हटाने के लिए सिर्फ कागजी कोरम पूरा किया जाता है। यह चिन्ता की बात है। शहर के तालाब, पोखर और नदियां अतिक्रमणकारियों के कब्जे में हैं। ऐसे में इस ओर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयानक होने की संभावना है। राज्य में यह समस्या बड़ी है। देखा जाये तो कई जगहों पर शांतिप्रिय लोगों के निजी जीवन इससे प्रभावित हो रहे हैं। यह गिरोह पहले उक्त जमीन को कब्जा करने के लिए किसी संस्थान या धार्मिक स्थल का झंडा गाड़ता है। बाद में धीरे-धीरे उस जमीन को कब्जा करता है। इस काम में सबकी सहभागिता रहती है। जमीन का म्यूटेशन कराकर उसे बेच दिया जाता है। ऐसे कारनामें राज्य के कई हिस्सों में बदस्तूर जारी है। इसके रोकथाम की दिशा में होने वाले प्रयास ईमानदारी से नहीं किये जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भयावह हैं। ब्लॉक स्तर पर सीओ,सीआई और कर्मचारी खुलेआम इसका उल्लंघन कर रहे हैं। यहां की राजनीति कुछ अलहदा हैं। म्यूटेशन के लिए खुलेआम पैसे की मांग की जाती है। ऐसा नहीं करने पर बेवजह लोगों को परेशान किया जाता है। वह जब चाहें जमीन का स्वरूप और नेचर बदल सकते हैं। गांव की सरकार भी इस खेल में लगी हुई है। सरकार के द्वारा आयोजित आपके द्वार कार्यक्रम में भी इस प्रकार के मामले प्रकाश में आये हैं। लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी कोरम पूरा किये जा रहे हैं। किसी भी राज्य के विकास में भूमि का निपटारा महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या झारखंड में इस दिशा में सार्थक प्रयास हो रहे हैं? अगर नहीं हो रहे हैं तो आगे आने वाले दिनों के लिए यह शुभ संकेत नहीं हैं। कारण जंगलों का इतिहास और भूगोल यहां कुछ अलहदा रहा है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग और सभी राजनीति पार्टियों को एकजुट होकर इस अभियान में लगना होगा। यह देखा गया है कि जब-जब नेचर के साथ छेड़-छाड़ की गई है,स्थितियां विस्फोटक हुई हैं। जमीन और उस पर अतिक्रमण एक सोची समझी साजिश है। झारखंड के पलामू में कोयल तट पर बसी एक आबादी नदी में बसी हुई है। बरसात में घरों में पानी आ जाने के बाद मुआवजे की मांग की जाती है। राजनीति के दलदल में एक विशेष समुदाय को खुश करने के लिए कोई कुछ नहीं बोलता है। यह अच्छी परंपरा नहीं है। स्वभाविक सी बात है कि अगर कोई नदी में घर बनायेगा तो पानी आयेगा ही। आखिर उस आबादी को बसने की खुली छूट किसने दी? इन सवालों के जंगल में आज भी कई अनुत्तरित प्रश्न आ खड़े हो जाते हैं। बावजूद उसका उत्तर किसी के पास नहीं है।

शहर के तालाब, पोखर और नदियां अतिक्रमणकारियों के कब्जे में हैं। ऐसे में इस ओर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयानक होने की संभावना है। राज्य में यह समस्या बड़ी है। देखा जाये तो कई जगहों पर शांतिप्रिय लोगों के निजी जीवन इससे प्रभावित हो रहे हैं। यह गिरोह पहले उक्त जमीन को कब्जा करने के लिए किसी संस्थान या धार्मिक स्थल का झंडा गाड़ता है। बाद में धीरे-धीरे उस जमीन को कब्जा करता है। इस काम में सबकी सहभागिता रहती है।

इन दिनों

डॉ. रमेश ठाकुर

सियासत अपने रंग-ढंग बदलती रहती है जिसकी पटकथा समय लिखता है, जो समय के साथ नहीं बदलता, समय उसे बदल देता है। समय की गति को समझने में कांग्रेस शायद गच्चा खा गई। पूर्वोत्तर से कांग्रेस का तकरीबन बोरिया-बिस्तर बंध चुका है। एक जमाना था, जब पूर्वोत्तर राज्यों में मुल्क के सबसे उम्रदराज सियासी दल 'कांग्रेस' का बोलबाला होता था। कांग्रेस के मुकाबले अन्य दल वहां बिल्कुल भी नहीं टिकते थे। चुनावी मौसम में सियासी लहर सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की ही बहती थी। फिर, चुनाव चाहे पंचायती हो, या लोकसभा का, सभी में पार्टी की विजयी सुनिश्चित हुआ करती थी। लेकिन अब सियासी परिदृश्य पहले के मुकाबले एकदम जुदा है। अवाम ने पुरानी पटकथाओं को नकार दिया है। कांग्रेस के लिए वहां स्थिति अब ऐसी है कि सूफड़ा ही साफ हो गया है। हाल ही में मिजोरम विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उसमें मात्र सिंगल सीट कांग्रेस को मिल पाई। पार्टी की इतनी बुरी हार, ऐसी दुर्गति होगी जिसकी कल्पना भी शायद कांग्रसियों ने सपने में कभी नहीं की होगी। उन्हें पटकनी ऐसे दल दे रहे हैं, जो कभी उनके सहयोगी होते थे, या फिर कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हैं। कांग्रेस का मरना इसी बात का तो सबसे ज्यादा है कि उनके सिखाये राजनीतिक ककहरा वाले दल उन्हें खदेड़कर सरकार बना रहे हैं। कुल मिलाकर अब हालात कांग्रेस के लिए वहां ऐसे बन चुके हैं जिससे दोबारा उभरना आसान नहीं होगा। उनका जनाधार और उनके खांटी कार्यकर्ता अब अपना रास्ता बदल चुके हैं। पूर्वोत्तर में कांग्रेस की ऐसी दुर्गति क्यों हुई? इस पर समीक्षा या आकलन करने की ज्यादा आवश्यकता इसलिए नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के बेदखली के कारण कुछ सामने दिखाई देते हैं। मोटे तौर पर कुछ कारण ऐसे हैं जैसे, स्थानीय नेताओं को इग्नोर करना, सभी फैसले दिल्ली में बैठे शीर्ष नेताओं द्वारा लेना, टिकट का वितरण सिफारिशों के जरिए होना, प्रदेश स्तरीय जमीनी मुद्दों को नकारना, वहां के नेताओं-कार्यकर्ताओं का अपमान-तिरस्कार करना और दिल्ली बुलाकर खुलेआम लज्जित करने वाले कारण प्रमुख हैं। यही वजह है कि 10 जनपद और पूर्वोत्तर राज्यों की दूरी धीरे-धीरे बढ़ती गई। तभी, पूर्वोत्तर राज्यों के नेताओं ने अपमान का कड़वा घूंट पीकर विगत वर्षों से खुद से निर्णय लिया कि अब वो दिल्ली पर निर्भर नहीं रहेंगे, अपना रास्ता खुद तय करेंगे। मिजोरम में इस दफे जेडपीएम को बहुमत मिला है, उसके ज्यातर नेता कभी दिल्ली का मुंह ताका करते थे। पर, जब से उन्होंने दिल्ली आना बंद किया और अपने यहां छोटे-मोटे एकाध दलों के साथ मिलकर संगठन बनाया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। मिजोरम में बिना किसी के सहयोग से जेडपीएम अपनी सरकार बना रही है। बहरहाल, सेवन सिस्टर्स कहे जाने वाले पूर्वोत्तरी क्षेत्र नगालैंड, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में कांग्रेस एक साथ नहीं पिछड़ी, बल्कि धीरे-धीरे खत्म हुई। 2014 में केंद्र से जैसे कांग्रेस की छुट्टी हुई। तभी से उपरोक्त राज्यों की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। बदली तस्वीर कांग्रेस के बूढ़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती भी रही। बावजूद इसके उन्होंने रोकने की जरा भी कोशिशें नहीं की? 2018 में मिजोरम विधानसभा के वक्त वहां से एक स्थानीय कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मौजूदा हालात पर सियासी विचार-विमर्श करने दिल्ली पहुंचा था। वो सोनिया गांधी, राहुल गांधी या फिर प्रियंका गांधी में किसी एक से मिलने के इच्छुक थे। लेकिन तीनों में किसी ने मिलने तक का समय नहीं दिया। वो प्रतिनिधिमंडल पांच दिनों तक दिल्ली में डेरा डाले रहा, उनसे मिलना गांधी परिवार ने उचित नहीं समझा। बल्कि उनको ये संदेश पहुंचाया गया कि प्रदेश के मुद्दों पर विचार करना और निर्णय लेना उनका काम है तुम वापस जाओ। सोचने वाली बात है। जब, लोकल लीडरशिप के साथ ऐसा व्यवहार किया जायेगा तो पार्टी का सूफड़ा साफ होना तय है। कमोबेश, हो भी कांग्रेस के साथ वैसा ही रहा। बल्कि, उससे और ज्यादा होता दिख रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस पूर्व विपक्ष की भूमिका में भी नहीं रही। स्थिति अगर ऐसी ही बनी रही तो वह दिन दूर नहीं, जब कांग्रेस की चर्चा वहां सिर्फ कागजों में ही हुआ करेगी।

पूर्वोत्तर में कांग्रेस के 'पराई' होने के निहितार्थ

हाल ही में मिजोरम विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उसमें मात्र सिंगल सीट कांग्रेस को मिल पाई। पार्टी की इतनी बुरी हार, ऐसी दुर्गति होगी जिसकी कल्पना भी शायद कांग्रसियों ने सपने में कभी नहीं की होगी। उन्हें पटकनी ऐसे दल दे रहे हैं, जो कभी उनके सहयोगी होते थे, या फिर कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हैं। कांग्रेस का मरना इसी बात का तो सबसे ज्यादा है कि उनके सिखाये राजनीतिक ककहरा वाले दल उन्हें खदेड़कर सरकार बना रहे हैं। कुल मिलाकर अब हालात कांग्रेस के लिए वहां ऐसे बन चुके हैं जिससे दोबारा उभरना आसान नहीं होगा। उनका जनाधार और उनके खांटी कार्यकर्ता अब अपना रास्ता बदल चुके हैं। पूर्वोत्तर में कांग्रेस की ऐसी दुर्गति क्यों हुई? इस पर समीक्षा या आकलन करने की ज्यादा आवश्यकता इसलिए नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के बेदखली के कारण कुछ सामने दिखाई देते हैं। मोटे तौर पर कुछ कारण ऐसे हैं जैसे, स्थानीय नेताओं को इग्नोर करना, सभी फैसले दिल्ली में बैठे शीर्ष नेताओं द्वारा लेना, टिकट का वितरण सिफारिशों के जरिए होना, प्रदेश स्तरीय जमीनी मुद्दों को नकारना, वहां के नेताओं-कार्यकर्ताओं का अपमान-तिरस्कार करना और दिल्ली बुलाकर खुलेआम लज्जित करने वाले कारण प्रमुख हैं। यही वजह है कि 10 जनपद और पूर्वोत्तर राज्यों की दूरी धीरे-धीरे बढ़ती गई। तभी, पूर्वोत्तर राज्यों के नेताओं ने अपमान का कड़वा घूंट पीकर विगत वर्षों से खुद से निर्णय लिया कि अब वो दिल्ली पर निर्भर नहीं रहेंगे, अपना रास्ता खुद तय करेंगे।

आप की बात

कब बदलेगी सड़क की सूरत

पलामू प्रमण्डलीय मुख्यालय से सटे चैनपुर की मुख्य सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। हाल यह है कि चैनपुर थाना से नेउरा तक सड़क में गड्ढा है कि गड्ढे में सड़क है पता नहीं चलता। बरसात के बाद तो इस सड़क से गुजरने के पहले भगवान का नाम जपना पड़ता है। इस सड़क से क्षेत्र के विधायक, सांसद व जिले के अधिकारी ही नहीं राज्य मंत्री भी गुजरते हैं। इसके बाद भी इस सड़क को ठीक करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। हाल के बरसात में सड़क की हालत से नाराज स्थानीय लोगों ने पूर्व जिला पार्षद के साथ मिलकर सड़क पर धनरोपनी की थी, लेकिन इसके बाद भी शासन - प्रशासन के कानों पर जू तक नहीं रेंगी। बतावें कि यह सड़क इस क्षेत्र की लाइफ लाइन है। यह सड़क पलामू को न सिर्फ गढ़वा बल्कि छतीसगढ़ से सीधे जोड़ती है। प्रति दिन हजारों छोटी बड़ी गाड़ियां इस सड़क से गुजरती हैं। दो सौ से अधिक हाईवा माइंस से पत्थर व छर्री लेकर आती जाती है। इसके बाद भी सड़क को ठीक नहीं किया जा रहा है। इससे न सिर्फ सड़क पर दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ गया है, बल्कि वाहन खराब होने से भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। हर जगह गुहार लगाकर थक चुके लोगों के जेहन में अब बस यही सवाल कौंध रहा है कि आखिर कब बदलेगी इस सड़क की सूरत।

सत्यनारायण प्रसाद, चैनपुर (पलामू)

प्रकृति

बेहिसाब नकदी की बरामदगी ने कांग्रेस व कैश को पर्यायवाची शब्द बना दिया

झारखंड में ऐसा नहीं है कि पहली बार किसी कांग्रेसी नेता के यहां से नकदी बरामद की गयी है। इससे पहले कांग्रेस के कुछ विधायक बड़ी मात्रा में नकदी के साथ पकड़े गये थे तब दिखाने के लिए कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था लेकिन जल्द ही पार्टी में उनकी बहाली भी हो गयी थी। कांग्रेस के नेताओं ने 'चौकीदार चोर है' का नारा लगाया लेकिन यह नारा नहीं चला, कांग्रेस के नेताओं ने उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरना चाहा और 'मोदानी' नाम से अभियान चलाया लेकिन इस अभियान की हवा निकल गयी। जानते हैं क्यों? क्योंकि जनता जानती है कि कलियुग में 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत ही चरितार्थ होती है।

नीरज कुमार दुबे

देखा जाये तो मोदी सरकार जब भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी करवाती है तो घमंडिया गठबंधन के सारे नेता एकत्रित हो जाते हैं व आरोप लगाते हैं कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिसरों से नकदी के जो बंडल पर बंडल निकल रहे हैं वह इस बात की जरूरत पर भी बल दे रहे हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत को बदला जाये क्योंकि चोर अब डकैत बन चुके हैं और तिनका अब बड़ी-बड़ी तिजोरियों का रूप ले चुका है। झारखंड के कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद हो रही नकदी सिर्फ टैक्स की चोरी नहीं है, यह सिर्फ गरीबों के हक का पैसा नहीं है, यह मध्यमवर्गीय परिवारों के हक पर भी कुठाराघात है जो समय पर सारी ईएमआई, कर और अन्य प्रकार के भुगतान करते हैं और बजट में जरा-सी राहत पाने का इंतजार करते रहते हैं। देखा जाये तो मोदी सरकार जब भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी करवाती है तो घमंडिया गठबंधन के सारे नेता एकत्रित हो जाते हैं और आरोप लगाते हैं कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। यही नहीं, ईडी के समन को तवज्जो नहीं देते हुए नेता चुनावी रैलियों के लिए निकल जाते हैं और कहते हैं कि मोदी सरकार हम पर अत्याचार कर रही है और हम ऐसे समन से डरने वाले नहीं हैं। लेकिन वक्त आ गया है कि भ्रष्ट राजनीतिज्ञों के मन में कानून का डर पैदा किया जाये। सवाल उठता है कि यह लूट और डकैती नहीं तो क्या है कि राजनीतिज्ञों के घर से सामान्य बैंक ब्रांचों से ज्यादा कैश बरामद हो रहा है।

आइये सुनें कथा

बोधि वृक्ष

ब्रह्म-काल के इस शापित संसार में सुख का नामो-निशान भी नहीं है क्योंकि यहां काल ने प्रत्येक व्यक्ति में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, मान-सम्मान, सुख-दुःख, प्रेम-घृणा आदि अनेकों विकार भर दिये हैं। सतमार्ग से भटके हुए भोले भाले लोग शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए तथा दुखों व दोषों से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न धार्मिक क्रियाएं करते हैं लेकिन पूजा करने का सही आध्यात्मिक मार्ग नहीं प्राप्त कर पाते। पहले के समय में ऋषि-मुनि धार्मिक कर्म यानि ध्यान (हठ योग) किया करते थे जिस के माध्यम से वे विभिन्न सिद्धियाँ प्राप्त कर लेते थे लेकिन शाश्वत स्थान सतलोक यानी मोक्षमय स्थल को प्राप्त नहीं कर पाये क्योंकि वे पूजा के मनमाने तरीकों का अनुसरण कर रहे थे। पुराणों जैसी प्राचीन पुस्तकों में विभिन्न लोककथाओं और दंतकथाओं का उल्लेख किया गया है। इस लेख का मुख्य उद्देश्य मार्कंडेय पुराण नामक एक प्रसिद्ध पुराण में से मनमानी और शास्त्र विरुद्ध धार्मिक प्रथाओं के बारे में व्याख्या करना है जो पहले ऋषियों, मुनियों, देवताओं और हमारे पूर्वजों द्वारा किये जा रहे थे, जिससे उन्हें कोई आध्यात्मिक लाभ नहीं मिल सका बल्कि वे जन्म और मृत्यु के दुष्चक्र में बने रहे। ना ही उनके विकार भंग हो सके बल्कि वे शैतान / ब्रह्म-काल के जाल में ही फंसे रहे।

पुराण क्या हैं?

पुराण दंतकथाओं, मिथकों, पारंपरिक विद्या से संबंधित तथ्यों को दर्शाने वाले हिंदू ग्रंथ हैं। हालांकि पुराण मुख्य रूप से संस्कृत भाषा में लिखे गये थे, लेकिन वर्तमान में पुराण कई अन्य भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध हैं। पुराण मुख्यतः साधु, संतों, ऋषि और मुनियों के व्यक्तिगत अनुभवों पर आधारित सच्ची कहानियों के इर्द-गिर्द घूमते हैं। 18 पुराणों में मार्कंडेय पुराण हिंदू भक्तों के बीच एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

X - से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में सोचना चाहिये

भारत में आंतरिक आर्थिक परिस्थितियां लगातार अनुकूल बनी हुई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के बाद द्वितीय तिमाही में भी 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक 8 दिसम्बर 2023 को समाप्त हुई और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने नीतिगत रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर यथावत बनाये रखा है, क्योंकि मुख्य रूप से भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में बनी हुई है। हालांकि अभी यह देश के मध्यावधि लक्ष्य 4 प्रतिशत के अंदर नहीं आई है। परंतु, भारतीय अर्थव्यवस्था जिस गति से आगे बढ़ रही है, इसे देखते हुए एवं आर्थिक विकास की दर को और अधिक गति देने के उद्देश्य से अब भारत में ब्याज दरों को कम किये जाने का समय आ गया लगता है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर का 4 प्रतिशत से अधिक बने रहने के पीछे मुख्य कारण तेल एवं खाद्य पदार्थों (फल, सब्जी, आदि) में अचानक वृद्धि होते रहना है। अन्यथा, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर तो लम्बे समय से रिणात्मक बनी हुए है एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मूल मुद्रा स्फीति की दर भी पूर्ण रूप से नियंत्रण में है। वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिस्थितियां जरूर भारत में ब्याज दरों को कम करने के पक्ष में नजर नहीं आ रही हैं। चीन सहित, विश्व के कई देशों में आर्थिक विकास दर कम हो रही है एवं इन देशों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों को अभी भी ऊंची दरों पर बनाये रखा गया है। इसी माह अमेरिका में सम्पन्न हुई फेडरल रिजर्व की बैठक में फेड रेट में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। चूंकि अन्य देशों में ब्याज की उच्च दर अभी भी बनी हुई है अतः अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बना हुआ है। इन परिस्थितियों के बीच यदि भारतीय रिजर्व बैंक भारत में ब्याज दरों को कम करता है तो भारतीय रुपए पर दबाव और अधिक बढ़ेगा।

प्रह्लाद सबनानी

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर का 4 प्रतिशत से अधिक बने रहने के पीछे मुख्य कारण तेल एवं खाद्य पदार्थों (फल, सब्जी, आदि) में अचानक वृद्धि होते रहना है।

टेक वर्ल्ड

1 जनवरी से बंद हो जायेंगे upi अकाउंट

NPCI ने नये दिशानिर्देशों में कहा है कि कुछ यूपीआई आईडी को इनएक्टिव कर दिया जायेगा। दरअसल, सभी बैंक और Google pay, Paytm, Phone Pe जैसे थर्ड पार्टी ऐप उन UPI आईडी को बंद करने जा रहे हैं जिनमें एक साल से ज्यादा समय से कोई लेनदेन नहीं किया गया है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी की NPCI ने नये दिशानिर्देशों की घोषणा की है। जिसमें कहा गया है कि कुछ यूपीआई आईडी को इनएक्टिव कर दिया जायेगा। दरअसल, सभी बैंक और Google pay, Paytm, Phone Pe जैसे थर्ड पार्टी ऐप उन UPI आईडी को बंद करने जा रहे हैं जिनमें एक साल से ज्यादा समय से कोई लेनदेन नहीं किया गया है। इसकी तय सीमा 31 दिसंबर तक रखी गई है।

उपयोग की गयी गाड़ी की कीमत

अगर आपकी UPI आईडी से कोई क्रेडिट या डेबिट नहीं किया गया है तो आईडी बंद कर दी जायेगी। नये साल से ग्राहक इन आईडी से लेनदेन नहीं कर पायेंगे। एनपीसीआई ने बैंकों और थर्ड-पार्टी ऐप्स को इन यूपीआई आईडी की पहचान करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया है। वहीं आपके संबंधित बैंक आपकी UPI आईडी को निष्क्रिय करने से पहले आपको ईमेल या संदेश के माध्यम से एक मैसेज भेजा जायेगा।

इसलिए उठाया जा रहा कदम : बता दें कि, एनपीसीआई को उम्मीद है कि इस नये नियमों से गलत व्यक्ति के खाते में पैसा ट्रांसफर होने से रोका जा सकेगा। हाल के वर्षों में इस तरह के कई मामले सामने आये हैं। लोग अक्सर नये फोन से जुड़ी यूपीआई आईडी को निष्क्रिय करने के बारे में याद किये बिना मोबाइल नंबर बदल लेते हैं। किसी अन्य यूपीआई आईडी को निष्क्रिय करने के बारे में याद किये बिना मोबाइल नंबर बदल लेते हैं।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

धीरज साहू आयकर छापा मामले में 5वें दिन भी जारी रही नोटों की गिनती

भुवनेश्वर। ओडिशा के बलांगीर जिले के सुदपाड़ा में स्थित कथित तौर पर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़ी एक डिस्टिलरी यूनिट से जब्त की गई नकदी की गिनती पांचवें दिन भी जारी है। कई गिनती मशीनें खराब हो गईं हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। कथित तौर पर गिनती मशीनों की तुरंत मरम्मत के लिए कुछ मैकेनिक बैंक में मौजूद रहे। एसबीआई के अधिकारियों ने मीडियाकर्मियों को बताया कि संबलपुर और टिटिलागढ़ ब्रांच में नोटों की गिनती खत्म हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि टिटिलागढ़ से 11 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं, जबकि संबलपुर में जब्त की गई राशि 37.50 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने दावा किया कि 176 बैगों में ब्रांच में लाई गई नकदी की गिनती के लिए बलांगीर की एसबीआई ब्रांच में लगभग 60 कर्मचारी और कई मशीनें लगाई गई हैं। अधिकारियों ने कथित तौर पर शनिवार रात तक 102 बैगों में रखी लगभग 140 करोड़ रुपये की नकदी की गिनती पूरी कर ली है।

अफसर ध्यान रखें, अब छत्तीसगढ़ में कुशासन का दौर नहीं : रमन सिंह

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ने आचार संहिता के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा चार सौ करोड़ रुपये जारी किए जाने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि अफसर याद रखें अब राज्य में कुशासन का दौर नहीं है। जनता की सरकार है। डॉ सिंह ने रविवार को एक्स पर कुछ दस्तावेज साझा करते हुए लिखा, ₹प्रदेश में आचार संहिता के दौरान पीएचई विभाग द्वारा 400 करोड़ की राशि किस प्रकार जारी की जा सकती है? उन्होंने आगे लिखा, विधानसभा

लालू-नीतीश की जोड़ी ने 33 वर्षों में बिहार को किया बर्बाद : चिराग पासवान

नवादा। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चिराग पासवान ने रविवार को नवादा में कहा कि 33 वर्षों के शासन में लालू- नीतीश ने बिहार को बर्बाद कर दिया है। जिस कारण बिहार के गरीब तबके के लोग रोटी -रोजी के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। चिराग पासवान वे रविवार की शाम नवादा के आईटीआई के मैदान में लोजपा रामविलास तथा लोक सेवक रामविलास पासवान वैचारिक स्मृति मंच के तत्वावधान में आयोजित जन संवाद यात्रा में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन चला रहे लालू तथा नीतीश कुमार की जोड़ी को ही विगत 33 वर्षों से बिहार में सत्ता चलाने का अधिकार जनता ने दिया है। लेकिन दोनों ने मिलकर बिहार में भ्रष्टाचार व लूट फैला कर गरीबों की रोटी ही छीन ली।

लगातार 15 दिन तक स्कूल नहीं आने वाले सरकारी स्कूलों से कटे 24 लाख बच्चों के नाम

अब नहीं मिल पाएगा किसी योजना का लाभ

एजेंसी। पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में 23 लाख नामांकन रद्द कर दिए गए हैं। असल में इन बच्चों के नाम पर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का बंदरबांट किया जाता था। चाहे पोशाक योजना हो, छात्रवृत्ति योजना हो, साइकिल इत्यादि अन्य योजनाएं हो, इनके नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग होता था। ऐसे में इस दुरुपयोग को रोकने के लिए केके पाठक के निर्देश पर लगातार 15 दिन तक स्कूल नहीं आने वाले छात्रों की पहचान कर नामांकन रद्द करने की प्रक्रिया जारी है। पिछले 3 महीने में लगभग 23.60 लाख विद्यार्थियों के नामांकन रद्द हुए हैं। प्रदेश के शिक्षा विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक कक्षा 1 से 12 तक के 23,59,735 बच्चों के नामांकन अब तक रद्द किए गए हैं। इसमें पूर्वी चंपारण में सर्वाधिक

146026 बच्चों के नामांकन रद्द किए गए हैं। इन बच्चों के नामांकन रद्द होने के बाद परिजनों की ओर से भी नामांकन रद्द करने के संबंध में कोई दावा आपत्ति नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक कक्षा 1 से 8 तक में सबसे अधिक बच्चों के नामांकन रद्द किए गए हैं, जिनकी संख्या 19,03,502 है।

बिहार के सरकारी स्कूलों में 23 लाख नामांकन रद्दः वहीं कक्षा 9 से 12 के 4,56,233 विद्यार्थियों के नामांकन रद्द किए गए हैं। विभाग की अपर मुख्य सचिव के के पाठक का स्पष्ट निर्देश है कि 15 दिनों तक लगातार अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के नामांकन को रद्द करें और यदि कोई छात्र-छात्रा तीन दिन तक लगातार अनुपस्थित रहते हैं तो प्रधानाचार्य द्वारा उनके परिजनों को नोटिस भेजा जाए।

अब नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभः हालांकि शिक्षा विभाग का यह स्पष्ट प्रावधान है कि 15 दिन

कक्षा 1 से 8 तक में सबसे अधिक बच्चों के नामांकन रद्द किए गये हैं

तक अनुपस्थित रहने पर जिन विद्यार्थियों के नाम काटे गए हैं, उनके परिजन आकर अंडरटेकिंग देते हैं कि आगे से बच्चे स्कूल में आकर पढ़ेंगे तो उनका दोबारा नामांकन होगा लेकिन विभाग की ओर से इस कार्रवाई के बाद यह देखने को मिला है कि काफी कम संख्या में ही नामांकन रद्द होने के बाद बच्चों की परिजन जाकर बच्चों के नामांकन को दोबारा करवाए हैं। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से विभाग को 500 करोड़ से अधिक का बचत होने का अनुमान है। जिन बच्चों के नामांकन रद्द हुए हैं उनके नाम पर अब विद्यालय में किसी प्रकार की कोई योजना का लाभ उपलब्ध नहीं होगा।

सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की तरह मेरी भी हो सकती है हत्या : बिट्टू बजरंगी

फरीदाबाद। राजस्थान के जयपुर में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के बाद गौरक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग फोन नंबरों से लगातार उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। शनिवार रात भी उन्हें धमकी भरा फोन आया है। गौरक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंगी को लगातार धमकियां मिलने पर पिछले दिनों कई समर्थक सहित तत्कालीन एनआईटी डीसीपी नरेंद्र कादियान से भी मिले थे और उन्होंने अपने लिए सुरक्षा की मांग की थी। बजरंगी का आरोप है कि तत्कालीन डीसीपी नरेंद्र कादियान ने उन्हें धमकाकर भगा दिया था और अपनी सुरक्षा स्वयं करने को कहा था। पुलिस तुम्हारे के लिए खाली नहीं बैठी है। गोगामेडी की हत्या के बाद बिट्टू बजरंगी ने बताया कि वह न केवल गोरक्षा के लिए बल्कि बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए काम करते है।

मुख्तार अंसारी के करीबी नगर पंचायत अध्यक्ष के घर चला बुलडोजर

घोषित था 25 हजार का इनाम

एजेंसी। गाजीपुर

बहादुरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित करने के दूसरे दिन जमीन पर बुलडोजर चलवाया। आरोप है कि अंतरप्रांतीय गैंग नं0 191 के माफिया सरगना मुख्तार अंसारी का प्रमुख सहयोगी रियाज अंसारी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी पत्नी निकहत परवीन की जमीन पर बहादुरगंज स्थित मौजा अब्दुलपुर खसरा नं0-1693 व 1694 1/3 के यानि 760 वर्ग फुट भूमि में बिना निर्माण मानचित्र स्वीकृत कराने के बाद अवैध निर्माण किया था, जिसे ध्वस्त किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी कासिमाबाद व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बहादुरगंज की उपस्थित रहे। बहादुरगंज नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैन और वर्तमान चेयरमैन रेयाज अंसारी की पत्नी निकहत परवीन की फर्जी अंकपत्र के सहारे नौकरी लेने के आरोप में गिरफ्तारी हुई थी। इस मामले वह वर्तमान समय में जमानत पर हैं। जबकि इस मामले में बहादुरगंज के नगर पंचायत चेयरमैन रेयाज अंसारी, तत्कालीन चयन समिति के अध्यक्ष परवेज जमाल, तत्कालीन प्रबंधक नजीर अहमद एवं तत्कालीन प्रधानाचार्य जियाउल इस्लाम आरोपी हैं, जिन्हें दबोचने के लिए स्थानीय पुलिस की टीम के साथ एसओजी भी जुटी हुई है, लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी है। ऐसे में पुलिस ने बीते दो दिसंबर को न्यायालय के आदेश पर इन सभी के मकानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर धारा 82 का नोटिस चस्पा की थी । एक दिन पहले चेयरमैन रेयाज अंसारी और उसके तीन सहयोगी को भगोड़ा घोषित कर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। साथ ही इनकी संपत्तियों का ब्योरा खंगालने में जुट गई है, जिससे निर्धारित समय के अंदर पेश न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जा सके।

ममता पटना में पूर्वी परिषद की बैठक में नहीं हुई शामिल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रविवार को पटना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल नहीं हुईं। इसके बजाय, पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व वित्त विभाग की प्रभारी राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य करेंगी। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने रविवार की सुबह पटना के लिए उड़ान भरी। शनिवार को मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि उन्होंने विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत पश्चिम बंगाल सरकार के बकाया राशि पर चर्चा के लिए 18 दिसंबर से 20 दिसंबर के बीच नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए समय मांगा है। रविवार सुबह पटना रवाना होने से पहले, चंद्रिमा भट्टाचार्य ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मीडियाकर्मियों से कहा कि चर्चा सिंचाई और स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दों पर होगी। हालांकि, उन्होंने 'कैश फॉर क्वेरी' मामले पर लोक सभा में कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित महुआ मोइत्रा का समर्थन करने के लिए सांसद दानिश अली को निलंबित करने के बसपा के फैसले पर मीडिया के सवालों का कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

अमौसी एयरपोर्ट : टर्मिनल तक लाने वाली बस में 87 लाख का सोना छोड़कर भागा तस्कर

लखनऊ। अमौसी एयरपोर्ट पर कस्टम ने 87.10 लाख रुपये का सोना बरामद किया। मस्कट की फ्लाइट से आया तस्कर इसे एयरपोर्ट टर्मिनल तक लाने वाली बस में छोड़कर भाग निकला था। तस्करों पर लगाम लगाने के लिए कस्टम के साथ सीआईएसएफ की इंटेलीजेंस यूनिट भी एयरपोर्ट पर डटी हुई है। बृहस्पतिवार को मस्कट से ओमान एयरलाइंस की फ्लाइट डब्लूवाई-261 दोपहर करीब तीन बजे लखनऊ पहुंची। इसके यात्रियों को एयरपोर्ट टर्मिनल तक लाने वाली बस में ड्राइवर को एक पैकेट नजर आया। उसने सीआईएसएफ की इंटेलीजेंस यूनिट के अजीत तिवारी को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची कस्टम की टीम ने सोने को कब्जे में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि पेस्ट के रूप में लाए गए 1.75 किलो के सोने की कीमत 87.10 लाख रुपये है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ कहता है महिलाओं को विरासत में हिस्सा मिलना चाहिए : मौलाना नदवी

लखनऊ। इस्लामिक विद्वानों का कहना है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ में कहा गया है, "महिलाओं- मां, बहन, पत्नी, बेटी, पोती, परपोती, सौतेली बहन, दादी और परदादी को पवित्र कुरान के निर्देशानुसार विरासत में हिस्सा मिलना चाहिए। इस्लामिक विद्वान मौलाना नसरुल्लाह नदवी ने शनिवार को लखनऊ के दारुल उलूम फरंगी महल में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) की देखरेख में आयोजित तफहीम-ए-शरीयत (शरीयत की समझ) सम्मेलन में बोलते हुए परिवार में महिलाओं की भूमिका के मुद्दे पर बात की। दारुल उलूम फरंगी महल के सचिव मोहम्मद नसरुल्लाह नदवी ने 'विरासत में महिलाओं की हिस्सेदारी' के विषय पर कहा, "इस्लाम पहला धर्म है जिसने महिलाओं को शरीयत के मुताबिक उनके माता-पिता, पति और बेटे की संपत्ति में हिस्सा दिया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ में कहा गया है कि विरासत में हिस्सेदारी मां, बहन, पत्नी, बेटी, पोती, परपोती, सौतेली बहन, दादी और परदादी को दी जाएगी। यह कुरान के निर्देशानुसार है।

नीतीश कुमार यूपी से शुरू करेंगे लोक सभा का चुनाव प्रचार, पीएम मोदी को देंगे चुनौती

लखनऊ। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले 24 दिसंबर को रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा करेंगे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का हिस्सा है। बिहार के मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के सचिव (संगठन) श्रवण कुमार ने कार्यक्रम की पुष्टि की है। नीतीश कुमार की रैली के लिए स्थल को अंतिम रूप देने के लिए श्रवण कुमार ने कुछ स्थानीय नेताओं के साथ शनिवार को रोहनिया का दौरा किया। रोहनिया जनसभा में पूर्वांचल क्षेत्र के पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, जो लोकसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार की पहली रैली होगी। श्रवण कुमार ने कहा कि वाराणसी के अलावा, आजमगढ़, प्रतापगढ़, प्रयागराज, फूलपुर, अंबेडकर नगर और मिजार्पुर पर फोकस किया जाएगा। सत्तारूढ़ भाजपा पर कटाक्ष करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जाति और धर्म उनके एजेंडे में हैं जबकि हमारा एजेंडा भाईचारा और प्यार है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि (इंडिया गठबंधन) के कुछ नेताओं ने गलतियां कीं, जिसके कारण लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाने में थोड़ी देरी हुई। अब हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि आगे कोई गलती न हो।

मायावती ने भतीजे को घोषित किया अपना उत्तराधिकारी

आकाश आनंद संभालेंगे बसपा की कमान

एजेंसी। लखनऊ

साल 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई बहुजन समाज पार्टी ने सभी को चौंका दिया था। ऐसा पहली बार हुआ था जब उत्तर प्रदेश की राजनीति में किसी पार्टी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए बहुमत हासिल कर सत्ता पर कब्जा जमाया हो। देश भर में उत्तर प्रदेश में बसपा की जीत की चर्चा होने लगी, लेकिन पांच साल का कार्यकाल पूरा होते ही समाजवादी पार्टी ने बहुजन समाज पार्टी के अरमानों को बिखेरकर रख दिया और उससे भी ज्यादा सीटें लाकर बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हो गई। इसके बाद ये यह सिलसिला लगातार जारी है। दो बार से भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आ रही है, लेकिन लगभग डेढ़ दशक से यूपी समेत देश भर में बहुजन समाज पार्टी का ग्राफ गिरता ही जा रहा है। बसपा के राष्ट्रीय पार्टी होने पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। मायावती की

माया का असर अब जनता पर हो नहीं रहा है। पार्टी लगातार पाताल में समाने की ओर अग्रसर है। ऐसे में बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बड़ा दांव खेलते हुए अपने भतीजे आकाश आनंद को रविवार को पार्टी मुख्यालय पर आयोजित बैठक में उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। अब पाताल में समा रही पार्टी को आकाश की तरफ अग्रसर करने का दायित्व आकाश के कंधों पर होगा।आकाश होंगे बसपा के सर्वे-सर्वाः भतीजे आकाश आनंद बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद बहुजन समाज पार्टी के सर्वे-सर्वा होंगे। बुआ ने भतीजे को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। लंदन से पढ़कर आए आकाश आनंद ने जब राजनीति में कदम रखा तो मायावती ने सबसे पहले उन्हें बड़ा दायित्व सौंपते हुए बहुजन समाज पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया था। उन्हें मध्य प्रदेश और राजस्थान के विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी थी। मायावती ने आकाश पर खेला बड़ा दांवः आकाश ने अच्छा रिजल्ट दिया, जिसका नतीजा यह हुआ कि हुआ मायावती ने भतीजे आकाश आनंद पर दांव लगाते हुए उन्हें अपना उत्तराधिकारी बना दिया।

नन्हकू हत्याकांड में एसआईटी गठित, पुलिस की छापेमारी तेज

पूर्वी चंपारण। जिले के पताही थाने के गोनाही वार्ड संख्या- 5 में अविनाश सिंह उर्फ नन्हकू सिंह उर्फ नन्हक सिंह हत्या कांड को लेकर एसपी कौतेश कुमार मिश्र ने डीएसपी पकड़ीदयाल सुबोध कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है। पुलिस टीम ने हत्या में शामिल अपराधियों की खोज में सीतामढ़ी, शिवहर एवं पताही थाना क्षेत्र में छापेमारी की है। बताया गया है कि शाम को शम्भू राय के दरवाजे पर वह आग ताप रहा था, जहां और भी चार-पांच लोग थे। इस बीच दो अपराधी बाइक से वहां पहुंच कर ताबड़तोड फायरिंग शुरू कर दी। पोस्टमार्टम के दौरान नन्हकू को पांच गोली लगने की बात बताई गई। घटना स्थल पर आधा दर्जन से अधिक खोखा पुलिस ने बरामद किया है। गोली लगने के बाद वह पास में शंकर सहनी के आंगन में जाकर गिरा। परिजन उसे लेकर अस्पताल जा रहे थे तभी भंडार चौक पर उसकी मौत हो गई।

भ्रष्टाचार के दलदल में बना आईएनडीआईए कर रहा है देश को बांटने की कोशिश : गिरिराज

एजेंसी। बेगूसराय

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि आईएनडीआईए गठबंधन देश का बंटवारा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने एक बार फिर तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर जोरदार हमला किया है, इसके साथ ही राहुल गांधी, लालू यादव एवं नीतीश कुमार सहित गठबंधन के अन्य नेताओं पर भी प्रहार किया है। रविवार को बेगूसराय में आयोजित प्रेसवार्ता में गिरिराज सिंह ने महुआ मोइत्रा के संसद की सदस्यता बर्खास्त करने तथा कांग्रेस के साथ राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर से बड़े पैमाने पर नोट मिलने पर कहा कि आज घर्मांडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस कर रही है। लेकिन इस मामले पर पूरे महागठबंधन का जुबान बंद है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी चुप क्यों हैं, धीरज शाह के

पैसे कहां जा रहे थे। आईएनडीआईए गठबंधन के लोगों ने क्या नरेन्द्र मोदी को हराने के लिए यह पैसा जमा किया गया था। नरेन्द्र मोदी का संकल्प है भ्रष्टाचार पर नकेल, वह नकेल कसते रहेंगे, चाहे कितना भी बड़ा ताकत क्यों नहीं हो, उस पर कार्रवाई होगी। ममता बनर्जी के मंत्री जेल में हैं, केजरीवाल के मंत्री जेल में हैं ,कांग्रेस के लोग तबाह हैं। इससे जाहिर होता है कि यह लोग भ्रष्टाचार के दलदल में हैं, विपक्ष में नैतिक ताकत नहीं है। सोमनाथ चटर्जी जब लोकसभा के अध्यक्ष थे तो उन्होंने दस सांसदों को पैसा लेने के आरोप में बर्खास्त किया था। आज महुआ मोइत्रा को भी पैसा लेने के आरोप में ही बर्खास्त किया गया है। मोदी सरकार ने देश के कानून में बदलाव कर एफिडेविट लेने का प्रावधान किया है और साक्ष्य के ही आधार पर सदस्यता गई है। वोट किसी गठबंधन में नहीं जनता के पास है, जनता का मोदी पर विश्वास है, 2024 में चार सौ से अधिक सीट जीताकर जनता नरेन्द्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाएगी।

तैयारी

अयोध्या में रामलला की तीन प्रतिमाएं बनकर तैयार

प्राण प्रतिष्ठा के लिए सबसे सुंदर प्रतिमा चुनेंगे काशी के विद्वान

एजेंसी। अयोध्या

22 जनवरी को भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित के लिए रामलला की तीन प्रतिमाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। सूत्रों की मानें तो अगले सप्ताह भर के अंदर यह तीनों प्रतिमाएं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी के समक्ष अवलोकन के लिए आ जाएंगी। इसके बाद इन तीनों में सबसे सुंदर प्रतिमा की नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित की जाएगी। खास बात यह है कि इन प्रतिमाओं की सुंदरता के साथ ही इनकी रखरखाव और आने वाले भविष्य में इनकी सुंदरता बरकरार रहे, इसके लिए एक्सपर्ट की रिपोर्ट को भी आधार मानकर प्रतिमाओं का चयन होगा। प्रतिमा का चयन कांची कामकोटि के जगतगुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती और काशी के विद्वान गणेश्वर शास्त्री सहित अन्य विद्वानों के आपसी निर्णय के बाद होगा। वही इस चयन से पूर्व आईआईटी हैदराबाद की उसे रिपोर्ट का भी अध्ययन किया जाएगा जिसमें इन प्रतिमाओं के भविष्य को लेकर जानकारी दी गई है। मिसाल के तौर पर इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि इन प्रतिमाओं की पूजा अर्चना के साथ इनका अभिषेक करने से इन पर चंदन रोली सहित अन्य द्रव्य पदार्थ डालने पर उनकी रंग में कोई परिवर्तन ना हो। दीर्घकाल तक इनका स्वरूप एक जैसा ही बना रहे इन सभी विषयों को ध्यान में रखा जा रहा है।

मूर्ति में बालक जैसी कोमलता होगी : रामलला की प्रतिमा एक बालक के स्वरूप की है इसलिए प्रतिमा के स्वरूप में एक बालक सी कोमलता दिखाई दे इसका भी ध्यान रखा जाएगा। कुल तीन प्रतिमाओं का निर्माण हुआ है जिसमें से एक प्रतिमा संगमरमर की बनी है जबकि दो प्रतिमाएं कर्नाटक से आई श्यामशिला पर बनाई गई हैं जो बेहद भव्य हैं।

आखिर क्यों नेपाल से आई शालिग्राम शिला से नहीं बनी मूर्ति

भगवान राम की प्रतिमा के निर्माण के लिए नेपाल से शालिग्राम शिला बड़ी आस्था और श्रद्धा के साथ लाई गई थी। नेपाल सरकार ने और नेपाल के राम भक्तों ने बड़ी धूमधाम से एक यात्रा के दौरान इस शालिग्राम शिला को अयोध्या पहुंचाया था लेकिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से शालिग्राम शिला में स्वयं भगवान विष्णु का वास माना जाता है और उसकी पूजा अर्चना की जाती है। ऐसे में शालिग्राम शिला को काटना और उस पर छेनी व हथौड़ा चलाना संभव नहीं था। जिसके कारण इस शिला से भगवान राम की प्रतिमा नहीं बन पाई और आस्था के साथ ही अयोध्या के रामसेवक पुरम में रखा गया है, जहां प्रतिदिन श्रद्धालु उनका दर्शन पूजन करते हैं। मंदिर की छत पर शानदार नक्काशी उकेरी गई है।

ओडिशा : पत्नी के कटे सिर के साथ हत्यारे ने पुलिस के सामने किया समर्पण

भुवनेश्वर। ओडिशा से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां नयागढ़ जिले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने के बाद उसके कटे हुए सिर के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। बिदापाजू गांव निवासी आरोपी पति अर्जुन बाघा को बनिगोछा थाने में हिरासत में लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि मृतिका धारित्रि बाघा (30) शनिवार को खेत में धान काटने गई थी तभी बाघा ने उसे फोन कर बताया कि उसकी बेटी उनके घर पर रो रही है। जब पीड़िता घर पहुंची तो बाघा ने उस पर पीछे से कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बाद में, उसने अपनी पत्नी का कटा हुआ सिर एक बैग में रखा और बनिगोचा पुलिस स्टेशन में चला गया जहां उसने आत्मसमर्पण कर दिया। बाघा ने कहा, "उसने मुझे जहर मिला हुआ खाना परोसने की बात कही थी जिससे मैं असहज महसूस कर रहा था।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में फरियादियों से मिले, कहा-

जनसमस्याओं का हो त्वरित निस्तारण किसी भी व्यक्ति को न होना पड़े परेशान

एजेंसी। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं। जिससे किसी भी को भी परेशान न होना पड़े। साथ ही जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेंट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को सीएम योगी ने आत्मीय संबल देते हुए कहा, डॉक्टर से इस्टीमेंट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 फरियादियों से मुलाकात की।

एक नजर

मिस्टर झारखंड ओपन क्लासिक चैंपियनशिप का आयोजन

रांची । एकदिवसीय मिस्टर झारखंड ओपन क्लासिक चैंपियनशिप 2023 का आयोजन लाइफ लाइन फिटनेस के द्वारा स्वागतम बैंकट हॉल रांची में किया गया. उक्त प्रतियोगिता दो कैटेगरी में विभाजित थी पहली बॉडीबिल्डिंग और दूसरी मेन्स फिजिक। इस चैंपियनशिप में राज्य के कई जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। महिलाओं और पुरुषों की प्रतियोगिता अलग-अलग आयोजित की गई जो की 50 किलोग्राम वर्ग से लेकर 80 किलोग्राम वर्ग तक थी । चुने गए प्रतिभागियों को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर इंद्रजीत सिंह, प्रियंका कुमारी, शिव कुमार और कई अन्य लोग मौजूद थे। उक्त जानकारी लाइफ लाइन फिटनेस के राजीव सिंह ने दी।

झारखंड अंडर 19 स्कूली बैडमिंटन टीम आंध्र प्रदेश गई

रांची। 67 नेशनल स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता आगामी 12 से 16 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड अंदर-19 बैडमिंटन टीम आज यहां से रवाना हो गई ओ होटवार में 21 दिवसीय का प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में चली पूरी टीम इस प्रकार है बालक वर्ग साजन कुमार सपन नील लायक अंकित गोप अब्बू रियान बालिका वर्ग में श्रुति अनामिका घोष वैष्णवी सिंह भूमि अलीशा गुड़िया प्रशिक्षक गुलाम बाकी मैनेजर सोनी कुमारी एसजीएफआई अंदर 17 प्रतियोगिता के लिए भी टीम की घोषणा कर दी गई है टीम आगामी 15 दिसंबर को बड़ौदा के लिए रवाना होगी इस टीम का भी प्रशिक्षण शिविर रवि केसरी के देखरेख में संपन्न हुई है पूरी टीम इस प्रकार है आशु गोपाल दीपक महतो सचिन को मोहित राज जिम अक्का जिम जी का एक का बालिका वर्ग में नंदिता सेन आस्तिक सिंह होली साक्षी और जिए ब्लू ब्लू कोच रवि कैसे मैनेजर बिना लकड़ा टीम रवाना होने से शिक्षा सचिव के रवि कुमार निर्देशक किरण पासी और धीर सेन सोरेन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी

आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी20 टीम में हुई वापसी

ब्रिजटाउन। अनुभवी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टी20 टीम में वापसी की है। यूएई में 2021 पुरुष टी20 विश्व कप के बाद पहली बार आंद्र रसेल सबसे छोटे प्रारूप के लिए वेस्टइंडीज की टीम में वापस आए हैं। 35 वर्षीय ने हाल ही में अबू धाबी टी10 लीग में डेक्कन ग्लेडियेटर्स के लिए खेला, जहां उनकी टीम शनिवार को प्रतियोगिता के फाइनल में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स से हार गई। अब वह मंगलवार को ब्रिजटाउन में पहले टी20 मैच से पहले वेस्टइंडीज टीम से जुड़ेंगे और 21 दिसंबर तक रहेंगे। रसेल 2012 और 2016 टी20 विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के सदस्य रहे हैं और उन्होंने 67 टी20 मैच खेले हैं। ऑलराउंडर मैथ्यू फोर्ड को वनडे टीम में शामिल किए जाने के बाद पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है।

आरसीबी डब्ल्यूपीएल नीलामी में सभी मानकों पर खरी उतरी : स्मृति मंधाना

एजेंसी। मुंबई

जैसा कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 प्लेयर नीलामी में अपने सुविचारित अधिग्रहण के साथ सही संतुलन पाया, कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि नीलामी की योजना इसके बाद शुरू हुई। केवल पहला सीजन और वे उन अनुभवी गेंदबाजों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के इच्छुक थे जिन्होंने भारतीय परिस्थितियों में गेंदबाजी की है। आरसीबी ने न केवल गेंद से अच्छे खिलाड़ी छीने, बल्कि बल्ले से भी अच्छे खिलाड़ी छीने। शनिवार को आयोजित खिलाड़ियों की नीलामी में, आरसीबी ने 2016 महिला एशिया कप विजेता एस मेघना (30 लाख रुपये) को टीम में शामिल करने से पहले बेंगलुरु से एक होनहार घरेलू ऑलराउंडर शुभा सतीश (10 लाख रुपये) को चुना। मजबूत 18 सदस्यीय टीम को पूरा करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्पिन ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम (40 लाख रुपये) और सोफी मोलिनक्स (30 लाख रुपये) फ्रेंचाइजी के अन्य दो विदेशी अधिग्रहण थे। मंधाना ने कहा, टी20 में गेंदबाजी निश्चित रूप से बहुत महत्वपूर्ण है।

डब्ल्यूपीएल 2024 के लिए आरसीबी टीम

नई खरीदारी
जॉर्जिया वेयरहैम (40 लाख), केट क्रॉस (30 लाख), एकता बिष्ट (60 लाख), शुभा सतीश (10 लाख), एस मेघना (30 लाख), सिमरन बहादुर (30 लाख) , सोफी मोलिनक्स (30 लाख)

रिटेन किए गए खिलाड़ी
स्मृति मंधाना, आशा शोभना, दिशा कसाट, एलिसे पेरी, हीथर नाइट, इंद्राणी रॉय, कनिका आहूजा, रेणुका सिंह, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, सोफी डिवाइन।

मैं नई और पुरानी दोनों गेंदों से अच्छी गेंदबाजी करना चाहती हूं : काशवी गौतम

नई दिल्ली । 2024 डब्ल्यूपीएल प्लेयर नीलामी में तेजी से बदलते घटनाक्रम में, तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर काशवी गौतम सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी बन गईं, जब गुजरात जाइंट्स ने उनकी सेवाएं 2 करोड़ रुपये में हासिल कीं। काशवी ने अपनी राज्य टीम चंडीगढ़ के लिए सात मैचों में 4.14 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट लिए। वह इंग्लैंड ए के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में भारत ए के लिए भी खेली थीं और भारत 'ए' टीम की सदस्य थीं, जिन्होंने इस साल जून में हांगकांग में एसीसी इमर्जिंग टूर्नामेंट जीता था।

धोनी के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं: एलएलसी सीईओ

एजेंसी। सूरत

लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर के कई दिग्गज क्रिकेटरों का पसंदीदा टूर्नामेंट बन गया है। गौतम गंभीर, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से लेकर यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल, हरफनमौला जैक्स कैलिस और अन्य तक, यहां क्रिकेट के मैदान पर बेखौफ अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। कई लोगों के लिए एलएलसी एक स्वाभाविक दूसरी पारी बन गया है, जो उन लोगों के लिए एक मंच प्रदान करता है जो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट या आईपीएल से जल्दी सेवानिवृत्त हुए हैं। हाल ही में रांची में प्रतिष्ठित क्रिकेटर एमएस धोनी के साथ बैठक के बाद, एलएलसी के सीईओ रमन रहेजा ने विश्व कप विजेता कप्तान को आईपीएल से उनकी सेवानिवृत्ति के बाद लीग में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने की उत्सुकता व्यक्त की। रमन रहेजा ने आईएएनएस के सवाल का जवाब देते हुए कहा, मैं सक्रिय क्रिकेट से प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहा हूं। जब भी वह (धोनी) हमारे लिए खेलने को तैयार होंगे, हमारे दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से जाऊंगा और उनसे लीग में आने के लिए कहूंगा। रहेजा ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे क्रिकेटर स्वयं अन्य खिलाड़ियों को लीग में ला रहे हैं। सिम्बायोसिस स्नातक ने खुलासा किया कि आरसीबी के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और मुंबई इंडियंस के दिग्गज कीरोन पोलार्ड भी एलएलसी खेलने में अपने देशवासियों के साथ शामिल होने की दौड़ में हैं। डेल स्टेन लीग में खेलने वाले थे, लेकिन दुर्भाग्य से उन्हें चोट लग गई और उन्हें लीग में खेलने के लिए लाने वाले कोई और नहीं बल्कि जैक्स कैलिस थे।

पीके मिश्रा महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता बनी रेड रेंजर्स

एजेंसी। रांची

बीआईटी मेसरा में चल रहे पीके मिश्रा महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन रेड रेंजर्स बनी। फाइनल मुकाबले में रेड रेंजर्स ने ब्लू ब्लेजर्स को 51 रनों से हराया। रेड रेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रेड रेंजर्स ने निर्धारित 10 ओवर में 90 रन बनाए। जिसमें माया ने 16 और सेजल ने 11 रनों का योगदान दिया। 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू ब्लेजर्स की पूरी टीम 49 रन बनाकर आउट हो गई। रेड रेंजर्स गेंदबाज मिनी ने 2 विकेट लिए। रेड रेंजर्स ने 51 रन से हराकर टूर्नामेंट की विजेता बनी। रेड रेंजर्स की माया को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मैच में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए बीआईटी के सभी संकाय और कर्मचारी उपस्थित थे।

किंग्स इलेवन ने ट्राफी पर किया कब्जा

रांची। बीआईटी मेसरा में जेवी सागर मेमोरियल चिल्ड्रन ट्रॉफी प्रतियोगिता का 5 वां संस्करण का चैंपियन किंग्स इलेवन (सीनियर्स) बना। जेवी सागर मेमोरियल चिल्ड्रेन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला किंग्स इलेवन और रॉयल्स इलेवन के बीच हुआ। रॉयल्स इलेवन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी किंग्स इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए। टीम की ओर से विकास 60 रन बनाकर नाबाद रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल्स इलेवन की टीम निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान मात्र 57 रन ही बना सकी। इस तरह किंग्स इलेवन 45 रन से फाइनल मैच जीत कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। 60 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले विकास को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

संजय बांगड़ की आईपीएल के पंजाब किंग्स में वापसी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए अपना क्रिकेट विकास प्रमुख नियुक्त किया। पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए अपना क्रिकेट विकास प्रमुख नियुक्त किया। पूर्व भारतीय आल राउंडर 2014 में फ्रेंचाइजी के सहायक कोच थे जब टीम उप विजेता रही थी। अगले दो सत्र में वह मुख्य कोच थे जब टीम तालिका में निचले स्थान पर रही थी। बांगड़ ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, फिर से पंजाब किंग्स के साथ होना मेरे लिए सम्मान की बात है। बांगड़ टीम के मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस के साथ मिलकर काम करेंगे और दोनों 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए योजना बनायेंगे। बांगड़ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बल्लेबाजी सलाहकार थे जिसके बाद अगले दो साल के लिए उन्हें टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर दिया गया।

तीन जनवरी को खिलाड़ियों को दिया जायेगा जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार

पोस्टर किया लॉच, उम्मीद फाउंडेशन 6 केटेगरी में करेगा पुरस्कृत

एजेंसी। रांची

जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार-2023 को लेकर उम्मीद फाउंडेशन ने पोस्टर लांच किया। 3 जनवरी 2024 को झारखंड का प्रतिष्ठित और सर्वोच्च जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर रविवार को पोस्टर का विमोचन किया गया। झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, फिल्म निर्देशक नंदलाल नायक, किशोरी राणा, अंतू तिर्की, अश्विनी शर्मा, हेमलाल मेहता, जनक नायक, संगीता तिर्की, राम अवतार केरकेट्टा, निरंजन भारती, गोपाल पांडे, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव आदि की उपस्थिति में पोस्टर का अनावरण किया गया। पुरस्कार समारोह के माध्यम से राज्य के साढ़े तीन करोड़ लोगों तक जयपाल सिंह मुंडा के जीवनगाथा को पहुंचाने का प्रयास है। संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इस बार छह कैटेगरी में खेल के क्षेत्र में योगदान देने वाले खिलाड़ियों, कोचों और खेल को प्रोत्साहित करने वाले संस्थानों को पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल है। महासचिव निरंजन भारती ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा की जीवन गाथा के बारे में राज्य के साढ़े तीन करोड़ लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। मौके पर प्रदीप मिर्धा, सोनू खलको, मुकेश उरांव, विशाल टोप्पो तथा सर्वेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय तीरंदाजी में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगा दिव्यांग झोंगो

एजेंसी। खूंटी

जीवन में परिस्थितियां कितनी ही कठिन क्यों न हो, लेकिन मन में कुछ करने का जज्बा हो, इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास प्रबल हो, तो न दिव्यांगता बाधा बनती है और न ही गरीबी आड़े आती है। इसे सिद्ध कर दिखाया है खूंटी के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त युवा दिव्यांग तीरंदाज झोंगो पाहन। आज वह जीता जागता दृढ़ इच्छाशक्ति का बड़ा चेहरा है। बचपन में ही दोनो पैरों में पोलियो का शिकार होने के बावजूद झोंगो ने अपने हौसलों और इरादों के बल पर ऊंची उड़ान भरने की तैयारी कर रखी थी। झोंगो पाहन को 26 से 29 दिसंबर तक पंजाब के पटियाला में होनेवाली राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में झारखण्ड तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। खूंटी प्रखंड की फुदी पंचायत के सेल्दा गांव निवासी झोंगो के पिता गुसू पहान अपने गाव में चरवाहा का काम करते हैं, तो मां सोवाग देवी गृहिणी है। गरीबी, तंगहाली और बेटे की दिव्यंगता के बावजूद पढाई न छूटे, इसलिए 2022 में झोंगो का नामांकन खूंटी के बिरहू स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय में कराया। वहीं से तीरंदाजी की शुरूआत की और आज वह तीरंदाजी के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर दस्तक दे रहा है।

युवा खिलाड़ी भारत के खिलाफ जल्दी अपनी जगह बना लेंगे : एडेन मार्करम

डरबन । दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम में नए चेहरे जल्दी ही अपनी जगह बना सकते हैं। एडेन मार्करम की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारत के खिलाफ क्रमशः 10, 12 और 14 दिसंबर को डरबन, गकेबरहा और जोहान्सबर्ग में तीन टी20 मैच खेलेगी। प्रोटियाज ने अपने कई शीर्ष खिलाड़ियों को आराम देने के बाद टी20 सीरीज के लिए मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर और डोनोवन फरेरा जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को बाएं पार्श्व टखने में मोच के कारण शुक्रवार को बाहर कर दिया गया और उनकी जगह ब्यूरन हेंड्रिक्स को लिया गया। 33 वर्षीय हेंड्रिक्स ने आखिरी बार 2021 में दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 खेला था। उन्होंने 19 टी20 मैच खेले हैं और 25 विकेट लिए हैं। मार्करम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा, हमने (घरेलू क्रिकेट में) नए चेहरों के खिलाफ काफी खेला कि आप उनके साथ सीरीज खेलने से पहले उन्हें गहराई से जानना चाहेंगे।

आसिफ और पोलार्ड ने पहली बार जीता अबू धाबी टी10 का खिताब

एजेंसी। अबू धाबी

आसिफ अली (नाबाद 48) और कप्तान कीरन पोलार्ड (नाबाद 22) के बीच हुई 56 रनों की नाबाद साझेदारी के दम पर न्यूयार्क स्ट्राइकर्स ने शनिवार रात यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में डेक्कन ग्लेडिएटर्स को सात विकेट से हराकर पहली बार अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्ट्राइकर्स ने 9.2 ओवर में तीन विकेट पर 94 रन बनाकर चार गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। 38 के कुल योग पर निरोशन डिकवेला का विकेट गिरने के बाद आसिफ और पोलार्ड ने स्ट्राइकर्स को कोई और नुकसान नहीं होने दिया और मैच जिताकर ही पवेलियन लौटे। इससे पहले, टास हाकर पहले बैटिंग करते हुए डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने आंद्रे रसे (नाबाद 30) और डेविड वीज (नाबाद 20) की उम्दा बैटिंग की बदौलत 10 ओवर में 5 विकेट पर 91 रन बनाए। रसेल ने अपनी 18 गेंदों की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए जबकि वीज ने 11 गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाया। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 17 गेंदों पर 34 रन जोड़े। डेक्कन ग्लेडिएटर्स के लिए टाम कोहलर कैडमोर ने 13 जबकि कप्तान निकोलस पूरन ने 15 रन जोड़े। फेबियन एलन (1) दहाई तक नहीं पहुंच सके। न्यूयार्क स्ट्राइकर्स की ओर से सुनील नरेन ने 6 रन देकर दो विकेट लिए जबकि मोहम्मद जुवादुल्लाह, जार्ज स्क्रीमशा और अकील हुसैन को एक-एक सफलता मिली। जवाब में खेलते हुए न्यूयार्क स्ट्राइकर्स ने 9.2 ओवरों में 3 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। 7 रन पर दो विकेट (रहमदुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद वसीम) का विकेट गिरने के बाद आसिफ और कप्तान कीरन पोलार्ड के अलावा निरोशन डिकवाला (14) ने अहम योगदान दिया। आसिफ ने अपनी 25 गेंदों की पारी में 2 चौके और 4 छक्के लगाए जबकि कप्तान पोलार्ड ने 13 गेंदों पर 1 चौका और 1 छक्का लगाया। ग्लेडिएटर्स की ओर से ट्रेंट बोल्ट, नुवान तुषारा और आंद्रे रसेल ने एक-एक विकेट लिया।

मैक्सवेल को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में मिले जगह : डग बोलिंगर

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज डग बोलिंगर ने ग्लेन मैक्सवेल को ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल करने की वकालत करते हुए कहा है कि इस बड़े हिट ऑलराउंडर को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए मौका क्यों नहीं दिया गया। मैक्सवेल ने अपने सात टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में खेला था, लेकिन उनके लिए लंबे प्रारूप में वापसी की मांग बढ़ गई है। खासकर हाल ही में सफेद गेंद की फॉर्म शानदार होने के कारण। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के विजयी पुरुष वनडे विश्व कप अभियान में दो शतक लगाए। नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में शतक और अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रनों की आश्चर्यजनक पारी। साथ ही गुवाहाटी में भारत के खिलाफ तीसरे टी20 में 47 गेंदों में शतक ने क्रिकेट फैंस का दिल जीत लिया। एसईएन रेडियो पर बोलिंगर ने कहा, मैंने कुछ लोगों से यहां तक कहा कि जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहा है, वे टेस्ट टीम में मैक्सी को क्यों नहीं चुनेंगे।

आईपीएल के 17वें सीजन के ऑक्शन 19 दिसंबर को दुबई में

धोनी से ज्यादा है कई कप्तानों की सैलरी

केएल राहुल को मिलता है सबसे ज्यादा 17 करोड़ रुपये

एजेंसी। नई दिल्ली

आईपीएल के 17वें सीजन के ऑक्शन 19 दिसंबर को दुबई में होना है, जिसका हर किसी को इंतजार है। इस सीजन में एमएस धोनी एक बार फिर से अपनी कप्तानी का जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगे। पिछले सीजन की उपविजेता टीम गुजरात टाइटंस के नई कप्तान शुभमन गिल पर सभी की नजरें होंगी। वहीं, सबसे सफल आईपीएल कप्तान एमएस धोनी और रोहित शर्मा से लेकर गुजरात टाइटंस के नए कप्तान चचाओं में रहेंगेष उससे पहले आगामी सीजन के कप्तानों को कितनी सैलरी मिल सकती है, आइए एक नजर डालते है ये हैरान करने वाले आंकड़ों पर। दरअसल, आईपीएल में कप्तानी के मामले में सीएसके के कप्तान एमएस धोनी से सैलरी के मामले में कई कप्तान आगे है। शुभमन गिल को लेकर उम्मीद की जा रही है कि उन्हें हार्दिक पांड्या के पिछले सीजन में जितनी सैलरी मिली थी, उतनी मिलेगी। वहीं, रोहित शर्मा और केएल राहुल की सैलरी धोनी से काफी ऊपर हैं। सबसे महंगे कप्तान में केएल राहुल टॉप पर है, जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से 17 करोड़ रुपये मिलते हैं।

2024 में इन 10 कप्तानों को मिल सकती है इतनी सैलरी

1. एमएस धोनी- 12 करोड़ रुपये (चेन्नई सुपर किंग्स)
2. रोहित शर्मा- 16 करोड़ रुपये(मुंबई इंडियंस)
3. संजू सैमसन- 14 करोड़ रुपये(राजस्थान रॉयल्स)
4. श्रेयस अय्यर- 12.25 करोड़ रुपये(केकेआर)
5. फाफ डु प्लेसिस- 7 करोड़ रुपये (आरसीबी)
6. डेविड वॉर्नर- 6.25 करोड़ रुपये/ ऋषभ पंत- 16 करोड़ रुपये (अगर वापसी करते है) (दिल्ली कैपिटल्स)
7. एडन मार्करम- 2.60 करोड़ रुपये(सनराइजर्स हैदराबाद)
8. केएल राहुल- 17 करोड़ रुपये(लखनऊ सुपर जायंट्स)
9. शिखर धवन- 8.25 करोड़ रुपये (पंजाब किंग्स)
10. शुभमन गिल- 15 करोड़ रुपये (गुजरात टाइटंस)

अफगानिस्तान मैच के लिए वापसी कर सकते हैं हार्दिक

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका में अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार है, यहां उसके लिए कुछ अच्छी खबर है - ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के तय समय से पहले अपने साथियों के साथ जुड़ने की संभावना है और वह अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने शनिवार को पंड्या की चोट पर अपडेट देते हुए कहा कि यह ऑलराउंडर इंग्लैंड के खिलाफ भारत की महत्वपूर्ण श्रृंखला और संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी 20 विश्व कप से पहले उपलब्ध होंगे। विश्व कप के दौरान पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अपनी ही गेंदबाजी से गेंद को रोकने की कोशिश के दौरान पंड्या के टखने में चोट लग गई थी। वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। शाह ने यहां डब्ल्यूपीएल नीलामी के मौके पर कहा, हम दैनिक आधार पर इस पर (पांड्या की चोट की) निगरानी कर रहे हैं।

आइजोल ने शिलांग को 3-0 से रौंदा

शिलांग। आइजोल एफसी ने शिलांग लाजोंग एफसी द्वारा की गई गलतियों का फायदा उठाते हुए रविवार को शिलांग के पोलो ग्राउंड में 3-0 से शानदार जीत दर्ज की, जिससे आई-लीग 2023-24 में शिलांग की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया। आइजोल एफसी के लिए लालरिनजुआला लालबकनिया, आर. रामदीनथारा और जो जोहेरलियाना ने एक-एक गोल किया। आइजोल एफसी पिछले कुछ समय से फॉर्म में चल रही टीम है और उन्होंने लाजोंग की चुनौती को आसानी से दरकिनार करते हुए रविवार को अपनी जीत की लय का पूरा फायदा उठाया। हार का मतलब यह भी है कि मैच में 70 प्रतिशत से अधिक कब्जा होने के बावजूद लाजोंग का नाबाद क्रम अचानक समाप्त हो गया। शिलांग लाजोंग और आइजॉल एफसी आई-लीग खिताब के लिए लड़ रहे थे। यह दोनों पक्षों के लिए एक महत्वपूर्ण मैच था। हालांकि, यह हार लाजोंग की खिताब की उम्मीदों के लिए भी झटका होगी।

टेस्ट में लांस मॉरिस को खेलाए : इयान चैपल

एजेंसी। पर्थ

महान क्रिकेटर इयान चैपल का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को आगामी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट समर में नवोदित तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को मौका देना चाहिए। पिछले साल, मॉरिस ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कारों में ब्रैडमैन यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और अब उन्हें 14 दिसंबर से पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, हालांकि वह कुछ समय के लिए लंबे प्रारूप में टीम सूची से बाहर हैं। ₹मेरे लिए (पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ) लांस मॉरिस को चुनने का मौका था और उन्होंने इसे नहीं लिया। शेफील्ड शील्ड स्तर पर बल्लेबाजों को हिला देना ठीक है, लेकिन आपको यह पता लगाना होगा कि क्या वे ऐसा टेस्ट स्तर पर कर सकते हैं, और मेरे लिए यह पता लगाने का अवसर था कि क्या मॉरिस टेस्ट स्तर पर ऐसा कर सकता है और उन्होंने उसे नहीं चुना।₹एक कप्तान और एक चयनकर्ता के रूप में आपको कुछ कठिन निर्णय लेने होते हैं, और यदि आप ये कठिन निर्णय लेते हैं तो यह आपकी चयन क्षमता का पैमाना है, और मुझे निराशा हुई कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, ₹लेकिन, उनके पास बहुत सारे टेस्ट हैं इसलिए उन्हें गेंदबाजों में थोड़ा फेरबदल करना होगा। इसी तरह के विचार पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन ने व्यक्त किए, जो चाहते हैं कि 14 दिसंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले टेस्ट में मॉरिस को खेलाया जाए।



एक नजर

बाजारों के लिए व्यक्तिगत ऋण के विरुद्ध आरबीआई का उपाय है समस्याग्रस्त

नई दिल्ली । एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि शेयर बाजार के नजरिए से चिंता की बात यह है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) कर्ज से प्रेरित खपत पर लगाम लगाने के लिए अधिक सीधे कदम उठा रहा है। भारत में सबप्राइम उधारकताओं को ऋण देना अविश्वसनीय रूप से कुशल हो गया है, क्योंकि उधारकताओं को आकर्षित करने और स्क्रीन करने, उनके ऋणों को पूल करने और क्रेडिट जोखिम लेने के लिए जमा लेने वाली संस्था खोजने के लिए नई डिजिटल तकनीकों का उपयोग किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है,ह्लहालांकि, खुदरा ऋण, कुल अग्रिमों की दोगुनी गति से बढ़ रहा है, नियंत्रण से बाहर हो सकता है और यह उच्च बेरोजगारी और स्थिर वास्तविक मजदूरी के बीच भविष्य की परेशानी का नुस्खा बन सकता है। हालांकि, इक्विटी बाजारों के लिए, व्यक्तिगत ऋण के खिलाफ केंद्रीय बैंक का विवेकपूर्ण उपाय समस्याग्रस्त है।

एफपीआई प्रमुख बैंकों में खरीदार बन गए हैं

नई दिल्ली। एफपीआई ने दिसंबर में भारत में बड़ी वापसी की है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, भले ही एफपीआई ने नवंबर में भारत में 9,000 करोड़ रुपये का निवेश किया, लेकिन वे नकदी बाजार में 368 करोड़ रुपये के विक्रेता रहे। दिसंबर में नकदी बाजार में बड़ी खरीदारी के साथ यह बदल गया है। 8 दिसंबर तक महीने में नकदी बाजार में खरीदारी 10874 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 8 दिसंबर तक प्राथमिक बाजार के माध्यम से निवेश सहित भारत में कुल निवेश 26,605 करोड़ रुपये है। 2024 के आम चुनावों के बाद राजनीतिक स्थिरता के संकेत, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत विकास गति, मुद्रास्फीति में कमी, अमेरिकी बांड पैदावार में लगातार गिरावट और ब्रेंट क्रूड में सुधार ने स्थिति को भारत के पक्ष में कर दिया है।

एनसीएलएटी ने सीसीआई जुमार्ने पर एनटीपीसी को राहत दी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने रत्नागिरि गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड में 35.47 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण का खुलासा नहीं करने के लिए सरकारी स्वामित्व वाली बिजली कंपनी एनटीपीसी पर 40 लाख रुपये का जुमार्ना लगाने के सीसीआई के आदेश पर रोक लगा दी है। एनसीएलएटी के आदेश के अनुसार, जुमार्ने पर रोक लगा दी गई है, क्योंकि एनटीपीसी ने भारतीय स्टेट बैंक पर आहरित 10 लाख रुपये की टर्म डिपोजिट एडवाइस जमा की है, जो कुल जुमार्ना राशि का 25 प्रतिशत है। मामले की सुनवाई अब 27 फरवरी, 2024 को होने की संभावना है। एनटीपीसी ने सीसीआई के आदेश को एनसीएलएटी में चुनौती दी थी, जो भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के फैसलों पर एक अपीलीय प्राधिकरण है।

टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 4वी का लाइटनिंग ब्लू एडिशन लॉन्च

बाइक में डुअल-चैनल एबीएस के साथ वॉयस असिस्ट सिस्टम

एजेंसी। नई दिल्ली

टीवीएस मोटर इंडिया का बाइकिंग इवेंट 'मोटोसोल' तीसरा इडिशन आज यानी 9 दिसंबर से गोवा में शुरू हो गया है। पहले दिन कंपनी ने भारतीय बाजार में अपाचे आरटीआर 160 4वी का नया लाइटनिंग ब्लू एडिशन लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने मोटरसाइकिल के 2024 एडिशन में कई अपग्रेड किए हैं। बाइक अब डुअल-चैनल एबीएस के साथ रियर डिस्क ब्रेक और वॉइस असिस्ट फीचर के साथ स्मार्टफोन कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स के साथ आएगी। कंपनी ने लाइटनिंग ब्लू एडिशन की कीमत (दिल्ली एक्स-शोरूम) 1.35 लाख रुपए रखी है।

टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 4वी : परफॉर्मेंस : टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 4वी में परफॉर्मेंस के लिए 160, सिंगल-सिलेंडर, 4 वॉल्व एयर/ऑयल-कूल्ड इंजन दिया है, जिसे ट्रांसमिशन के लिए 5-स्पीड गियरबॉक्स के साथ कनेक्ट किया गया है। इसके साथ तीन राइडिंग मोड्स- अर्बन, रेन और स्पोर्ट मिलते हैं।

ब्रेकिंग, सस्पेंशन व फीचर्स

कंफर्ट राइडिंग के लिए अपाचे आरटीआर 160 4वी में फ्रंट में टेलीस्कोपिक फोर्क और रियर में एडजस्टेबल एक मोनोशॉक यूनिट दी गई है। वहीं ब्रेकिंग के लिए रियर व्हील पर 240एमएम का डिस्क ब्रेक मिलता है। फीचर्स की बात करें तो बाइक में वॉइस असिस्टेंस के साथ कंपनी का स्मार्ट एक्सकनेक्ट फीचर सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड दिया गया है। इसमें कई फंक्नालिटीज जैस टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, कॉल/रटर अलर्ट और क्रैश अलर्ट सिस्टम हैं।

हुंडई, किआ का संयुक्त निर्यात 2023 में 2 मिलियन के करीब

सोल। दक्षिण कोरिया की शीर्ष कार निमार्ता कंपनी हुंडई मोटर और उसकी सहयोगी कंपनी किआ 2023 में 2 मिलियन यूनिट का संयुक्त निर्यात करने के लिए तैयार हैं, जैसा कि रविवार को महामारी के बाद बाजार में सुधार के आंकड़ों से पता चला है। रिपोर्ट ने कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के हवाले से हुंडई और किआ ने जनवरी-अक्टूबर की अवधि में ऑटोमोबाइल की 945,062 और 867,136 संबंधित यूनिट्स भेजीं। आंकड़ों से पता चलता है कि संयुक्त आंकड़ा 2022 में इसी अवधि से 17.5 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। दोनों कार निमार्ताओं द्वारा 180,000 यूनिट्स की मंथली शिपमेंट को ध्यान में रखते हुए, इंडस्ट्री के अधिकारियों का अनुमान है कि 2016 के बाद पहली बार 2023 में उनकी विदेशी बिक्री 2 मिलियन यूनिट से ज्यादा होगी। दुनिया भर में पर्यावरण-अनुकूल कारों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए समूह द्वारा घरेलू उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने के बाद यह वृद्धि हुई है।

2023 के बाद भारत वैश्विक रैंकिंग में चौथे स्थान पर खिसका

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की स्टार्टअप विकास की कहानी में सेंध लगाते हुए, देश 2023 में सबसे अधिक वित्त पोषित भौगोलिक क्षेत्रों में वैश्विक रैंकिंग में चौथे स्थान पर फिसल गया, क्योंकि यहां पांच वर्षों में सबसे कम फंडिंग दर्ज की गई। वैश्विक बाजार खुफिया मंच ट्रैक्सन द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, 2021 के साथ-साथ 2022 में वैश्विक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करने के बाद, भारत इस साल अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद चौथे स्थान पर रहा, जिसे कुल फंडिंग (5 दिसंबर तक) में केवल 7 बिलियन डॉलर प्राप्त हुए। इस वर्ष की तीसरी तिमाही में, भारत सबसे अधिक वित्त पोषित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और फ्रांस के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गया। तीसरी तीमाही 2023 ने कुल 1.5 बिलियन डॉलर जुटाए, जो कि दूसरी तीमाही 2023 से 30 प्रतिशत कम है और 2022 की तीसरी तीमाही की तुलना में 54 प्रतिशत कम है। इस वर्ष की अंतिम तिमाही में अब तक की सबसे कम 957 मिलियन डॉलर की फंडिंग दर्ज की गई, जो कि 2016 की तीसरी तिमाही के बाद से सबसे कम फंडिंग वाली तिमाही है। रिपोर्ट से पता चला,भारत में फंडिंग विंटर के प्रभावों का अनुभव जारी है। 2022 की चौथी तिमाही में फंडिंग में वृद्धि के बाद, इंडिया टेक की फंडिंग में हर तिमाही में गिरावट देखी जा रही है, 2023 की तीसरी तिमाही में फंडिंग में लगातार तीसरी गिरावट के साथ यह 2023 में सबसे कम फंड वाली तिमाही बन गई है और पिछले 5 वर्षों में सबसे कम वित्त पोषित तिमाही भी। फंडिंग प्रवाह में गिरावट के बावजूद, भारत ने इस साल कुल फंडिंग के मामले में शीर्ष 5 भौगोलिक क्षेत्रों में अपना स्थान बरकरार रखा है।

मार्केट की तेजी से सरकार मालामाल

पीएसयू शेयरों का मार्केट कैप 46 करोड़ से ज्यादा हो गया

एजेंसी। नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2023-24 की शुरूआत से ही भारतीय बाजार में तेजी देखी जा रही है। इसका फायदा सरकार की लिस्टेड 85 कंपनियों को भी पूरी तरह से मिला है। इस वजह से केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित कंपनियों का मार्केट कैप रिकॉर्ड 17 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 46 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। लिस्टेड 85 सरकारी कंपनियों में से 83 कंपनियों ने सकारात्मक रिटर्न निवेशकों को दिया है। केवल पावरग्रिड इन्फ्रा और इंदप्रस्थ गैस ने ही -21.71 प्रतिशत और -6.27 प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है, जबकि 29 सरकारी कंपनियों ऐसी हैं, जिन्होंने निवेशकों को 100 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। 2023-24 की शुरूआत से लेकर अब तक एफएसीटी ने 269.4 प्रतिशत, आरईसी ने 251.4 प्रतिशत, आईटीआई ने 226.6 प्रतिशत, पीएफसी ने 217.2 प्रतिशत, मझगांव डॉकयार्ड ने 210 प्रतिशत, ओडिशा मिनरल ने 194.5 प्रतिशत, आईआरएफसी 187.9 प्रतिशत, इरकॉन इंटरनेशनल ने 187.1 प्रतिशत, सीपीसीएल ने 185.8 प्रतिशत और रेलटेल कॉर्प ने 184 प्रतिशत का बंपर रिटर्न निवेशकों को दिया है।



निवेशकों के लिए कुछ पीएसयू व निजी बैंकों पर भरोसे का समय

नई दिल्ली। भारतीय बैंकिंग प्रणाली में विदेशी और सहकारी बैंकों के अलावा 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक शामिल हैं। पिछले एक साल से अब तक बैंकिंग इंडेक्स ने 9.29 फीसदी का रिटर्न दिया है। दिवाला और दिवालियापन संहिता लागू होने के बाद, भारतीय बैंकिंग प्रणाली की अधिकांश गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का समाधान हो गया है, या तो इसका भुगतान कर दिया गया है या राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मार्ग के माध्यम से लिया गया है। यदि हम अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों पर नजर डालें तो सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों और शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में भारी कमी आई है। भारतीय बैंकों ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के दौरान अच्छी कमाई की, लेकिन प्रदर्शन में धीमी गति देखी गई।

निवेशकों की नजर भारत, अमेरिका के मुद्रास्फीति आंकड़ों पर

एजेंसी। नई दिल्ली

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि आगामी सप्ताह में, निवेशकों की नजर भारत और अमेरिका के मुद्रास्फीति डेटा पर रहेगी। भारतीय में महंगाई दर बढ़ने की संभावना है, जबकि अमेरिकी मुद्रास्फीति स्थिर रहेगी। भारतीय औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन में भी विस्तार की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि फेड नीति बैठक के नतीजे बाजार की भावनाओं को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगे। मजबूत घरेलू जीडीपी विकास दर में बढ़ोतरी के कारण भारतीय बाजार ने सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल किया। आरबीआई द्वारा दरों को यथास्थिति बनाए रखने के बावजूद, वित्त वर्ष 2024 के लिए जीडीपी विकास पूवार्नुमान (6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत) ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया। उन्होंने कहा कि एसडीएफ और एमडीएफ सुविधाओं को वापस लेने सहित तरलता की कमी को दूर करने के उपायों ने वित्तीय स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे सप्ताह के दौरान निफ्टी बैंक में 5 प्रतिशत की बढ़त हुई। मूल्यांकन ठीक होने, त्योहार के सीजन में मांग बढ़ने और आवासीय बिक्री में मजबूत वृद्धि के कारण आईटी, उपभोक्ता, ऑटो और रियल्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ आर्थिक परिदृश्य, मजबूत दूसरी तिमाही की आय और तेल की कीमतों में सुधार के कारण मिड और स्मॉल-कैप ने बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है।

विज्ञापनों में विविधता और समावेशन पर रिपोर्ट पेश

रांची। एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआइ) और यूएन वुमन द्वारा आयोजित अनस्टीरियोटाइप एलायंस (यूए) ने भारतीय विज्ञापनों में विविधता और समावेशन (डी एंड आई) पर अपना साझा अध्ययन लॉन्च किया है। दुनिया की प्रमुख कंपनियों के ग्लोबल ब्रांड रिसर्च पार्टनर कतार द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में कॉर्पोरेट्स के ईएसजी (एनवायरनमेंट, सोशल और गवर्नेंस) लक्ष्यों के एक महत्वपूर्ण पक्ष पर गहराई से प्रकाश डाला गया है। इस रिसर्च रिपोर्ट का प्रकाशन डीईआइ एज समिट में किया गया। एएससीआइ एवं यूए ने साथ मिलकर इसकी मेजबानी की। इस समिट को डियाजियो, एचयूएल और डिज्नी स्टार जैसे संगठनों का भी सपोर्ट हासिल था। यह संयुक्त रिपोर्ट भारतीय विज्ञापन के डी एंड आई प्रतिनिधित्व की तुलना ग्लोबल डी एंड आई प्रतिनिधित्व से करती है। यह तुलना 2023 ग्लोबल मॉनिटर सर्वे के आंकड़ों पर आधारित है। यह रिपोर्ट भारतीय विज्ञापन इंडस्ट्री के बारे में कई ट्रेंड्स का खुलासा करती है।

विदेश

नेपाल में तस्करी कर के लाया गया 30 किलो सोना 24 घंटे के भीतर बरामद

सोने की बरामदगी के अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया

एजेंसी। काठमांडू

नेपाल में 24 घंटे के भीतर तस्करी करके लाया गया 30 किलो सोना बरामद किया गया है। इसमें से 14 किलो सोना दुबई से विमान के जरिये और 2 किलो चीन से सड़क मार्ग के रास्ते लाया गया था। 6 किलो सोना इजिप्ट के नागरिक के पास से त्रिभुवन विमानस्थल पर बरामद किया गया। इसी नागरिक की निशानदेही पर काठमांडू के न्यूरोड की एक दुकान से तस्करी करके लाया गया 8 किलो सोना बरामद किया गया है। सोने की बरामदगी के इन अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल में गुरुवार की मध्यरात्रि को दुबई से लाया गया 14 किलो सोना पकड़ा गया। यह सोना दुबई से एक फ्लाइट के जरिये देर रात 11:56 बजे काठमांडू विमानस्थल पर लाया गया था। पुलिस ने नेपाली नागरिक मीन बहादुर घलो को गिरफ्तार किया था। बाद में पुलिस ने उसके एक और सहयोगी को काठमांडू से गिरफ्तार किया था। सोने की इस तस्करी में अभी पुलिस की तलाशी और छापेमारी पूरी भी नहीं हुई थी कि शुक्रवार को चीन से सड़क मार्ग से लाया गया 2 किलो सोना पकड़ा गया। काठमांडू रेंज के पुलिस एआईजी दीपक थापा ने बताया कि चीन से नेपाल के रसुवा नाका होते हुए लाए गए 2 किलो सोने को काठमांडू के नागढुंगा प्रवेश नाका से बरामद किया गया है। साथ ही पुलिस ने तस्करी के आरोप में रसुवा के ही ग्यालसिंग तामांग, विरू तामांग और सुनील भुजेल को गिरफ्तार किया है। त्रिभुवन विमानस्थल के सुरक्षा प्रमुख डीआईजी अर्जुन चन्द ठकुरी ने बताया कि शुक्रवार की रात काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल से एक व्यक्ति को 6 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया गया। नियमित जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए इजिप्ट के नागरिक शेरीफ मोहम्मद लाशिन के जैकेट में फॉल्स बटन के भीतर से सोना बरामद किया गया।

पाक में कनाडा मूल की सारा इनाम हत्याकांड पर 14 को आएगा फैसला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक ट्रायल कोर्ट ने कनाडा मूल की शादीशुदा सारा इनाम (37) की हत्या के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन के अनुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश नासिर जावेद राणा इस जघन्य हत्याकांड के लगभग एक साल बाद 14 दिसंबर को फैसला सुनाएंगे। डॉन के अनुसार इस बहुचर्चित हत्याकांड में मृतका सारा का पाकिस्तानी पति शाहनवाज अमीर मुख्य आरोपित है। शाहनवाज मुल्क के पूर्व राजनेता और प्रतिष्ठित पत्रकार अयाज अमीर का बेटा है। इस केस में पुलिस ने अयाज अमीर, उनकी पत्नी समीना शाह और पूर्व पत्नी को भी आरोपित के रूप में नामित किया था। सारा इनाम की पिछले साल 22 सितंबर को इस्लामाबाद के शहजाद टाउन के फार्म हाउस में हत्या कर दी गई थी।

काठमांडू के शॉपिंग सेंटर, मॉल से क्रिसमस ट्री हटाने का निर्देश

एजेंसी। काठमांडू

क्रिसमस त्यौहार के मद्देनजर शहर के शॉपिंग मॉल और मल्टीप्लेक्स में बनाए गए क्रिसमस ट्री को हटाने का निर्देश दिया गया है। काठमांडू महानगरपालिका ने एक निर्देश जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर इन क्रिसमस ट्री को हटाने को कहा है। काठमांडू महानगरपालिका के मेयर बालेन्द्र शाह ने प्लास्टिक के फूलों से बनाए गए क्रिसमस ट्री से वातावरण पर नकारात्मक असर पड़ने और इस कारण प्रदूषण फैलने की आशंका जताई है। महा नगर पालिका की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि यदि 24 घंटे के भीतर क्रिसमस ट्री लगाने वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल्स और मल्टीप्लेक्स ने खुद इसे नहीं हटाया तो महानगरपालिका के कर्मचारी इसे हटा देंगे। साथ ही बयान में यह भी चेतावनी दी गई है कि प्लास्टिक फूलों से बने क्रिसमस ट्री नहीं हटाने पर प्रदूषण फैलाने के आरोप में जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। महानगरपालिका के इस फैसले का जहां अधिकांश लोगों ने स्वागत किया है, वहीं क्रिश्चियन मिशनरी से जुड़े लोगों ने धार्मिक रंग देना शुरू किया है। यूनिफिकेशन चर्च से जुड़े सांसद एकनाथ ढकाल ने महानगरपालिका के मेयर बालेन्द्र शाह पर भेदभाव का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ महानगरपालिका के मेयर का कहना है कि इस वर्ष दशहरे से ही काठमांडू महानगरपालिका क्षेत्र में प्लास्टिक के फूलों के बिक्री वितरण पर रोक लगाई गई है।

यूनेस्को अंतर सरकारी समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

विरासत सूची में 55 नयी धरोहरें शामिल

एजेंसी। बीजिंग

अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए यूनेस्को अंतर सरकारी समिति का 18वां नियमित सत्र 9 दिसंबर को उत्तरी बोत्सवाना के शहर कसाने में संपन्न हुआ। इस नियमित सत्र में 72 देशों सें जुड़ी 55 विरासतों को संयुक्त राष्ट्र अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने का निर्णय लिया गया। इस वर्ष की 55 विरासतों में, नीदरलैंड में रॉटरडैम समर कार्निवल सहित 45 विरासतों को मानव अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया। सीरिया के पारंपरिक ग्लास ब्लोइंग और तुर्किये के पारंपरिक जैतून उगाने वाले ज्ञान, तरीकों और प्रथाओं सहित छह को संरक्षण की तत्काल आवश्यकता में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए उत्कृष्ट प्रथाओं की सूची में निकेलहर्पा समुदाय के स्वीडिश संगीत और वाद्ययंत्र बनाने की परंपराओं के अभिनव प्रसार सहित चार धरोहरों को शामिल किया गया। यूनेस्को के अनुसार, इस वर्ष अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल धरोहरों में से आधे से अधिक धरोहरों का प्रासंगिक ज्ञान और कौशल मुख्य रूप से परिवार के भीतर पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होता है, जो दशार्ता है कि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एक प्रकार की जीवित विरासत है और व्यक्तियों, विशेषकर माता-पिता और बच्चों के बीच विरासत के माध्यम से जारी रहता है। इसके अलावा, इस वर्ष उप-सहारा अफ्रीकी देशों से 12 नामांकन स्वीकृत किए गए, जो 2008 के बाद से एक रिकॉर्ड उच्च है। पहली बार, अंगोला, बहामास, कैमरून, जिबूती और ग्रेनेडा सहित पांच देशों में अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों को यूनेस्को की जीवित विरासत सूची में शामिल किया गया है।

हमास के लोगों ने दक्षिण गाजा में आत्मसमर्पण किया : आईडीएफ

तेल अवीव। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को दावा किया कि हमास के दर्जनों लोगों ने दक्षिण गाजा में उसके समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आईडीएफ के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि पूछताछ के दौरान हमास के लोगों ने खुलासा किया कि उनके पास आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था क्योंकि उनके नेतृत्व ने उन्हें छोड़ दिया था। आईएएनएस ने शनिवार को खबर दी थी कि हमास नेता याह्या सिनवार अपनी पहचान छिपाकर एक मानवीय काफिले में उत्तरी दिशा से दक्षिण गाजा भाग गया था। जबल्या और खान यूनिस में नग्न आतंकवादियों की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं और आईडीएफ सूत्रों ने संकेत दिया है कि आईडीएफ याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आत्मसमर्पण करने वाले लोगों से विस्तृत पूछताछ कर रहा है, जिन्हें 7 अक्टूबर के नरसंहार का मास्टर माइंड माना जाता है।

बांग्लादेश में कल से 36 घंटे की नाकेबंदी का ऐलान

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने गैर-पार्टी अंतरिम सरकार के तहत चुनाव सहित अपनी मांगों पर दबाव बनाने के लिए 12 दिसंबर से 11वें दौर की नाकाबंदी का आह्वान किया है। द ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बीएनपी के संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने कहा कि नाकाबंदी 12 दिसंबर (मंगलवार) को सुबह 6 बजे शुरू होगी और अगले दिन शाम 6 बजे समाप्त होगी। नाकाबंदी के दौरान एम्बुलेंस, ऑक्सीजन ले जाने वाले वाहन और प्रेस वाहनों को छूट दी जाएगी। पुलिस के साथ झड़प के दौरान गिरफ्तार किए गए बीएनपी नेताओं और कार्यकताओं को रिहा करने, एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार के तहत चुनाव कराने के लिए अवामी लीग सरकार पर दबाव बनाने के लिए नाकाबंदी का आह्वान किया जा रहा है। रिजवी ने आरोप लगाया कि अवामी लीग सरकार 'अपने तरीके से चुनाव कराना चाहती है और इसीलिए वह हमारे मानव श्रृंखला कार्यक्रम में बाधा डाल रही है और कार्यकताओं पर अत्याचार कर रही है'। बीएनपी ने रविवार को मानव श्रृंखला कार्यक्रम बुलाया, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं और राजनीतिक हत्याओं के पीड़ितों के परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बांग्लादेश में चुनाव 7 जनवरी 2024 को होने हैं।

पेज एक के शेष

भारत की प्रतिभा का ...

और कई विकसित देशों के सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजता है। उन्होंने छात्रों से कहा, आज हमें लीक से हटकर सोचना पड़ेगा। आपके पास सीखने के लिए तकनीकी है, कुछ ऐसी टेक्नोलॉजी है जिन पर चर्चा करते हैं तो लगता है कि दुनिया कितनी जल्दी बदल रही है क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग के बारे में पता लगाइए, क्या है, हमारा देश इस क्षेत्र में काम कर रहा है। क्वांटम कंप्यूटिंग, ग्रीन हाइड्रोजन और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में काफी आगे जा चुके हैं। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से टेक्नोलॉजी से जुड़ने का आह्वान किया और उन्हें भारतीय संसद देखने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने छात्रों को अपने साथ लंच करने का भी आमंत्रण दिया। धनखड़ ने अंत में कहा, हमें अपने राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखना चाहिए, भारत का हित सर्वोपरि है, भारतीयता में हमारा विश्वास अटूट है, हमें भारतीय होने पर गर्व होना चाहिए, हमें अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियां पर गर्व करना चाहिए।

शादी में हर्ष फायरिंग...

समय की मांग है कि हम सभी शादी विवाह जैसे पवित्र संस्कार में हथियारों से दूर रहें क्योंकि नशा और हथियार हर्ष नहीं दुख ही लाते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

लोस अध्यक्ष ने सी. राजगोपालाचारी को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में भारत रत्न श्री सी. राजगोपालाचारी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी इस अवसर पर राजगोपालाचारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में उपस्थित सभी लोगों को लोक सभा सचिवालय की ओर से हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित राजगोपालाचारी की जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भी भेंट की गई। राजगोपालाचारी के चित्र का अनावरण 21 अगस्त, 1978 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति एन. संजीव रेड्डी ने किया था।

'ऑनर रन-इंडियन आर्मी वेटरन्स हाफ मैराथन' में दौड़े वरिष्ठ सैन्य अधिकारी

नई दिल्ली। कारगिल युद्ध में ऐतिहासिक जीत की याद में भारतीय सेना ने रविवार को दिल्ली में ऑनर रन-इंडियन आर्मी वेटरन्स हाफ मैराथन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सेना का उसके अनुभवी सहयोगियों और युवाओं के बीच संबंधों को मजबूत करना था। ऑनर रन में देश भर से शामिल हुए प्रतिभागियों ने बलिदानी जांबाजों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र की योग्यता, क्षमता और ऊर्जा पर प्रकाश डाला।

एनआरसी से हटाए जाएंगे फर्जी नाम : हिमंत बिस्वा

गुवाहाटी (असम)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एनआरसी सूची में शामिल नामों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि असम सरकार एनआरसी की सूची में शामिल उन लोगों के नाम हटाएगी, जिन्होंने फर्जी तरीके से अपना नाम दर्ज कराया था।

ऑटिज्म के आकलन के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आज से

नई दिल्ली। नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर द एम्पावरमेंट ऑफ पर्सन्स विद इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटीज (दिव्यांगजन), सिकंदराबाद की ओर से ऑटिज्म के आकलन के लिए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 11-12 दिसंबर को डीएआईसी, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य आईएसएए टूल के उपयोग में पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करना है। कार्यशाला के लिए देश से 82 प्रतिभागी और अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, न्यूजीलैंड, कुवैत, अबू धाबी, दुबई, बांग्लादेश और भूटान सहित 9 देशों के 18 प्रतिभागी पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं।

पीयूष गोयल ने साड़ी वॉकथॉन को दिखाई हरी झंडी

सो एलिगेंट, सो ब्यूटीफुल, लुकिंग लाइक अ वाओ' हुआ वायरल

एजेंसी। मुंबई

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को मुंबई में 'वन भारत साड़ी वॉकथॉन' को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम का उद्घाटन करने के साथ ही गोयल ने इंस्टाग्राम पर लोकप्रिय ट्रेंड ' सो ब्यूटीफुल, लुकिंग लाइक अ वाओ'। को फॉलो भी किया। उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना कहना चाहता हूं, सो एलिगेंट, सो ब्यूटीफुल, लुकिंग लाइक अ वाओ'। मंत्री ने झंडी दिखाने से पहले महिला प्रतिभागियों को प्रेरित किया। साथ ही 'वॉकथॉन में भाग लेने वाली महिलाओं को 'इस देश को गौरवान्वित करने वाली अद्भुत' बताया। कहा, भारत का टाइम आ गया है। इस वॉकथॉन को कपड़ा मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य भारत में हथकरघा साड़ी संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस वॉकथॉन में देशभर में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। इसमें कई मशहूर हस्तियों ने भी भाग लिया। इस वॉकथॉन का हिस्सा बनने वाली मशहूर हस्तियों में सोनाली बेंद्रे और रूपाली गांगुली भी शामिल थीं। बता दें कि 'लुकिंग लाइक अ वाओ' इंटरनेट में काफी ट्रेंड कर रहा है। दरअसल, जसमीन कौर नाम की एक महिला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सलवार सूट बेचने का वीडियो डाला। इस वीडियो में कौर बार-बार 'लुकिंग लाइक अ वाओ' बोलते हुए नजर आती है, जो अचानक से पूरे सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा।

5 हजार महिलाओं ने लिया भाग

प्रमुख पेशेवरों, बॉलीवुड और टेलीविजन हस्तियों, खेल हस्तियों, व्यवसायी महिलाओं, डिजाइनरों, प्रभावशाली लोगों, गृहिणियों, संगीत उद्योग की महिलाओं और कई अन्य सहित 5000 से अधिक महिलाएं अपनी विशिष्ट पारंपरिक पोशाक में तैयार होकर कार्यक्रम में शामिल हुई। इससे पहले सूरत में इस तरह की साड़ी वॉकथॉन का आयोजन किया गया था। कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश और लोकसभा सांसद पूनम महाजन भी कार्यक्रम में मौजूद थीं।

सुखदेव सिंह की हत्या की साजिश का खुलासा

कनाडा में मास्टरमाइंड, जयपुर में मर्डर, चंडीगढ़ से हुई गिरफ्तारी

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या की लिंक एक नहीं बल्कि चार राज्यों से जुड़े हैं। पुलिस ने हत्या के मामले को लेकर दो शूटर समेत अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राजस्थान पुलिस और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आरोपियों को चंडीगढ़ से धर-दबोचा है। आरोपियों की पहचान रोहित राठौड़, नितिन फौजी तथा उधम सिंह के रूप में हुई है, जिन्हें चंडीगढ़ से अरेस्ट किया गया है। हालांकि, कुछ दिनों पहले ही पुलिस ने रोहित राठौड़, नितिन फौजी की तस्वीरों को शेयर कर दिया था।

जानकारी के मुताबिक, नितिन फौजी महेंद्रगढ़ और रोहित राठौड़ मकराना राजस्थान का रहने वाला है। इन्हें भगाने, हथियार मुहैया कराने और शरण देने के आरोप में पुलिस ने उधम सिंह को भी गिरफ्तार किया है। उधम सिंह हिसार का रहने वाला है।

वारदात को अंजाम देने के बाद ये आरोपी पहले हरियाणा आए फिर हिमाचल प्रदेश गए उसके बाद चंडीगढ़ के एक होटल में आकर छिपे थे।

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है और 3 आरोपियों को राजस्थान पुलिस और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अरेस्ट कर लिया है। आरोपियों की पहचान रोहित राठौड़, नितिन फौजी तथा उधम सिंह के रूप में हुई है जिन्हें चंडीगढ़ से अरेस्ट किया गया है।

बता दें कि शनिवार रात को करीब 7:30 बजे ये तीनों कमल रिसोर्ट पहुंचे थे। इन्होंने एक ऑटो किराए पर लिया हुआ था। ऑटो चालक को इन्होंने बताया था कि वह मनाली से आए हैं और अब उन्हें चंडीगढ़ घूमना है। कुछ देर वे होटल में रुके। नहा धोकर उन्होंने थोड़ा आराम किया और फिर घूमने जाने के लिए रिजॉर्ट से नीचे उतरे। वहीं, पहले से ही उनका इंतजार कर रही दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने उनको गिरफ्तार कर लिया।

- उधम सिंह ने मुहैया कराए हथियार
- चंडीगढ़ के एक होटल में छिपे थे आरोपी
- जाल बिछाकर क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई

नितिन फौजी ने पुलिस के आगे उगले राज

दरअसल, गोगामेड़ी हत्याकांड का मेन मास्टरमाइंड विदेश में बैठा रोहित गोदारा है। उसने सुखदेव सिंह की हत्या की जिम्मेदारी वीरेंद्र चारण को दी थी। पुलिस के सामने नितिन फैजी ने इन सभी बातों की जानकारी दी और यह भी बताया कि रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण ने इस हत्या में उसका इस्तेमाल किया। नितिन फौजी को कनाडा का स्थायी निवास का लालच दिया गया था।

हत्याकांड : 72 घंटे तक ट्रैक कर पकड़ा

राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में राजस्थान पुलिस और दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने शनिवार देर रात तीन लोगों गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपितों को पिछले 72 घंटे से ट्रैक कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें चंडीगढ़ के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। मामले में जिन तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है, उनसे पूछताछ कर जयपुर रवाना कर दिया गया है। संयुक्त ऑपरेशन में गिरफ्तार आरोपितों में हत्याकांड के मुख्य आरोपित रोहित राठौड़ और नितिन फौजी समेत तीन आरोपितों में से दो लोगों ने गोगामेड़ी पर गोली चलाई थी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पांच दिसंबर को जयपुर में उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मेफ्टाल के हैं कई साइड इफेक्ट

आरपी सिंह। नई दिल्ली

इंडियन फामाकोपिया कमीशन (आईपीसी) ने आर्थराइटिस, दर्द और बुखार में काम आने वाली मेफ्टाल दवा को लेकर एक अलर्ट जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि यह एसिड साइड इफेक्ट पैदा करता है। इसलिए यदि आप या आपके परिवार के कोई या परिचित यह दवा लेते हैं,तो सावधान हो जाएं। अलर्ट जारी करने के बाद भी यह दवा कई राज्यों के प्रमुख शहरों में एक दिन में करोड़ो रुपये की बिक जाती है। इस बारे में पूछने पर डॉक्टर कहते हैं कि औपचारिक रूप से यह अलर्ट उन तक नहीं पहुंचा है, लेकिन उन्हें पिछले तीन-चार दिन में अलग-अलग सोर्स से इसकी जानकारी मिली है।आयोग ने जारी अलर्ट में कहा कि फामाकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया डेटाबेस के अनुकूल दवा ड्रेस सिंड्रोम का पता चला है। इस ड्रेस सिंड्रोम के कारण गंभीर एलर्जी हो सकती है। जिसके कारण त्वचा पर लाल दाग, बुखार, चकत्ता, और लिम्फैडेनोपैथी जैसी शिकायत हो सकती है। यह दिक्कत 2 से 8 सप्ताह के बीच हो सकती है। इस दवा का उपयोग कई बार महिलाएं पीरियड पेन को कम करने के लिए भी करती हैं। हालांकि यह कई बार डॉक्टर्स द्वारा प्रिसक्राइब्ड नहीं है।

केसीआर से मिलने अस्पताल पहुंचे रेड्डी

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी ने रविवार को हैदराबाद के यशोदा अस्पताल में पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। राव की शुक्रवार को गिरने के बाद कूल्हे की सर्जरी हुई और अभी उनकी हालत स्थिर बताई जा रही हैं। मुख्यमंत्री के साथ पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री डी. अनसूया सीताक्का और पूर्व मंत्री शब्बीर अली भी थे।

बजरंग दल के एक कार्यकर्ता ने मुसलिम लड़की से की शादी

हिंदू संगठन वाले जश्न मनाते हुए इसे 'रिवर्स लव जिहाद' बता रहे

आरएनएम। नई दिल्ली

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के सुरथकल कस्बे के बजरंग दल के एक कार्यकर्ता ने मुसलिम लड़की से शादी की है, जिस पर हिंदू संगठन के लोग जश्न मनाते हुए इसे 'रिवर्स लव जिहाद' बता रहे हैं। उधर युवती के माता-पिता ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। लड़की ने अपना नाम बदलकर अक्षता रख लिया है। युवक प्रशांत भंडारी सुरथकल शहर का रहने वाला है। उसने अपनी शादी को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों को जानकारी दी है और बताया है कि आयशा नाम की मुस्लिम लड़की अब अक्षता बन गई है। प्रशांत भंडारी ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें जोड़े को पारंपरिक हिंदू पोशाक पहने हुए हैं।बजरंग दल का कार्यकर्ता प्रशांत भंडारी और युवती दोनों एक ही

इलाके में रहते हैं और पिछले तीन साल से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। भंडारी द्वारा सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी के मुताबिक, 30 नवंबर को प्रशांत ने आयशा से शादी करने की बात उसकी मां से चलाई थी। उसका कहना था कि वह आयशा से शादी करना चाहता है। आयशा की मां ने जोर देकर कहा था कि वह अपने परिवार के सदस्यों से परामर्श करने के बाद फैसला लेगी। उसी शाम दोनों घर से भाग निकले। इसके बाद आयशा के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।आठ दिसंबर को दोनों की तस्वीरें सामने आईं। आयशा घर से बुर्का पहनकर गई थी। उसने बुर्का उतारकर हिंदू पारंपरिक परिधान पहना और दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। चर्चा है कि प्रशांत कथित तौर पर एक हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर पहले सुरथकल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज है। आयशा और प्रशांत की जो तस्वीर सामने आई है। वह शादी के दिन की बताई जा रही है। आयशा ने वैसी ही साड़ी पहनी है जैसे दक्षिण भारत में शादी के समय दुलहनें पहनती हैं। इसके अलावा उसने जेवर पहन रखे हैं। प्रशांत भी दूल्हे की वेशभूषा में है। दोनों के गले में माला पड़ी है। प्रशांत का दावा है कि आयशा ने अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करके उससे शादी की है। उसने धर्मांतरण के बाद अपना नाम अक्षता रखा है। दोनों शादी के बाद से खुश हैं लेकिन उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया है।

कमलनाथ बने रहेंगे मप्र कांग्रेस अध्यक्ष, लड़ाएंगे लोस चुनाव

कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली

लगभग कंगाल हो गई कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी समस्या अति खर्चिली बना दी गई चुनाव के लिए धन की कमी है। दूसरी तरफ एनडीए के पास पर्याप्त फंड है। ऐसे में यदि मप्र में उद्योगपति कमलनाथ को हटाकर किसी और को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष बना भी दिया जाए, तो तीन माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए धन, संसाधन कहां से आएगा। सो कमलनाथ को ही अध्यक्ष बने रह राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी भी दे दी गई। इधर , विधानसभा चुनाव में मिली असफलता पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के नेताओं के साथ चर्चा की। नेताओं ने 1-1 सीट की रिपोर्ट का विश्लेषण करते हुए हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा। यह की सत्तारूढ़ डबल इंजनी भाजपा ने प्रशासन से मिलीभगत कर चुनाव जीता। प्रत्याशियों के चयन पर सवाल उठे, जिन पर चुनाव जिताने की जिम्मेदारी थी, उनमें से कई के हार जाने की बात आई। कईयों ने अपने चहेतों को टिकट दिलाया, उन्हें जिताने का भरोसा दिया, लेकिन न तो खुद जीत सके, न जिता सके। यह सब हुआ लेकिन ना तो राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की बात हुई, ना ही कमलनाथ से इस्तीफा मांगा गया। संगठन को मजबूत करने की बात कहते हुए कहा गया कि कमलनाथ के नेतृत्व में मप्र में लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा। कमलनाथ ने लोकसभा चुनाव तैयारियों का खाका पेश करते हुए बताया कि कैसे राज्य में सीटवार लड़ा जाएगा। कमलनाथ ने कहा समीक्षा के लिए उम्मीदवारों के साथ बैठक की है। 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। लोस चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है।

उपलब्धि

कुनकुरी विस सीट से हैं विधायक, 25 हजार मतों से जीते थे

संघ के बेहद करीबी है छग के सीएम विष्णुदेव

एजेंसी। रायपुर

भारतीय जानता पार्टी ने विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुना है। साय कुनकुरी विधानसभा सीट से विधायक हैं, वह 25 हजार मतों से जीते थे। कुनकुरी से आने वाले विष्णुदेव साय आदिवासी समाज से आते हैं। वह चार बार सांसद दो बार विधायक केंद्रीय राज्य मंत्री और दो बार प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। साल 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद उन्हें केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया था। कुनकुरी से आने वाले विष्णुदेव साय आदिवासी समाज से आते हैं। भाजपा ने साल 2020 में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया था। छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री बनने वाले विष्णुदेव साय चार बार सांसद, दो बार विधायक, केंद्रीय राज्य मंत्री और दो बार प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा उन्हें संगठन में काम करने का अच्छा खासा अनुभव है।

रमन सिंह के भी काफी करीबी हैं सोय: साय की गिनती संघ के करीबी नेताओं में भी होती है। वह पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बेहद करीबी भी माने जाते हैं। साल 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद उन्हें केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया था। मालूम हो कि राज्य में अजित जोगी के बाद कोई भी दूसरा आदिवासी समुदाय से मुख्यमंत्री नहीं बना था।

किसान परिवार में हुआ था जन्म : विष्णु देव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी स्थित लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है। साय का राजनीतिक कैरियर सरपंच के तौर पर शुरू हुआ। जहां वे बगिया गांव के निर्विरोध सरपंच चुने गए।

दो बार रह चुके हैं प्रदेश अध्यक्ष : विष्णु देव साय को साल 2006 में छत्तीसगढ़ का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। वहीं, 2011 में वे दोबारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए। 8 जुलाई 2023 को उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति का सदस्य बनाया गया।

राजनीतिक परिवार से आते हैं विष्णुदेव साय

मालूम हो कि राज्य के होने वाले अगले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके दादा स्वर्गीय बुधनाथ साई 1947 से 1952 तक मनोनीत विधायक थे। उनके बड़े पिता जी यानी उनके पिता के बड़े भाई स्वर्गीय नरहरि प्रसाद साई जनसंघ के सदस्य थे और 1962-67 और 1972-77 तक दो बार विधायक रहे। वह 1977-79 तक एक बार संसद के रूप में भी चुने गए और जनता पार्टी सरकार में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया।

FILMY हलचल

एआर रहमान ने दुबई में अपने आवास पर किया कीर्तन का आयोजन

दुबई में अपने आवास पर ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान ने हाल ही में हरे कृष्णा कीर्तन का आयोजन रखा। इस कार्यक्रम का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। क्लिप में रहमान को उपस्थित लोगों के एक बड़े समूह के साथ भगवान कृष्ण को समर्पित भक्ति गीतों का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। क्लिप में संगीतकार को मुस्कुराते हुए और भजन की मधुर धुन पर धीरे से अपना सिर हिलाते हुए भी दिखाया गया है। वीडियो संभवतः उनके घर के लिविंग रूम में कैप्चर किया गया था और इसमें एआर रहमान के साथ बड़ी संख्या में लोगों को शामिल होते देखा जा सकता था। हाल ही में रहमान सोशल मीडिया पर तब चर्चा में आए, जब उन्होंने चक्रवात मिचौंग के दौरान हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग पीरियड फिल्म 'पिप्पा' के गाने 'मैं परवाना' का प्रचार किया। चक्रवात मिचौंग ने दक्षिण भारतीय तटीय शहरों को तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश से तबाह कर दिया, जिससे बाढ़ आ गई और कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई।

बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'सैम बहादुर' का जलवा बरकरार

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल की फिल्म "सैम बहादुर" दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। "सैम बहादुर" ने रिलीज के पहले दिन अच्छी कमाई की थी। पहले दिन फिल्म ने 6.25 करोड़ की कमाई की थी और 9वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए हुए है। "एनिमल" की सुनामी के बीच भी "सैम बहादुर" बॉक्स ऑफिस पर डटी हुई है। "सैम बहादुर" रिलीज से पहले ही चर्चा में आ गई थी। फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। "सैम बहादुर" के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने पहले दिन 6.25 करोड़ का कलेक्शन किया था। विक्की कौशल की फिल्म ने पहले 8 दिनों में 42.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। अब नौवें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। इंडस्ट्री ट्रैकर "सैक्निल्क" की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, "सैम बहादुर" ने दूसरे शनिवार को 6.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।